# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, शनिवार 22 नवम्बर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 185 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित




मैक्सिको की फातिमा बॉश के सिर सजा मिस यूनीवर्स का ताज

## कोयला तस्करी : झारखंड-बंगाल में 25 ठिकानों पर ईडी के छापे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची/कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल और झारखंड में एक साथ बड़ी कार्रवाई की। कोलकाता, उत्तर 24 परगना, आसनसोल, दुर्गापुर, हावड़ा, पुरुलिया और झारखंड के धनबाद सहित कुल 25 स्थानों पर छापेमारी शुरू की। सुबह छह बजे के बाद अचानक कई इलाकों में ईडी की गाड़ियां पहुंचीं और केंद्रीय सुरक्षा बलों ने घरों और दफ्तरों को घेरकर तलाशी लेनी शुरू कर दी। ईडी की यह पूरी कार्रवाई कोयला तस्करी और बीसीसीएल से जुड़े टेंडर घोटाले की जांच के तहत की जा रही है। एजेंसी को लंबे समय से जानकारी मिल रही थी कि कोयला परिवहन और आपूर्ति से जुड़े कुछ कारोबारी और ठेकेदार अवैध आय को वैध दिखाने के लिए फर्जी कंपनियों (शेल कंपनियों) और संदिग्ध बैंक खातों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कोलकाता के अलीपुर और तपसिया इलाके में 2 ठिकानों पर एजेंसी के अधिकारियों ने दबिश दी। उत्तर 24 परगना के सल्टलेक सेक्टर-2 और एके ब्लॉक में 2 कारोबारियों के ठिकानों पर तलाशी शुरू की। हावड़ा के सलप मोड़ इलाके में भी एक कारोबारी के आवास और दफ्तर की तलाशी चल रही है। ईडी अधिकारियों का कहना है कि इन लोगों का प्रत्यक्ष या परोक्ष संबंध कोयला आपूर्ति और संबंधित ठेकों से है। एजेंसी को शक है कि इन्हीं नेटवर्क के माध्यम से करोड़ों रुपए की अवैध रकम विभिन्न बैंक खातों में भेजी गयी थी। कोलकाता और हावड़ा में जब्त किये गये दस्तावेजों



में लेन-देन से जुड़े कई अहम कागजात मिले हैं, जिन्हें एजेंसी ने अपने कब्जे में ले लिया है। झारखंड के धनबाद में 12 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की गयी है। यहां बीसीसीएल से जुड़े बड़े ठेकेदार एलबी सिंह के कार्यालय और कारोबारी प्रतिष्ठान प्रमुख हैं। आयकर विभाग ने पहले भी उनके यहां छापा मारकर भारी मात्रा में नकदी मिलने का दावा किया था। उसी कार्रवाई के दस्तावेज अब ईडी की जांच का आधार बने हैं। एजेंसी यह जानने की कोशिश कर रही है कि कथित अवैध कमाई आखिर कहां भेजी गयी और इस लेन-देन में कौन-कौन शामिल थे। धनबाद में मिले डिजिटल रिकॉर्ड की फॉरेंसिक जांच करायी जायेगी। जांच से जुड़े सूत्रों ने बताया कि कोयला तस्करी और टेंडर घोटाले की कड़ियां कई लोगों से जुड़ी है। इसलिए वकील शेख मनोवर आलम से जुड़े एक ठिकाने पर भी छापेमारी की गयी है। ईडी को उम्मीद है कि यहां से ऐसे दस्तावेज मिल सकते हैं, जो कथित मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क को समझने में मदद करेंगे। अधिकारियों का मानना है कि लेन-देन को कानूनी रूप देने के लिए कुछ लोगों ने सलाहकारों और वकीलों की मदद ली थी। इसलिए उनके ठिकानों पर भी कार्रवाई जरूरी थी। हाल में अदालत में दाखिल रिपोर्ट में भी ईडी ने संकेत दिया था कि जांच के दौरान कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों की भूमिका सामने आयी है, जिन्हें बहुत जल्द पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है। उसी रिपोर्ट के कुछ दिनों बाद इतनी व्यापक छापेमारी से यह साफ होता है कि एजेंसी जांच के अंतिम चरण में पहुंच रही है और अब सीधे उन ठिकानों पर जोर दे रही है जहां वित्तीय रिकॉर्ड और लेन-देन के ठोस प्रमाण मिलने की संभावना है। अभियान में लैपटॉप, हार्ड डिस्क, पेन ड्राइव और कई फाइलें जब्त की गयीं हैं। कुछ स्थानों से नकदी मिलने की भी खबर है। हालांकि एजेंसी ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर राजभवन से निकली सरदार @150 पदयात्रा

## विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम : गंगवार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को राजभवन के मुख्य द्वार से ओटीसी ग्राउंड तक आयोजित 'यूनिटी मार्च-एक भारत, आत्मनिर्भर भारत' में शामिल होकर प्रतिभागियों के मनोबल को बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी, आधुनिक भारत के शिल्पकार एवं देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री 'लौहपुरुष' भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित यह पदयात्रा राष्ट्रीय एकता और सेवा भावना का प्रेरक प्रतीक है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को इस पदयात्रा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि सरदार पटेल जी ने भारत की 562 रियासतों का विलय कर अखंड भारत की नींव रखी, जो



उनकी अद्वितीय दूरदृष्टि, साहस और राष्ट्रनिष्ठा का उदाहरण है। उनका संदेश सदैव यही रहा है कि एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने यह भी कहा कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा 'माई भारत' द्वारा सरदार पटेल की 150वीं जयंती वर्षगांठ को एक जन-आंदोलन के रूप में मनाया जाना अत्यंत सराहनीय पहल है। राज्यपाल ने कहा कि देशभर में आयोजित पदयात्राएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबंध और क्विज़ प्रतियोगिताएं, 'एक था सरदार' पॉडकास्ट तथा राष्ट्रीय रील प्रतियोगिता जैसी गतिविधियाँ युवाओं में राष्ट्रभावना को प्रबल करेंगी। उन्होंने कहा कि एनएसएस, स्काउट्स एवं गाइड्स, माई भारत वॉलंटियर्स और विभिन्न शिक्षण संस्थानों के हजारों छात्र-छात्राओं की उत्साही भागीदारी यह दर्शाती है कि युवा वर्ग राष्ट्र निर्माण के प्रति पूर्णतः समर्पित है। राज्यपाल ने कहा कि देश का भविष्य युवाओं की एकजुटता, संकल्प और चरित्र पर आधारित है और विकसित भारत के निर्माण में उनकी अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' जैसी पहल की गई हैं, और इसी क्रम में राजभवन, झारखंड द्वारा सभी राज्यों के स्थापना दिवस समारोह आयोजित किए जाते हैं और संबंधित राज्य के नागरिकों को आमंत्रित किया जाता है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को स्वदेशी अपनाने और नशामुक्ति हेतु शपथ दिलाई।

## बिहार में वोट चोरी के सहारे बनी एनडीए सरकार : दीपिका पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** बिहार विधानसभा चुनाव में मिली एनडीए को बड़ी जीत पर झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। साथ ही उन्होंने एसआइआर के मुद्दे पर भी बयान दिया है। बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को मिली करारी हार पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने पहले ही बता दिया था कि कैसे वोट की हेराफ़ेरी होती है। उन्होंने कहा कि चुनाव के एन वक्त पहले एसआइआर लागू कर 65 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए। यह महागठबंधन को मिली हार का सबसे बड़ा कारण रहा। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने अध्ययन कर पहले ही बता दिया था कि कैसे वोट की चोरी होती है और आज यह साबित भी हुआ है। उन्होंने कहा कि आज बिहार में वोट चोरी कर



सरकार बनी है। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि एसआइआर चुनाव आयोग की एक प्रक्रिया है। हमलोग इसका विरोध नहीं कर रहे हैं बल्कि यह सही ढंग से हो यह हमारी मांग है। उन्होंने कहा कि जिस तरह केंद्र के दबाव में चुनाव आयोग काम कर रहा है हमलोग इस बात का विरोध कर रहे हैं। एक सवाल से जवाब में उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार में राज्य के हर जिले का विकास होगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा की भी तस्वीर बदल रही है।

## देवघर के अट्ठा मटन व सरायकेला की हल्दी को मिलेगी इंटरनेशनल पहचान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड बनने के बाद से सिर्फ सोहराई पेंटिंग को ही जीआइ टैगिंग मिल पाई है। अब, राज्य में कृषि और ग्रामीण इलाकों के विकास के विकास के लिए समर्पित संस्था नाबार्ड ने झारखंड के नौ अद्भुत और सर्वोत्तम प्रोडक्ट्स के लिए जीआइ टैगिंग हासिल करने की अपनी योजना के तहत सभी प्रोसेस पूरे कर लिए हैं। जरूरी डॉक्यूमेंट्स भी सेंट्रल एजेंसी को जमा कर दिए गए हैं। नाबार्ड झारखंड ने जीआइ टैगिंग के लिए जो नौ प्रोडक्ट्स जमा किए हैं, उनमें देवघर का मशहूर अट्ठे मटन और सरायकेला खरसावां के आदिवासी किसानों द्वारा उगाई जाने वाली अधिक करक्यूमिन रसायन वाली हल्दी शामिल है। नाबार्ड झारखंड की मुख्य महाप्रबंधक दीपमाला घोष ने बताया कि अब तक सिर्फ एक प्रोडक्ट, सोहराई पेंटिंग को ही जीआइ टैग मिला है। उन्होंने आगे कहा कि इस साल, नाबार्ड की पूरी कोशिश है कि झारखंड के कम से कम आठ से नौ बेहतरीन और अनोखे प्रोडक्ट्स को जीआइ टैग मिलें। अट्ठा मटन (देवघर)-अट्ठा मटन बाबा नगरी देवघर की एक खास डिश है। यह मटन पूरी तरह से शुद्ध घी में पकाया जाता है, इसमें पानी नहीं डाला जाता है, और इसे खास तौर पर लोहे की कड़ाही में पकाया जाता है। लहसुन या प्याज न होने के बावजूद, यह मटन जब बनता है तो अपने तेज स्वाद और रसीले टेक्सचर से सभी मटन पसंद करने वालों का दिल जीत लेता है। कुचाई हल्दी-झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले की लाल लैटेराइट मिट्टी में उगने वाली एक खास तरह की देसी हल्दी के लिए जीआइ टैग पाने की कोशिशें चल रही हैं। अपने ज्यादा करक्यूमिन कंटेंट, चमकीले रंग और खुशबूदार गुणों के लिए जानी जाने वाली यह हल्दी अपनी क्वालिटी में अनोखी है और इसे आदिवासी किसान ऑर्गेनिक तरीके से उगाते हैं।

## झारखंड में बदलेंगे टेंडर के नियम : वित्त मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में सेवा अधिकार सप्ताह के मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि झारखंड में टेंडर का नियम बदल जाएगा। टेंडर के नियम में बदलाव का मामला कैबिनेट में उठाया जाएगा। न्यूनतम बोली 10 प्रतिशत ही नीचे जा सकती है। इस बात की घोषणा उन्होंने पलामू के लेस्लीगंज में की है। दरअसल पलामू से ही पूरे झारखंड में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सेवा अधिकार सप्ताह की शुरुआत हुई है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कार्यक्रम के दौरान केंद्र सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार नवंबर तक झारखंड को मिलने वाले 30 करोड़ रुपए की अनुदान राशि नहीं दे रही है। जल नल योजना के लिए 12 हजार 600 करोड़ का बजट था। झारखंड सरकार ने 6300 करोड़ दे दिया है लेकिन केंद्र सरकार ने योजना की राशि देने से



इनकार कर दिया है। वित्त मंत्री ने अधिकारियों की कार्यशाली पर बोलते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की तरह ही अधिकारियों को संवेदनशील होकर कार्य करना पड़ेगा। पलामू का इलाका नक्सल प्रभावित है, कार्यशाली से मन भटक सकता है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया कि हेमंत सोरेन सरकार संवेदनशीलता के साथ सभी वर्ग के लिए कार्य कर रही है। यह संवेदनशीलता सभी सरकार में होनी चाहिए। शासन व्यवस्था अंचल, प्रखंड और अंचल में ऐसे ही चलता है लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार सीधे लोगों से बात कर उनकी समस्या का समाधान कर रही है। इससे पहले झारखंड में ऐसी व्यवस्था नही थी। आज का कार्यक्रम सिर्फ औपचारिकता के लिए नहीं है बल्कि रिजल्ट जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी आवेदन को संकलित कर समस्या का समाधान करें। जनप्रतिनिधि का दायित्व है कि इस तरह के मंच पर अपनी समस्या को रखें। इस मौके पर बोलते हुए स्थानीय विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि मनातू में तीन सालों से कोई बीडीओ नहीं है, तरहसी में सीओ नहीं है, लेस्लीगंज में अंचल की स्थिति दयनीय है। अंचल अधिकारी चाय पिलाते हैं लेकिन क्या काम करते हैं? सबको पता है और ऊपर से बोलते हैं कि हमारा यहां से ट्रांसफर करवा दीजिए। प्रभार वाली पोस्ट को हटाकर नियुक्ति करें। विधायक ने कहा कि इस समय ज्वलंत मुद्दा धान की खरीद है, अभी तक धान की खरीद शुरू नही हुई है। किसान बिचौलिया को धान बेचने पर मजबूर हैं। ढुब छत्तरपुर पुल की जांच लंबित है। 2023 में मुख्यमंत्री ने जांच के आदेश दिए थे लेकिन जांच शुरू ही नही हो सकी है। पांकी इलाके में डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने की।

## शहीदों के परिजनों को मिलेगा विशेष सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर देश की सीमा की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त होने वाले और राज्य के नक्सल अभियान में शहीद हुए झारखंड के वीर सपूतों के परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। शहीदों के आश्रितों को विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। झारखंड वीरों की भूमि रही है। चाहे नक्सल अभियान हो या फिर देश की सीमा की रक्षा की बात, झारखंड के वीर जवान दोनों ही जगह बलिदान देकर भी देश और राज्य की रक्षा करते हैं। ऐसे में राज्य सरकार का दायित्व है कि वह शहीदों के परिजनों का भी विशेष ख्याल रखे। शहीदों को सम्मान देने के लिए ही झारखंड विधानसभा के 25वें स्थापना दिवस पर एक विशेष आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में देश के लिए वीरगति प्राप्त होने वाले 16 जवानों के परिजनों को झारखंड विधानसभा में सम्मानित किया जाएगा। झारखंड विधानसभा द्वारा जारी किए गए पत्र में यह बताया गया है कि गृह कार्य आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्राप्त सूची में वर्णित शहीद सैनिक और अर्धसैनिक बल और राज्य पुलिस के आश्रितों को झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष द्वारा 22 नवंबर को विधानसभा में सम्मानित किया जाएगा। सभी शहीद के परिजनों को झारखंड विधानसभा की 25वें स्थापना दिवस समारोह को लेकर 22 नवंबर को विधानसभा परिसर में सादर आमंत्रित किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि समारोह स्तर तक पहुंचाने और वापस ले जाने की व्यवस्था बेहतर तरीके से सुनिश्चित करवाई जाए।

## नवनिर्वाचित विधायक सोमेश ने ग्रहण की विस की सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** घाटशिला उपचुनाव में जीत दर्ज करने वाले नवनिर्वाचित जेएमएम विधायक सोमेश चंद्र सोरेन ने आज विधानसभा की सदस्यता ग्रहण की। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने अपने कार्यालय कक्ष में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। घाटशिला उपचुनाव में जीत के बाद पहली बार झारखंड विधानसभा पहुंचे सोमेश चंद्र सोरेन के सदस्यता ग्रहण के दौरान जेएमएम के वरिष्ठ नेता स्टीफन मरांडी और घाटशिला से आए बड़ी संख्या में समर्थक भी मौजूद थे। इस मौके पर स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने कहा कि पिछले दिनों हुए घाटशिला में उपचुनाव कठिन भी था और जटिल भी था और संयोग से जनता जनार्दन का समर्थन सोमेश चंद्र सोरेन को मिला है। उन्होंने सोमेश चंद्र सोरेन को बधाई देते हुए



कहा कि वे राजनीतिक जीवन में सफल हों इसकी कामना करता हूं। इस मौके पर मीडिया से बातचीत में नवनिर्वाचित विधायक सोमेश चंद्र सोरेन ने घाटशिला की जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस जीत का श्रेय मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, राज्य सरकार के मंत्रियों के अलावे महागठबंधन के सभी नेताओं को देना चाहता हूं। उन्होंने अपने दिवंगत पिता रामदास सोरेन को याद करते हुए कहा कि मैं उम्मीद करता हूं आप लोगों के सहयोग से मैं बाबा के सपनों को जरूर पूरा करने में सफल होंगे। गौरतलब है कि रामदास सोरेन के असामयिक निधन के बाद खाली हुए इस सीट पर बीते 11 नवंबर को उपचुनाव हुआ था जिसमें एक बार फिर जेएमएम ने इस सीट पर जीत दर्ज करने में सफल हुआ। जेएमएम प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन ने भारी मतों से बीजेपी प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को हरा दिया।

### संक्षिप्त समाचार

#### सेप्टिक टैंक से सैलून संचालक का शव बरामद

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले में चैनपुर थाना अंतर्गत पनेरीबांध के इलाके में निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक टैंक से सैलून संचालक का शव बरामद हुआ है। सैलून संचालक की हत्या कर शव को सेप्टिक टैंक में फेंक दिया गया। सैलून संचालक सुदामा ठाकुर को गला दबाकर और पत्थर कूचकर हत्या की गई है। सुदामा ठाकुर पाटन थाना क्षेत्र के सचदेवा का रहने वाला था और फिलहाल चैनपुर थाना क्षेत्र के पनेरीबांध के इलाके में रहता था। जबकि विवेकानंद चौक पर सैलून का संचालन करता था।

#### प्रेम प्रसंग के शक में नाबालिग की हत्या

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** सदर थाना क्षेत्र में ऑनर किलिंग का दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। प्रेम प्रसंग के शक में परिजनों ने 17 वर्षीय किशोरी की बेरहमी से पिटाई की जिससे उसकी मौत हो गई। घटना को छिपाने के लिए परिजनों ने शव को तुरंत जलाने की कोशिश की लेकिन सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई और जलती चिता से शव बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में 17 वर्षीय किशोरी को परिजनों ने एक युवक के साथ देख लिया। आक्रोशित परिजनों ने किशोरी को घर में एक कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा। पिटाई इतनी बेरहम थी कि कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई।

#### हाथियों ने बुजुर्ग को कुचला, मौत

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के भरनो प्रखंड स्थित जतरगड़ी, नदीटोली होते हुए सुपा गांव में शुक्रवार को 18 जंगली हाथियों का एक झुंड प्रवेश कर गया, जिसमें कुछ बच्चे भी शामिल हैं। हाथियों के आने से ग्रामीण काफी चिंतित और भयभीत हैं। हाथी ने बुजुर्ग को कुचल दिया जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मोरगांव निवासी ललकू उरांव के रूप में की गई है।

#### शिक्षक दंपति के घर डकैती

**मेदिनीनगर (नबिटा ब्यूरो)।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही के मुगलजान टोला में गुरुवार देर रात लगभग 15 हथियारबंद डकैतों ने सरस्वती शिशु मंदिर, जपला के शिक्षक मृत्युंजय मेहता और उनकी पत्नी पारा शिक्षिका अनिता देवी को बंधक बना लिया। बदमाशों ने घर में चार घंटे तक उत्पात मचाया और नगदी, सोने-चांदी के आभूषण सहित अन्य कीमती सामान लूट लिए। डकैत शुक्रवार अहले सुबह घर से फरार हो गए।

#### ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**चतरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र की धनगड्डा घाटी में बीती रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान केरेडारी थाना क्षेत्र के जोरदाग गांव निवासी सुरेन्द्र कुमार के रूप में हुई है।


बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

आवश्यकता

1. बोकारो जिला मुख्यालय के अलावा प्रत्येक प्रखंड के लिए संवाददाता चाहिए।
2. नवबिहार टाइम्स के बोकारो कार्यालय के लिए उप सम्पादक/कार्यालय संवाददाता की आवश्यकता है। हिन्दी में समाचार लिखने और समाचार की समझ रखने वाले अनुभवी संवाददाता ही सम्पर्क करें। मानदेय-योग्यतानुसार।
3. बोकारो कार्यालय के लिए एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी की आवश्यकता है। बोकारो, चास या आस-पास का ही निवासी होना अनिवार्य है

सम्पर्क करें:-

7295863300/8210783623

'नवबिहार टाइम्स' कार्यालय, 31 कॉपरेटीव कॉलोनी बोकारो (झारखण्ड) मो0- 7004247547/6206165107

E-mai : nbtimesbihar@gmail.com


C M Y K

# जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष का आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जनता से आह्वान

## सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का उठायें लाभ : संजय सिंह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार का महत्वपूर्ण अभियान सेवा अधिकार सप्ताह प्रारंभ आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के माध्यम से सरकार योजनाओं का लाभ देने जनता के द्वार आई है, गरीब, युवा, महिला, किसान इसका लाभ लें। उक्त बातें जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष संजय सिंह ने कही। वे शुक्रवार को गिरिडीह प्रखंड के पतरोडीह और नगर भवन में सेवा अधिकार सप्ताह के उद्घाटन कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को जाति, आय, आवासीय, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, जन्म प्रमाणपत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने, जमीन का दाखिल खारिज, भूमि की मापी, आनलाइन रसीद, नया राशनकार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन तथा सेवा का अधिकार कानून 2011 से जुड़े अन्य कार्य के लिए आवेदन दें और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठायें। उन्होंने अधिकारियों को कडा निर्देश देते हुए कहा कि शिविरों में आये आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही करें , जो शिविर में नहीं हो सकता उसे एक टाइमलाईन के अंदर करें। सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का यह विजन है कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ गरीबों को मिले और वो आर्थिक रूप से सशक्त हों। जिला प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि झामुमो जिला अध्यक्ष ने झामुमो के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को पंचायत और नगर निगम क्षेत्र के शिविरों में भाग लेकर लोगों को सहयोग करने की अपील की है। गिरिडीह प्रखंड के पतरोडीह पंचायत के पंचायत सचिवालय में प्रखंड प्रमुख, बीडीओ, सीओ, गिरिडीह प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष प्रधान मुर्मू, दिलीप रजक, राहुल कुमार सिंह, शंकर दास, प्रखंड सचिव मो सरफुद्दीन, सुरेन्द्र दास, राजू दास और नगर भवन में आपकी योजना में उप नगर आयुक्त, झामुमो के युवा नेता सुमित कुमार, मेहताब मिर्जा, वार्ड पार्षद कमल सिंह , टिंकू केसरी सहित कई लोग मौजूद थे। दोनों जगहों पर प्रखंड, अंचल, उद्योग, बिजली , नियोजनालय, मनरेगा, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी कर्मचारी लोगों की सेवा के लिए तैनात थे। कार्यक्रम में कई लोगों के पेंशन की स्वीकृति, अबुआ आवास की स्वीकृति , मनरेगा जॉब कार्ड आदि का वितरण किया गया । शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को लाभान्वित किया गया ।

# अपने गृह जिले के निकटवर्ती प्रखंडों में पदस्थापन यथाशीघ्र किया जाय : जेएसएलपीएस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ जिला इकाई सम्बद्ध झारखण्ड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करके पलाश जेएसएलपीएस झारखंड राज्य आजीविका4 संवर्धन सोसाइटी में कार्यरत कर्मियों के हित में 06 सूत्री मांग हेतु उल्लेख किया गया है। लिखा है कि पलाश जेएसएलपीएस के अंतर्गत कार्यरत कर्मियों के हितों एवं उनकी वर्तमान परिस्थितियों के संदर्भ में लंबे समय से माँगे सतत तरीके से की जा रही है और अभी अपेक्षित है, पलाश के कर्मी राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन एवं महिला सशक्तिकरण हेतु सतत प्रयासरत रहते रहे हैं।

पलाश के कर्मी राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन एवं महिला सशक्तिकरण तथा इन सभी कार्यो का पूर्णतः जिम्मेदारियों का वहन करते हुए सरकार के अन्य योजनाओं एवं सौंपे गए जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वाहन करते हुए आ रहे है।हम कर्मी सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू कर वंचितों तक सुविधाएं पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं परंतु अपनी आजीविका की नैया डूबते जा रही। जेएसएलपीएस में एल-5 से एल-8 वर्ग के कर्मियों के हित में,झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ मांगों की प्रस्तावना करता है जिसमें एनएमएमयू पॉलिसी लागू करना केंद्र सरकार के आदेश अनुसार सभी राज्यों को 2024 के अंत तक एनएमएमयू पॉलिसी लागू करना करना था जो अभी तक नही हुआ हैं जिसे अतिशीघ्र बिना काट छाँट हुबहु अक्षरशः लागू करने की कृपा की जाए ताकि इस महंगाई के दौर पर हम सभी कर्मचारियों कुछ आर्थिक सहयोग मिल पाए। पलाश जेएसएलपीएस को सोसाइटी एक्ट से खत्म करते हुए आजीविका कर्मियों को राज्य कर्मी का दर्जा दिया जाय एवं राज्य कर्मियों की भाँति अन्य सभी सुविधाएं दिया जाय। जेएसएलपीएस के स्तर-05 से स्तर-08 के कर्मियों को वरीयता अनुभव एवं योग्यता के आधार पर उच्चस्तरीय पदों पर आंतरिक प्रोन्नति का मार्ग प्रसस्त किया जाय।पलाश जेएसएलपीएस कर्मियों का एचआर मैन्युअल के अनुसार 10 फीसदी के दर से वार्षिक वेतन वृद्धि प्रतिवर्ष स्वचालित हो ये सुनिश्चित किया जाय। स्तर 7 से स्तर 8 के छूटे हुए कर्मियों को पुनः अपने गृह जिले के निकटवर्ती प्रखंडों में पदस्थान यथाशीघ्र किया जाय।सभी कर्मियों को उनके गृह जिले के निकटवर्ती प्रखण्ड में पदस्थापना का स्थाई नीति प्रवधानिक किया जाय।पलाश जेएसएलपीएस के सभी एफटीई कर्मचारियों का सैलरी एसएनए स्पर्श में एडमिन कॉस्ट के लॉगिन आईडी से किया जाय। लिखा है कि जेएसएलपीएस प्रबंधन एवं सरकार के द्वारा पिछले कई वर्षो से दिया जा रहा है आश्वासन परंतु अभी तक एक भी मांगों को पूर्ण नहीं किया गया है।

## हरली पंचायत भवन में विस्थापितों संग सांसद का संवाद

# पुलिसिया ज्यादती और भूमि संकट पर फूटा दर्द



नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** बड़कागांव दौरे के क्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधानसभा के विधायक रोशन लाल चौधरी हरली पंचायत भवन पहुंचे, जहाँ उन्होंने एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू और अडानी कोल माइंस प्रभावित करीब एक दर्जन गांवों के विस्थापितों से सीधा संवाद किया। बैठक में गोंदलपुरा, बादम, हरली, महुगाई, अंबाजीत, बाबूबल्या, मोतरा, चंदौल आदि गांवों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विस्थापितों ने सांसद के समक्ष साफ कहा कि उनकी भूमि पूरी तरह कृषि आधारित है और वे किसी कीमत पर अपनी जमीन कंपनियों को नहीं देना चाहते। लोगों ने बताया कि 7 नवंबर को आयोजित विस्थापन महापंचायत के बाद क्षेत्र में पुलिस की मनमानी, दबाव और ज्यादती बढ़ गई है, जिसके कारण लोग खौफ के साए में जी रहे हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने

- ‘आपकी आवाज दिल्ली तक पहुंचाऊंगा, कमेटी बनाकर साथ चलिए’: सांसद मनीष जायसवाल
- विधायक रोशन लाल राजनीति से ऊपर उठकर लड़ें विस्थापन की लड़ाई

विस्थापितों की समस्या सुनने के बाद उन्हें पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे स्वयं विस्थापन की पीड़ा से परिचित हैं और इस मुद्दे को जल्द ही संसद व दिल्ली के संबंधित मंत्रालयों में उठाएंगे। उन्होंने विस्थापितों से एक प्रतिनिधिमंडल गठित करने को कहा, जिसे वे खुद दिल्ली लेकर जाएंगे और मंत्री व सचिव से मिलवाकर क्षेत्र की समस्या सीधे रखवाएंगे। सांसद ने कहा कि आने वाले लोकसभा सत्र या बजट सत्र में विस्थापन का मुद्दा जरूर उठाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जिन मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है, उसके दस्तावेज उन्हें सौंपें—वह संबंधित अधिकारियों से बात कर जायज मामलों में राहत दिलाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि क्षेत्र में किसी प्रकार की पुलिस ज्यादती होती है तो वह तुरंत कड़ी कार्रवाई कराएंगे। विधायक रोशन लाल चौधरी ने विस्थापन महापंचायत की सराहना करते हुए कहा कि विस्थापन के खिलाफ यह संघर्ष राजनीति से ऊपर उठकर लड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों से वे लगातार जनता के बीच रहे हैं और जनता का भरोसा कभी नहीं टूटने देंगे। विधायक ने कहा—‘जरूरत पड़ी तो पद से इस्तीफा दे देंगे, लेकिन आपका साथ नहीं छोड़ेंगे।’ बैठक में सांसद व विधायक के अलावा भाजपा के अनेक पदाधिकारी, प्रतिनिधि और क्षेत्र के कई सम्मानित लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व बड़कागांव आगमन पर सांसद मनीष जायसवाल का कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया।

# बदवारा में सेवा अधिकार शिविर में उमड़ी भीड़, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र से लेकर पेंशन तक के मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती बदवारा पंचायत सचिवालय में सेवा अधिकार सप्ताह के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रमुख मीना देवी, बीडीओ सुनील कुमार मुर्मू, सीओ अमीर हमजा एवं स्थानीय मुखिया अनिता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की शिविर में बीडीओ ने बताया कि राज्य सरकार सेवा की गारंटी अधिनियम 2011 के तहत ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त कर मौके पर ही उनकी समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया जा रहा है।



जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन, तथा जमीन के दाखिल-खारिज से जुड़े आवेदनों की ऑनलाइन प्रविष्टि कर ऑन द स्पॉट निष्पादन का प्रयास किया गया। इसके साथ ही विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु लोगों को जागरूक कर उनसे आवेदन लिए गए हालांकि मुख्यमंत्री मइया सम्मान योजना के लिए आए दूरदराज की महिलाओं को निराश होकर लौटना पड़ा, क्योंकि इस योजना से संबंधित आवेदन शिविर में स्वीकार नहीं किए गए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाए गए थे, जहां सुबह से ही महिला-पुरुषों की भारी भीड़ लगी रही मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रघुनंदन कुशवाहा, बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष नुनूराम किष्कु, प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव, एमओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रूबी कुमारी, बीटीएम रजनीश कुमार, खुर्शीद अनवर हादी, मो. जैनूल अंसारी सहित कई पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद थे।

# जमीन के नाम पर 10 लाख ठगने वाला आरोपी नोएडा से गिरफ्तार, भेजा गया जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण हजारीबाग।** जगदीशपुर पंचायत के बेला निवासी समाजसेवी अनिल सिंह से जमीन दिलाने के नाम पर 10 लाख रुपये की ठगी करने वाले आरोपी बीरबल साव (पिता स्व. चरण साव), निवासी मयूरहंड, को चौपारण पुलिस ने नोएडा (दिल्ली NCR) से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने बताया कि आरोपी चौपारण थाना कांड संख्या 34/25 का प्राथमिक अभियुक्त था और लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।

- समाजसेवी अनिल सिंह से रकम लेकर तीन वर्षों से था फरार

पीड़ित अनिल सिंह ने बताया कि बीरबल ने मयूरहंड में जमीन दिलाने के नाम पर उनसे 10 लाख रुपये लिए थे। लेकिन जमीन देने के बजाय बाद में वह रंगदारी मांगने और धमकी देने लगा। कुछ महीने बाद उसने मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया और लगभग तीन वर्षों से फरार था। अंततः पीड़ित ने चौपारण थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज की और आरोपी को दबोच लिया।

## सांसद, विधायक ने हरली में 26 करोड़ की लागत से बनने वाले डिग्री कॉलेज का किया भूमि पूजन

**बड़कागांव हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लिए शुक्रवार का दिन ऐतिहासिक रहा। क्षेत्र की चिर-लंबित मांग और यहां के विद्यार्थियों के सपनों को साकार करते हुए बड़कागांव पूर्वी क्षेत्र के हरली पंचायत स्थित ग्राम हरली में डिग्री कॉलेज के निर्माण कार्य का विधिवत् भूमिपूजन संपन्न हो गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक रोशन लाल चौधरी शामिल हुए और विधिवत् पूजा- अर्चना कर, नारियल फोड़कर, शिलापट्ट का अनावरण कर और ईंट जोड़कर डिग्री कॉलेज का नींव रखा।

# उपायुक्त ने नवोदय विद्यालय, गांडेय का निरीक्षण किया, दिए जरूरी निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** उपायुक्त ने कक्षाओं का निरीक्षण किया और छात्रों से उनकी पढ़ाई, परीक्षा की तैयारियों और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने आज गांडेय प्रखंड अंतर्गत संचालित नवोदय विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विद्यालय की व्यवस्था, शिक्षा की गुणवत्ता और छात्रों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन किया।

इस दौरान उपायुक्त ने विद्यालय में शिक्षा का स्तर कैसा है, और छात्र क्या सीख रहे हैं समेत विभिन्न बिंदुओं की जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा उपायुक्त ने शैक्षणिक गतिविधियां, पेयजल, शौचालय, आधारभूत संरचना, किचेन शेड, बच्चों को मिल रही भोजन की गुणवत्ता आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही विद्यार्थियों की उपस्थिति, साफ-सफाई तथा विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने कक्षाओं का



निरीक्षण किया और छात्रों से उनकी पढ़ाई, परीक्षा की तैयारियों और उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही छात्रों की पढ़ाई में आ रही चुनौतियों की जानकारी लेकर समाधान हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में रखे उपस्थिति पंजी, सामग्री पंजी व अन्य अभिलेखों की भी जांच की। उन्होंने कहा कि बच्चों का समग्र विकास, मानसिक, बौद्धिक व नैतिक सुनिश्चित करना शिक्षकों, अभिभावकों और प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी है। शिक्षा ही वह आधार है जिस पर राज्य और देश का भविष्य टिका है। मौके पर गोपनीय प्रभारी समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# स्कॉलर बीएड कॉलेज गिरिडीह के डीएलएड के प्रशिक्षुओं नें फिर एक बार जिले में लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** कॉलेज कि मोनाली गुप्ता बनी जिला टॉपर स्कॉलर बीएड कॉलेज गिरिडीह केडीएलएड सत्र 2023-2025 की प्रशिक्षु मोनाली गुप्ता ने झारखंड अधिविद्य परिषद द्वारा जारी डीएलएड के परीक्षा परिणाम में 87.78% अंक लाकर गिरिडीह की टॉपर बनने का गौरव हासिल करते हुए कॉलेज तथा गिरिडीह जिला का नाम रौशन किया है।वंही स्कॉलर बीएड कॉलेज गिरिडीह के शत प्रतिशत प्रशिक्षुओं नें प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण किये।

जिसमे जिला और कॉलेज की टॉपर मोनाली गुप्ता के साथ-साथ कॉलेज के टाप टेन छात्रों में द्वितीय स्थान पर 83.85% लाकर पिंकी कुमारी, 82.92% अंक लाकर तृतीय स्थान पर निधी गुप्ता रही, चतुर्थ स्थान पर दीपा कुमारी और संगीता कुमारी,पंचम स्थान पर श्वेतांक शेखर छ्ठे स्थान संजना कुमारी सातवें स्थान पर नीलम कुमारी, आठवें स्थान पर अंकित कुमार, अनुराधा कुमारी नवम स्थान पर अनुराधा कुमारी तथा दशम स्थान पर किरण कुमारी रहीं।

स्कॉलर बीएड कॉलेज के निदेशक गण प्रमोद कुमार, विकास खेतान, ध्रुव संथालिया, जोरावार सिंह सलूजा नें प्रशिक्षुओ को बधाई एवं शुभकामनायें दीं इस दौरान स्कॉलर बीएड कॉलेज की प्राचार्या डॉ शालिनी खोवाला ने प्रशिक्षुओ समेत सभी स्टाफ को बधाई दी व कहा कि ऐसे ही निरंतर प्रतिभाओं को निखारते हुए जिले का नाम शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनाना है वंही इसे लेकर स्कॉलर बीएड कॉलेज की डीएलएड प्रभारी डॉ हरदीप कौर नें डीएलएड के प्रशिक्षुओ की सफलता पर बधाई दीं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की साथ हीं उन्होंने कहा कि इस सफलता का श्रेय कॉलेज के शिक्षकगण की कड़ी मेहनत एवं निरंतर प्रयास को जाता है।

# पर्यावरण समिति की बैठक में शामिल हुए विधायक रोशन लाल चौधरी

## विधायक रोशन लाल ने बड़कागांव व केरेडारी के अंचलाधिकारी के कार्यों पर जताई नाराजगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बड़कागांव हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा में पर्यावरण एवं प्रदूषण समिति की विभागीय बैठक का आयोजन समिति के अध्यक्ष उदय शंकर सिंह के नेतृत्व किया गया। जिसमें पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति के सदस्य विधायक रोशन लाल चौधरी शामिल हुए। जिसे लेकर प्रेस विज्ञप्ति जारी किया।

जिसमें उन्होंने बैठक में बड़कागांव विधानसभा संबंधित विस्थापन प्रदूषण सड़क दुर्घटना विस्थापन की समस्या ग्रामीणों का सही समय पर आय, जाती, आवासीय, मोटेशन एनटीपीसी के द्वारा बिना मुआवजा दिए घरों को तोड़ने के आरोप सहित अन्य समस्याओं को प्रमुखता के साथ रखा। बैठक में रोशन लाल चौधरी ने कहा कि बड़कागांव एवं केरेडारी, प्रखंड के ग्रामीणों के द्वारा लगातार शिकायत मिलता है कि प्रखंड कार्यालय में महीनों महीनों से



आय, जाति, आवासीय,जन्म मृत्यु ,म्यूटेशन आदि प्रमाण पत्रों के लिए ग्रामीणों को इंतजार करना पड़ता है। आगे उन्होंने मौके पर उपस्थित बड़कागांव एवं केरेडारी अंचल अधिकारी को कड़े शब्दों में हिदायत देते हुए कहा कि दिए गए समय सीमा के अनुकूल सभी लोगों का प्रमाण पत्र निर्गत करने का काम करे। आगे उन्होंने दोनों प्रखंड के सीओ से कहा कि सड़क दुर्घटना हो या फिर कंपनी में किसी प्रकार की दुर्घटना जिसमें जो भी वादा रैयत और दुर्घटना में मृत्यु हुई परिजनों से किया जाता है ,उस वादे को समय पर पूरा नहीं किया जाता है। जमीन अधिग्रहण से संबंधित मामले ग्रामीण को साफ-साफ जानकारी मिलना चाहिए। बड़कागांव केरेडारी में विस्थापित हो रहे ग्रामीणों के मकान की पेमेंट के बारे में उन्होंने कहा कि मकान की पेमेंट क्या है यह सरकार तय करेगा ना कि एनटीपीसी खुद से तय करेगा। क्योंकि कंपनी के पदाधिकारी अपने मनमानी तरीके से हमारे ग्रामीणों के घरों को तोड़कर उन्हें सही मुआवजा नहीं देने का काम कर रहे हैं। साथ ही साथ कई ग्रामीणों से यह भी सूचना प्राप्त हुआ है कि बिना मकान का पेमेंट किया मकान तोड़ दिया जा रहा है जो सरासर गलत है। आगे उन्होंने बड़कागांव केरेडारी प्रखंड के लिए कहा कि कोल कंपनियों के आ जाने से बड़कागांव केरेडारी प्रखंड में काफी प्रदूषण बढ़ गया है ।जिससे आम जनमानस को कई गंभीर बीमारियां हो रहा है। इस पर भी जल्द से जल्द कंपनी प्रदूषण नियंत्रण करने का एक ठोस कदम उठाए। अन्यथा कंपनियों के खिलाफ विधि संवत करवाई किया जाएगा।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सप्त शक्ति संगम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बरगंडा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को सप्त शक्ति संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूनम बरनवाल प्रांतीय टोली सदस्य, कुटुम्ब प्रबोधन आर एस एस,स्वाति सिंह जिला संयोजिका, मीरा तिवारी एवं सरिता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया।

अतिथि परिचय पृथा सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन निशा श्रेष्ठ ने किया।इस अवसर पर हम ही मातृ शक्ति हैं गीत बहनों ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी के विजेता महिलाओं को पुरस्कार एवं पूर्व छात्र के दो माताओं और अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। विषय प्रवेश कराते हुए सरिता कुमारी ने कहा कि सप्त शक्ति संगम का लक्ष्य महिलाओं में श्रीमद् भागवत गीता में वर्णित सात शक्तियों कृति श्री वाक स्मृति, मेधा,धृति और क्षमा को जागृत करना है।यह कार्यक्रम महिलाओं को उनके अधिकारों और



कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने,समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाने तथा सांस्कृतिक व पारंपरिक मूल्यों मजबूत करने का प्रयास करना है मुख्य वक्ता मीरा तिवारी ने कहा कि मातृ शक्ति अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अपनी बेटियों एवं बच्चों को अच्छे संस्कार के साथ-साथ स्व का भाव जागृत करें।इसके साथ ही परिवार में पर्यावरण की सुरक्षा,सामाजिक चेतना और स्वच्छता की भावना भी हो -ऐसा प्रयास करना चाहिए। वर्तमान समय में प्राचीन वैवाहिक परंपराओं से लोग दूर होकर पाश्चात्य सभ्यता का अंधानुकरण कर रहे हैं।समाज में पुनः भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं को पुनर्स्थापित करना आवश्यक हो गया है। अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए पूनम बरनवाल ने कहा कि वर्तमान समय में संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर संपूर्ण भारत में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। हमारा घर कैसे शक्तिमय,भक्तिमय व आनंदमय हो-यह चिंतन का विषय है। उपस्थित महिलाएं सप्ताह में कम से कम एक बार परिवार जनों के साथ बैठकर भोजन भजन सत्संग और संवाद करें।परिवार में मधुरता का वातावरण बनाने में महिलाओं कीअहम भूमिका होती है।इसके साथ ही जल संरक्षण हेतु बच्चों को बताना आवश्यक है,अन्यथा आने वाले समय में जल के लिए गृह युद्ध छिड़ जाएगा। स्वाति सिन्हा ने कहा कि उपभोगवाद से दूर रहकर संयमित, सदाचारी,सीमित, मितव्ययी जीवन शैली अपनाने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त दीदी जी का सराहनीय योगदान रहा।

# एनएच पर बढ़ती दुर्घटनाओं के बीच विधायक ने की बरही, चौपारण व पदमा अस्पतालों में अतिरिक्त डॉक्टरों की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही।** विधायक मनोज यादव ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदमा में अतिरिक्त चिकित्सकों की तैनाती की मांग की है। इस संबंध में विधायक ने उपायुक्त को पत्र भेजकर कहा कि यह तीनों स्वास्थ्य केंद्र राष्ट्रीय उच्च पथ (NH) पर स्थित हैं, जहाँ आए दिन सड़क हादसों की संख्या बढ़ती जा रही है।

विधायक ने लिखा कि चिकित्सकों की कमी के कारण आकस्मिक सेवाओं पर भारी दबाव पड़ता है और गंभीर रूप से घायल मरीजों को इलाज देने के

- उपायुक्त को पत्र लिखकर कहा–चिकित्सकों की कमी से आकस्मिक सेवाएँ प्रभावित



बजाय रेफर करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संभावनाओं और मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इन अस्पतालों में अतिरिक्त टइइर डॉक्टरों की तत्काल नियुक्ति बेहद आवश्यक है, ताकि आपातकालीन स्थिति में घायलों का समय पर और बेहतर उपचार संभव हो सके तथा अमूल्य जानें बचाई जा सकें।

विधायक ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि वे स्वास्थ्य विभाग को जिले में डॉक्टरों की गंभीर कमी की जानकारी देकर जल्द से जल्द चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं, जिससे आम जनता को बेहतर और समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

# अफीम खेती की तैयारी का भंडाफोड़ भारी मात्रा में खाद व उपकरण जब्त



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)**। पलामू पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मनातू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम केदल के पश्चिम स्थित लोहरा थाना के जंगल क्षेत्र में चोरी-छिपे जंगल की कटाई कर अवैध अफीम की खेती की तैयारी की जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु त्वरित रूप से एक छापामारी दल का गठन किया गया तथा सशस्त्र बल के साथ पुलिस टीम उक्त स्थान पर पहुंची। मौके पर पुलिस टीम ने देखा कि कुछ लोग खेत में कार्य कर रहे थे। पुलिस को देखते ही सभी व्यक्ति जंगल एवं झाड़ियों की आड़ लेकर फरार हो गए। छापामारी के दौरान स्थल से अवैध खेती में प्रयुक्त सभी सामग्री एवं औजार बरामद किए गए। बरामद सामग्री सामग्री में आठ किलो डीएपी खाद, पांच किलो यूरिया, कीटनाशक दवा, छह कुदाल, दो टांगी, दो सबल, एक विलियर्स मशीन, एक सक्शन पाइप, एक डिलीवरी पाइप, दो पीस रिंच, व एक पेचकस पाया गया। उपरोक्त सभी सामग्री को विधिसम्मत तरीके से जप्त कर लिया गया है। घटना में संलिप्त फरार व्यक्तियों की पहचान एवं नाम-पता लगाने की कार्रवाई जारी है। नाम पता चलने के पश्चात संबंधित व्यक्तियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए वन वाद एवं अन्य सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई लगातार जारी है। उक्त आशय की जानकारी पलामू पुलिस अधीक्षक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है।

# पीवीयूएनएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का भव्य समापन समारोह






नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पतरातु (रामगढ़)**। पीवीयूएनएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 का भव्य समापन समारोह उत्साह, उमंग और पारदर्शिता व निष्ठा के सामूहिक संकल्प के साथ सफलतापूर्वक टाउनशिप में आयोजित किया गया। समारोह में विविध प्रतियोगिताओं के विजेताओं व प्रतिभागियों को सैकड़ों पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनमें कर्मचारियों के आश्रितों के लिए वीडियो वाद-विवाद, कर्मचारियों एवं उनके जीवनसाथियों के लिए रील मेकिंग, निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक तथा लोकनृत्य प्रस्तुतियाँ शामिल थी। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही ऊर्जावान बैगपाइपर प्रस्तुति तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा 'जोहड़ झारखंड' एवं 'सुंदर झारखंड' विषय पर प्रेरक सांस्कृतिक नृत्य। कार्यक्रम में कर्मचारियों, परिजनों, विद्यार्थियों एवं समुदाय के सदस्यों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिसने नैतिक प्रशासन के संकल्प को और सुदृढ़ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पीवीयूएनएल के सीइओ ए.के. सेहगल, अनुपम मुखर्जी, सीजीएम (प्रोजेक्ट), ज़ियाउर रहमान, एचओएचआर तथा स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रेनु सहगल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# देवघर सदर अस्पताल में 'रक्त संकट' इमरजेंसी वार्डद से दो किलोमीटर दूर है ब्लड बैंक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**देवघर**। संथाल परगना का स्वास्थ्य हब देवघर, जहां एक तरफ एम्स और अत्याधुनिक सरकारी व निजी अस्पतालों के दम पर व्यवस्था मजबूत मानी जाती है। वहीं दूसरी तरफ सदर अस्पताल एक ऐसी बुनियादी समस्या से जूझ रहा है, जिसने पूरे सिस्टम की पोल खोल दी है। इमरजेंसी वार्ड से दो किलोमीटर दूर स्थित ब्लड बैंक मरीजों और डॉक्टरों दोनों के लिए सिरदर्द बन चुका है। असल संकट यह है कि देवघर सदर अस्पताल के भीतर ब्लड बैंक की सुविधा अब तक स्थापित नहीं हो पाई है। परिसर के भीतर रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित ब्लड बैंक पर ही निर्भरता है। लेकिन कई मौकों पर वहां भी जरूरी रक्त उपलब्ध नहीं होता, जिससे अस्पताल प्रबंधन को सरकारी ब्लड बैंक तक दौड़ लगानी पड़ती है। यह देरी कई बार गंभीर मरीजों की जान पर भारी पड़ती है।

देवघर सिविल सर्जन डॉ. युगल किशोर चौधरी ने समस्या को स्वीकार करते हुए बताया कि उपायुक्त को औपचारिक पत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि "सदर अस्पताल परिसर में ब्लड बैंक बनाने का अनुरोध किया गया है। डीसी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस पर निर्णय होगा, ताकि आपात स्थिति में तुरंत रक्त उपलब्ध कराया जा सके"।

उधर, रेड क्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक के चेयरमैन जितेश कुमार ने भी प्रशासन को साफ संकेत दिया है कि यदि जिला प्रशासन चाहे तो रेड क्रॉस अपनी जगह खाली कर सकता है। उनका कहना है कि "वर्तमान में जहां रेड क्रॉस सोसाइटी का ब्लड बैंक है, वह जगह भी तत्कालीन डीसी राहुल पुरवार ने आवंटित किया था। यदि प्रशासन नए सिरे से जगह निर्धारित करना चाहे, हमें कोई आपत्ति नहीं"।

सिविल सर्जन ने यह भी कहा कि यदि ब्लड बैंक को अस्पताल परिसर में स्थान मिल जाता है तो ब्लड सेपरेशन यूनिट और ब्लड संग्रह करने की क्षमता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण कदम तुरंत उठाए जा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मुद्दा कई बार प्रशासन के संज्ञान में लाया जा चुका है, उम्मीद है कि जल्द ही संज्ञान भी लिया जाएगा।

देवघर जैसे धार्मिक-पर्यटन जिले में सड़क हादसे और अत्याधुनिक वाहनों के बढ़ते उपयोग से इमरजेंसी मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में ब्लड बैंक का इमरजेंसी विभाग से दो किलोमीटर दूर होना किसी भी लिहाज से उचित नहीं माना जा सकता। जरूरत इस बात की है कि जल्द से जल्द ब्लड बैंक को सदर अस्पताल के भीतर ही स्थापित किया जाए, ताकि हर सेकंड महत्वपूर्ण साबित हो सके।

# बीआरसी में पीबीएल पर कार्यशाला आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां**। प्रखंड संसाधन केंद्र पकरीबरावां में शुक्रवार को प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सह कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रखंड के सभी गणित एवं विज्ञान विषय के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड स्तरीय पीबीएल तकनीकी टीम के सदस्यों ने शिक्षकों को प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण की अवधारणा, उसके महत्व तथा विद्यालयों में इसके प्रभावी क्रियान्वयन के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। टीम के सदस्यों बबली सिन्हा, धीरज कुमार तथा मोहम्मद दानिश अहमद ने बतौर प्रशिक्षण-प्रदाता (फेसिलिटेटर) शिक्षकों को दीक्षा ऐप की प्रमुख विशेषताओं और उपयोगी शिक्षण संसाधनों के बारे में भी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन की ओर से गौरव ठाकुर ने शिक्षकों को बताया कि प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण विद्यार्थियों के लिए क्यों आवश्यक है और यह सीखने की प्रक्रिया को किस प्रकार रोचक, प्रभावी और व्यवहारिक बनाता है। उन्होंने बताया कि यह पद्धति बच्चों में समस्या-समाधान क्षमता, रचनात्मक सोच, सहयोग की भावना, संवाद कौशल तथा आलोचनात्मक चिंतन जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं का विकास करती है। साथ ही उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 में पीबीएल को दिए गए विशेष महत्व और स्कूल शिक्षा में इसके सकारात्मक प्रभावों पर भी प्रकाश डाला। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नवाचारी एवं विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों से जोड़ना तथा कक्षा-कक्ष में इनके प्रभावी उपयोग के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहयोग प्रदान करना बताया गया।

# लंबित मांगों को लेकर जेएसएलपीएस कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर ( पलामू )**। झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ, जिला इकाई पलामू के एल 5 से एल 8 स्तर तक के सभी कर्मी अपनी पाँच सूत्रीय मांगों को लेकर 21 नवंबर 2025 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। हड़ताल के चलते जेएसएलपीएस के तहत संचालित आजीविका संबंधी सभी गतिविधियाँ जिले में ठप हो गई हैं। कर्मियों ने सरकार से उनकी जायज मांगों पर तत्काल निर्णय लेने की अपील की है। संघ ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने की स्थिति में आंदोलन और उग्र होगा। हड़ताली जेएसएलपीएस कर्मियों ने धरना के माध्यम से जेएसएलपीएस को सोसाइटी एक्ट से बाहर कर राज्य कर्मी का दर्जा देने, एनएमएमयू पॉलिसी लागू करने, महंगाई भत्ता प्रदान करने, अनुभव के आधार पर आंतरिक पदोन्नति करने, जिले/निकटवर्ती प्रखंड में पदस्थापन सुनिश्चित करने की मांग की है। हड़ताल के दौरान जिला अध्यक्ष प्रभात रंजन पाण्डेय, हरिशंकर नाथ वर्मा, सलामुद्दीन अंसारी, विनोद पाण्डेय, वैभव कांत आदर्श, नम्रता कुमारी, अंजनी कुमार सहित सभी आंदोलनकारी कर्मी उपस्थित रहे।

# खूंटी के 78 युवाओं को दुबई में मिली नौकरी, विधायक ने युवकों को बांटा प्रमाण पत्र



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी**। झारखंड सरकार के कल्याण विभाग की सब्सिडियरी एसपीवी प्रेझा फाउंडेशन द्वारा पिछड़े और गरीब परिवारों के 78 युवाओं को विदेश में रोजगार उपलब्ध कराया गया है। ये सभी युवा काम करने के लिए दुबई जा रहे हैं। जहां वे अलग-अलग फील्ड में काम करेंगे। युवाओं को अच्छी सैलरी, मुफ्त रहने और खाने की सुविधा मिलेगी। नौकरी मिलने से युवा बहुत उत्साहित दिखे। चंद्रपुर के कल्याण गुरुकुल में हुए एक प्रोग्राम में 78 सफल युवाओं को सर्टिफिकेट दिए गए। तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने चुने गए युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर दिए। कल्याण मंत्री चमरा लिंडा को प्रोग्राम में आना था, लेकिन जब दोपहर 2 बजे तक मंत्री नहीं आए, तो विधायक ने युवाओं का हौसला बढ़ाया और बधाई और शुभकामनाएं दीं। सभी युवा शनिवार को दुबई के लिए रवाना होंगे।

प्रोग्राम को संबोधित करते हुए विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि जिंदगी में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बस लगातार लगन और मेहनत से ही सफलता मिलती है। कड़ी मेहनत ही सफलता की चाबी है। विधायक ने कहा, "आज आप ट्रेनिंग का सर्टिफिकेट लेकर जा रहे हैं। यह आपकी जिंदगी में सफलता की ओर पहला कदम है।"

वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए, विधायक ने उनसे अपने गांव के लिए एक रोल मॉडल सेट करने की अपील की, जिसमें न सिर्फ अपने विकास पर ध्यान दिया जाए, बल्कि सबको साथ लेकर चलने पर भी ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि अगर आपके पास टैलेंट है, तो स्ट्रगल करने की कोई जरूरत नहीं है। जिंदगी के हर फील्ड में स्किल्स की जरूरत होती है, चाहे वह खेती हो, नौकरी हो या बिजनेस। राज्य सरकार युवाओं, महिलाओं और गांववालों के विकास के लिए कई स्कीम चला रही है। उन्होंने उनसे इन स्कीमों का फायदा उठाने और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करने की अपील की।

गौरतलब हो कि खूंटी में कल्याण गुरुकुल द्वारा 90 दिनों की ट्रेनिंग के बाद, 78 नौजवानों को अपॉइंटमेंट लेटर दिए गए। सभी 78 ट्रेंड स्टूडेंट्स को दुबई की शोभा कंस्ट्रक्शन कंपनी में प्लेसमेंट मिल गया है। उन्हें कम से कम 30 हजार से 40 हजार महीने की सैलरी मिलेगी, साथ ही घर और खाने का अलाउंस भी मिलेगा।

इस मौके पर कल्याण गुरुकुल के प्रिंसिपल एमके शर्मा, तोरपा के एएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा, प्रिंसिपल तेज लिंडा, अवधेश पांडे, जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, जिला परिषद सदस्य सुशांति कोंगारी, मुखिया रोहित सुरीन, उप मुखिया संतोष कुमार कर, प्रेक्षा फाउंडेशन के सीइओ चित्तरंजन अय्यर, शांतिबाला केरकेट्टा, तरुण शुक्ला और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# गिरिडीह की कृषक पाठशाला में गड़बड़झाला, 1।17 करोड़ भुगतान के बाद भी किसान को नहीं दिया गया 'ज्ञान'

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गिरिडीह**। वित्तीय वर्ष 2022-23 में फसल उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने एवं उन्नत कृषि प्रौद्योगिकी को प्रदर्शित करने के लिए कृषक पाठशाला बनाई गई। इसके तहत पाठशाला की परिधि में स्थित राजस्व ग्राम को बिरसा ग्राम में विकसित करने की भी योजना तैयार की गई। गिरिडीह में ऐसी तीन पाठशालाओं का गठन किया गया है।

योजना के तहत पाठशाला में आधुनिक खेती, मछली पालन, सूअर पालन, गाय पालन, मधुमक्खी पालन, मुर्गी पालन, फलदार उद्यान, अजोला खेती समेत अन्य महत्वपूर्ण ज्ञान किसानों को देना है। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। जिले के पचम्बा स्थित पाठशाला के नाम पर 01 करोड़ 17 लाख का भुगतान कर दिया गया। इसके बावजूद योजना धरातल पर नहीं उतरी। यहां एक भी किसान को किसी प्रकार से प्रशिक्षित नहीं किया गया। यहां नाम मात्र का शेड बना दिया गया परन्तु उसमें पशु है ही नहीं।

बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने की जांच

कृषक पाठशाला में बरती जा रही अनियमितता की शिकायत जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह को मिली तो वह पाठशाला पहुंचे। यहां उन्होंने पूरी पाठशाला का निरीक्षण किया। पूरी योजना की जानकारी मौके पर मौजूद जिला कृषि पदाधिकारी आशुतोष कुमार से ली। वहीं मेसर्स शारदा एग्रो (कार्य एजेंसी) के कर्मियों को भी बुलाया। यहां गड़बड़ी मिलने पर कृषि पदाधिकारी को स्पष्ट कहा कि न सिर्फ भुगतान की गई राशि को वसूला जाए बल्कि एजेंसी को ब्लैकलिस्ट भी किया जाए।

**काम में लापरवाही बरती गईः बीस सूत्री उपाध्यक्ष**

जांच के बाद जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष ने कहा कि एजेंसी की लापरवाही देखिए जिस जिला के विधायक मंत्री सुदिव्य कुमार हैं, जहां मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन विधायक हैं, वहां गड़बड़ी कर दी गई। ऐसे में समझा जा सकता है कि कार्य एजेंसी ने अन्य जिलों में क्या किया होगा। उन्होंने कहा कि कृषक पाठशाला झारखंड सरकार की महत्वपूर्ण योजना है।

# तीन दिवसीय महिला क्रिकेट मैच का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नारदीगंज, नवादा**। इंटर विद्यालय नारदीगंज खेल मैदान में तीन दिवसीय महिला क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। यह मैच 18 नवम्बर 2025 से शुरु हुई। जिसका समापन 20 नवम्बर 2025 को यानी गुरुवार को देर शाम में हुई। यह क्रिकेट मैच प्रिंसिपल क्रिकेट क्लब के प्रो. बबलू कुमार वर्मा के द्वारा आयोजित की गई।आयोजित महिला क्रिकेट मैच में कई जिले के महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस खेल में नवादा जिले के अलावा गया जी,जहानाबाद, समस्तीपुर, दरभंगा, सिवान, छपरा, गोपालगंज, जमुई, पटना,सिवान समेत अन्य जिले के तकरीबन 30 महिला क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। प्रिंसिपल क्रिकेट क्लब के संचालक बबलू कुमार वर्मा ने बताया आयोजित मैच दो टीमों को दो ग्रुप में मैच कराया गया । जिसमे प्रिंसिपल ब्लू क्रिकेट टीम और प्रिंसिपल रेड क्रिकेट टीम के बीच क्रिकेट मैच हुआ। इस मैच में प्रिंसिपल ब्लू क्रिकेट टीम ने दो मैच जीता। वही प्रिंसिपल रेड टीम एक मैच जीतने में सफल हो पाई। प्रिंसिपल रेड क्रिकेट टीम की कप्तानी मुस्कान कुमारी वर्मा और प्रिंसिपल ब्लू क्रिकेट टीम की कप्तानी नेहा चौधरी ने बखूबी से निभाई। प्रिंसिपल क्रिकेट क्लब के संचालक बबलू कुमार वर्मा ने दोनों टीम के कप्तान को ट्राफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा पहला मैच का मैन आफ द मैच मुस्कान कुमारी वर्मा, दूसरे मैच का मैन आफ द मैच अक्षरा गुप्ता, तीसरे मैच का मैन आफ द मैच सौम्या अखोरी रही। उन्होंने कहा मैच का प्लेयर्स आफ द मैच मुस्कान कुमारी वर्मा रही । वह 22 बाल में 15 रन व पांच ओवर में नौ रन देकर तीन विकेट चटकाई। वहीं दूसरी मैच की प्लेयर आफ द मैच अक्षरा गुप्ता हुई। जिसमे 91 बाल में 145 नाट आउट की पारी खेली । वहीं तीसरी मैच की प्लेयर आफ द मैच सौम्या अखौरी हुई। उन्होंने सात ओवर में 45 रन देकर पांच विकेट चटकाई। आल ओवर दोनों टीम के खिलाड़ियों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन की है। जिसमे महिला क्रिकेट खिलाड़ियों में अक्षरा गुप्ता ने 150 रन पांच विकेट, मुस्कान कुमारी वर्मा ने 93 रन छह विकेट, प्राची सिंह ने 87 रन तीन विकेट, सोनी कुमारी ने 113 रन, नेहा चौधरी 73 रन बनाये। वही सौम्या अखौरी ने सात विकेट ली। वहीं तीनों मैचों के प्लेयर आफ द सीरीज अक्षरा गुप्ता ने अपने नाम से खिताब हासिल कर लिया। मौके पर जिला संघ के अध्यक्ष राजेश मुरारी, सचिव मनीष आंनद, सुभाष प्रसाद, बबलू कुमार वर्मा, क्रिकेट एसोसिएशन के महिला चेयर मैंन रेखा वर्मा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे ।

# मंत्री श्रवण कुमार के गृह प्रखंड में उड़ा गुलाल, बंटी मिठाइयां



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वेन (बिहारशरीफ)**। मंत्री श्रवण कुमार को एक बार फिर बिहार मंत्रिमंडल में जगह मिलते ही उनके गृह प्रखंड वेन में खुशी का माहौल उमड़ पड़ा। खबर मिलते ही गांवों में उत्सव जैसा नज़ारा देखा गया—लोग घरों से बाहर निकल आए, एक-दूसरे को बधाइयां दीं, अबीर-गुलाल उड़ाया और मिठाइयां बांटकर उल्लास का इज़हार किया। दिन के उजाले में होली और दीपावली जैसे रंग-बिरंगे दृश्य पूरे क्षेत्र में छा गए। एनडीए कार्यकर्ताओं ने वेन स्थित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन कार्यालय में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दसवीं बार शपथ ग्रहण करने के बाद भी उत्सव मनाया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि श्रवण कुमार के पुनः मंत्री बनने से जिले में अपार हर्ष है। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रवण कुमार हमेशा कार्यकर्ताओं और आमजनों के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं तथा गरीबों और वंचितों के विकास के लिए उनकी प्रतिबद्धता सदैव दृढ़ रही है। नेताओं ने कहा कि नालंदा की जनता ने लोकतंत्र में जिस उत्साह के साथ भागीदारी निभाई है, उसने पूरे जिले में सकारात्मक संदेश दिया है। उन्होंने उन मतदाताओं का विशेष धन्यवाद किया जिन्होंने पुनः मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को व्यापक समर्थन देकर सुशासन और विकास के प्रति विश्वास जताया। स्थानीय ग्रामीणों ने भी मंत्री श्रवण कुमार पर भरोसा जताते हुए कहा कि वे हमेशा क्षेत्र की समस्याओं को सुनते और उनका समाधान सुनिश्चित करते हैं। "हमने जिस विश्वास के साथ उन्हें अपना प्रतिनिधि बनाया है, वे उस पर खरे उतरते रहे हैं," ग्रामीणों ने कहा। इस अवसर पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, भाजपा अध्यक्ष निर्मल सिंह, लोजपा (रा) अध्यक्ष रंजन सिंह, टुनटुन सिंह, सुधीर महतो, मो. कलीम, विजय मुखिया, संतोष मुखिया, लक्ष्मण प्रसाद, जीतू मांझी, भगेरन पाल, जीतू कुशवाहा, सूकांत कुमार, राजीव कुमार, प्रहलाद कुमार, निवास कुमार, पृथ्वी कुमार, आजाद कुमार, राहुल कुमार, पंकज कुमार, गौतम कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समूचे वेन प्रखंड में उत्सव की यह लहर स्पष्ट करती है कि मंत्री श्रवण कुमार के प्रति जनता का स्नेह और विश्वास अडिग है।

# दो कमरों के सहारे चल रहा इंटर विद्यालय भरुब

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। सरकारी विद्यालयों में संसाधन का घोर अभाव है। विद्यालय में कमरों का अभाव है। दो कमरे में इंटर विद्यालय भरुब चल रहा है। विद्यालय में कमरे कम होने से छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने में परेशानी होती है। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या लगातार बढ़ रही है परंतु कमरा कम होने के कारण वे बगैर पढ़ाई किए घर चली जाती हैं। बता दें कि विद्यालय में हिंदी के एक भी शिक्षक नहीं हैं। छात्रा प्रियंका कुमार व छात्र मंटू कुमार ने बताया हिंदी विषय की पढ़ाई नहीं होती है। विद्यालय में दो कमरे हैं जिसमें चार वर्ग तक की पढ़ाई होती है। विद्यालय में वर्ग नौ, 10, 11 एवं 12वीं के छात्र-छात्रा पढ़ते हैं। प्रधानाध्यापक कमलेश कुमार सिंह ने विद्यालय में संसाधन की कमी की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी गई है। विद्यालय में लिपिक की बहाली 2014 के बाद नहीं हुई है। उत्क्रमित उच्च विद्यालय में लिपिक की बहाली हुई है परंतु पहले के विद्यालय में नहीं भेजा गया है। भरुब पंचायत के पूर्व मुखिया अंबिका पांडेय बताते हैं कि सरकार शिक्षा पर ध्यान नहीं देती है। उनके द्वारा 1956 में विद्यालय खोला गया था। पूर्व मुखिया ने बताया कि मैंने विद्यालय बनाने के लिए जमीन दान दिया था। बदहाल स्थिति देखकर रोना आता है। प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि नामांकित छात्रों की संख्या 420 के आसपास है। 350 से अधिक छात्र-छात्रा नियमित विद्यालय आते हैं। अगर विद्यालय में कमरे की संख्या बढ़ाई जाए तो छात्र-छात्राओं की संख्या दोगुना हो जाएगी। किसी तरह विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। यहां तक की विद्यालय में आदेशपाल की जरूरत है। जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि जिस विद्यालय में कमरे का अभाव है वहां निर्माण कराया जाएगा।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. : 32–एसडीएसटीई–एएसएन–2025–26, दिनांक** 20.11.2025, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थानः** "आसनसोल मंडल–बीपीएसी, यूएफएसबीआई, डेटा लॉगर का प्रतिस्थापन"। **विज्ञापित निविदा मूल्यः** रु. 5,51,28,533.55, **बयाना राशिः** रु. 4,25,700/–, **कार्य की समापन अवधिः** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 15.12.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः http://www.ireps.gov.in/**

ASN-252/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. : 31–एसडीएसटीई–एएसएन–2025–26, दिनांक** 20.11.2025, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थानः** "आसनसोल मंडल–आसनसोल मंडल में रेलनेट कनेक्टिविटी के लिए ओएफसी आधारित एलएएन इंफ्रास्ट्रक्चर का प्रावधान"। **विज्ञापित निविदा मूल्यः** रु. 3,91,12,170.57, **बयाना राशिः** रु. 3,45,600/–, **कार्य की समापन अवधिः** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 15.12.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरणः http://www. ireps.gov.in/**

ASN-251/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# पहले दिन 15.05 एमटी खरीदा गया धान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** टनकुप्पा प्रखंड में इस वर्ष धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया की शुरूआत हो गई है। सहकारिता विभाग ने किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रखंड के कुल आठ चयनित पैक्स को धान खरीद की जिम्मेदारी दी है। इनमें से उतलीबारा और बरसौना पंचायत स्थित पैक्स में शुक्रवार को औपचारिक रूप से धान अधिप्राप्ति शुरू की गई। शुरूआत बेहद सकारात्मक रही और पहले ही दिन दोनों पैक्सों में कुल 15.05 एमटी धान खरीदा गया।

उतलीबारा पैक्स में 07.05 एमटी तथा बरसौना पैक्स में 08 एमटी धान की खरीद की गई। स्थानीय किसानों में इसे लेकर भारी उत्साह देखा गया। किसानों का कहना था कि सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान बेचने से उन्हें उचित लाभ मिलेगा और बाजार की अनिश्चितता से राहत भी मिलेगी।

इस वर्ष सहकारिता विभाग द्वारा ए श्रेणी के धान का समर्थन मूल्य 2389 रुपये प्रति क्विंटल तथा सामान्य धान का मूल्य 2369 रुपये प्रति क्विंटल तय किया गया है। सरकारी स्तर पर खरीद होने से किसानों को न केवल बेहतर मूल्य मिलता है बल्कि उनकी उपज का सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से विपणन भी सुनिश्चित हो पाता है।

सहकारिता प्रसार पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि धान बेचने के इच्छुक किसानों के लिए ऑनलाइन निबंधन अनिवार्य है। पंजीकरण के बाद किसानों का धान सीधे पैक्स के माध्यम से खरीदा जाएगा और अधिप्राप्ति के बाद समर्थन मूल्य की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेज दी जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि धान बेचने के लिए किसानों को आवश्यक दस्तावेज साथ लाना होगा, जिसमें धान अधिप्राप्ति फार्म, ओटीपी के लिए मोबाइल, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जमीन की रसीद या एलपीसी शामिल हैं।

# राजधानी एक्सप्रेस से लाखों का पोस्ता दाना बरामद

## पुलिस कर रही मामले की छानबीन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हाजीपुर।** वरीय अधिकारी के निदेर्शानुसार स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ एवं जीआरपी ने पटना कस्टम विभाग के सहयोग से राजधानी एक्सप्रेस मालवाहक कोच से 1036 किलोग्राम विदेशी पोस्ता दाना बरामद किया है।

बरामद पोस्ता दाना की कीमत स्थानीय बाजार में लगभग 23 लाख 31 हजार रुपये आंकी गई है। जानकारी के अनुसार, यह पोस्ता दाना राजधानी ट्रेन से पुरानी दिल्ली के लिए भेजा जा रहा था। उक्त कारवाई आरपीएफ थाना अध्यक्ष साकेत कुमार, कस्टम प्रीवेंटिव मुख्यालय पटना के अशोक कुमार एवं जीआरपी थाना की टीम के नेतृत्व में संयुक्त रूप से की गई।




आरपीएफ अब इस मामले में तस्कर की पहचान करने और आवश्यक कार्रवाई करने में जुटी है। बीते गुरुवार को आरपीएफ को कस्टम विभाग के अधिकारियों से गुप्त सूचना मिली थी कि गाड़ी संख्या 20503 अप राजधानी एक्सप्रेस के मालवाहक कोच में विदेशी पोस्ता दाना तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। जैसे ही ट्रेन हाजीपुर स्टेशन पर पहुंची, आरपीएफ के प्रभारी थानाध्यक्ष साकेत कुमार के नेतृत्व में सर्च अभियान शुरू किया गया। इस दौरान मालवाहक कोच खोलकर चेक किया गया तो उसमें बिना मार्का के डिब्रूगढ़ से पुरानी दिल्ली के लिए प्राइवेट लीज के तौर पर बुक किया गया 22 बोरा विदेशी पोस्ता दाना करीब 1036 किलोग्राम बरामद किया गया।

जिसे आरपीएफ हाजीपुर एवं कस्टम विभाग पटना के द्वारा संयुक्त रूप से जब्त किया गया है। जब्त पोस्ता दाना को आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु कस्टम पटना की टीम द्वारा अपने साथ ले जाया गया। जब्त पोस्ता दाना 2250 रुपये प्रति किलो के अनुसार 23 लाख 31 हजार रुपए आंकी गई। इस संबंध में कस्टम विभाग पटना के द्वारा कस्टम एक्ट 1962 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

गौरतलब हो कि बीते अगस्त महीने में अवध असम एक्सप्रेस ट्रेन के एक बोगी से करीब 2.18 क्विंटल विदेशी पोस्ता दाना बरामद किया गया था। कीमत करीब 4,79,600 रुपए आंकी गई। जानकारी के अनुसार यह पोस्ता दाना दीमापुर से दिल्ली के लिए भेजा जा रहा था। वही बीते मार्च महीने में भी आरपीएफ ने इसी ट्रेन से करीब चार क्विंटल पोस्ता दाना बरामद किया था।

# महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार कांग्रेस में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। अब बिहार प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की प्रदेश अध्यक्ष शरबत जहां फातिमा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

उनकी नाराजगी का मुख्य कारण टिकट नहीं मिलना है। उनका कहना है कि अबतक महिला कांग्रेस की जितनी भी प्रदेश अध्यक्ष बनीं, सबको चुनाव में टिकट दिया गया, लेकिन उन्हें नहीं।

उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम और बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारू पर भी तंज कसा। कहा कि उन्हें केवल सभाओं में भीड़ जुटाने के लिए महिलाएं चाहिए, कुर्सी पर नहीं।

उन्होंने कहा कि विधानसभा हो या विधान परिषद कांग्रेस पूरी तरह महिला विहीन हो गई है। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में महिलाओं को महज आठ प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया गया।

कुल 60 सीटों पर कांग्रेस लड़ी जिसमें सिर्फ पांच महिलाएं ही थीं। उन्होंने चुनाव परिणाम पर निराशा जताई। कहा कि प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते यह परिणाम निराशाजनक रहा। नैतिक रूप से वे स्वयं को उत्तरदायी मानती हैं। जिस पद पर हूं, वास्तविकता से इनकार नहीं कर सकती। महिला नेतृत्व और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का उद्देश्य पूरा नहीं हो सका।

यह मेरे त्यागपत्र का प्रमुख कारण है। आमतौर पर प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष को टिकट मिलता रहा है, लेकिन वर्तमान अध्यक्ष होने के बावजूद उन्हें टिकट नहीं दिया गया। उन्हें अध्यक्ष बने 28 महीने हो गए। हम बूथ स्तर तक गए और महिलाओं की समस्याएं उठाईं। महिला कांग्रेस हमेशा सड़क पर संघर्ष करती रहीं।

उन्होंने अपने नेता राहुल गांधी की चर्चा भी की। उन्होंने यह भी कहा कि अल्पसंख्यक समाज से आती हैं, बावजूद टिकट देने में अनदेखी की गई। जब इस बारे में प्रभारी से बात की तो उन्होंने कहा कि जीतने वाली महिलाओं को टिकट देंगे। ऐसे में वे किसे जीतने वाली मानते हैं, पता नहीं। उधर कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम में नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं का धरना-प्रदर्शन चल रहा है।

# घटिया निर्माण कार्य का ग्रामीणों ने किया विरोध, रोका गया काम

## रॉ मटेरियल मानक के अनुरूप नहीं लगाने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** मुख्यमंत्री सुलभ संपर्क पथ योजना के तहत संदेश से अखगांव होते हुए कोईलवर (धनडीहा) तक नहर बांध के पक्कीकरण का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं कराए जाने को लेकर फरहंगपुर में ग्रामीणों ने कार्य को रोक दिया।

जनप्रतिनिधि ललन कुमार, सुनील सिंह समेत ग्रामीण तुलसी चौधरी, चंचल कुमार, छोटे सिंह, दीपक शर्मा, कन्हैया शर्मा, जितेंद्र कुमार, राजजी राम ने बताया कि निर्माण कंपनी द्वारा बलुही मिट्टी में नाम मात्र का गिट्टी मिला कर सड़क बनाने के लिए पहला लेयर बिछाया जा रहा है। जिसमें 60 प्रतिशत गिट्टी और 40 प्रतिशत मिट्टी और बालू का मिश्रण बिछाना है, लेकिन निर्माण में उपयोग की जा रही मिट्टी और रॉ मटेरियल मानक के अनुरूप नहीं है।



ग्रामीणों ने बताया कि कम गुणवत्ता वाली सामग्री से सड़क टिकाऊ नहीं होगी और जल्द खराब हो जाएगा। ग्रामीणों की मांग है कि सड़क निर्माण में स्वीकृत मानकों के अनुसार उच्च गुणवत्ता वाली मेटेरियल और तकनीक का उपयोग किया जाए, ताकि सड़क लंबे समय तक टिकाऊ रह सके।

उन्होंने संवेदक के मुंशी को स्पष्ट चेतावनी दी कि गुणवत्ता सुनिश्चित होने तक वे किसी भी प्रकार का कार्य आगे नहीं बढ़ने देंगे। इधर निर्माण कंपनी के मुंशी ने बताया कि तीन स्तर पर सड़क निर्माण कराया जा रहा है। सबसे नीचे आठ इंच का जीएसपी जिसमें 60/40 का गिट्टी/बालू, मिट्टी का मिश्रण बिछाया जा रहा है। उसके बाद नौ इंच का डब्ल्यूबीएम और 2.5 इंच कब पिचिंग किया जायेगा।

संदेश से कोईलवर(धनडीहा) बांध पर 18.57 किलोमीटर लंबे इस संपर्क पथ के निर्माण पर 2993.0971 लाख रुपये खर्च होंगे। पांच वर्ष तक के रख-रखाव के लिए अलग से 242.30949 लाख रुपये का प्राकलन है। परियोजना का कार्य जुलाई 2025 से शुरू होकर जनवरी 2027 में पूरा करने का लक्ष्य है।पथ निर्माण कार्य सरस्वती कंस्ट्रक्शन को सौंपा गया है, जबकि इसकी निगरानी ग्रामीण कार्य विभाग, कार्यपालक अभियंता कार्य प्रमंडल आरा द्वारा की जाएगी।

### वाहन की चपेट में आयी महिला, मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**छपरा।** शहर के नगर थाना परिसर में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एएलटीएफ विभाग की एक प्राइवेट गाड़ी अचानक तेज रफ्तार में आगे बढ़ी और एक महिला उसकी चपेट में आ गई। हादसा इतना भीषण था कि गंभीर रूप से घायल महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान नगर थाना क्षेत्र के पुरानी गुरहट्टी निवासी 59 वर्षीय आरती देवी, पत्नी गोविंद प्रसाद के रूप में हुई है। आरती देवी नगर थाना के अधिकारी और कर्मचारियों के सरकारी क्वार्टरों में घरेलू कार्यों में मदद करने का काम कर अपने परिवार का भरणझपोषण करती थी। इसके साथ ही वे पूर्व में आंगनबाड़ी सहायिका के रूप में भी काम कर चुकी थीं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एएलटीएफ विभाग की प्राइवेट गाड़ी में बैठे एक निजी चालक और एक कांस्टेबल ने बिना सावधानी वाहन स्टार्ट कर दिया। गाड़ी तेज गति से आगे बढ़ी और पहले उसने थाना परिसर में खड़ी एक पदाधिकारी की कार को जोरदार टक्कर मारी।

# पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** कृषि विज्ञान केंद्र अररिया एवं बिहार पशु विश्वविद्यालय पटना द्वारा ग्राम - रहिकपूर आईएस प्रखंड- अररिया में पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉक्टर विनोद कुमार एवं डॉ पुष्पेंद्र कुमार सिंह डॉ वीरेंद्र कुमार वैज्ञानिक सुमन कुमारी अपनी भागीदारी दी। यह कार्यक्रम बिहार पशु विश्वविद्यालय पटना द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों के लिए मुख्य रूप से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर पुष्पेंद्र कुमार सिंह ने किसानों को पशुओं की अच्छी देखरेख किस प्रकार से की जाए। जानकारी देते हुए कहा पशुपालन का मतलब सिर्फ पालना नहीं, बल्कि उनके भोजन, आश्रय, स्वास्थ्य और प्रजनन जैसी सभी जरूरतों का प्रबंधन करना है। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और कई किसानों की आजीविका का मुख्य आधार है।



इस कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ विनोद कुमार के द्वारा किया गया। किसानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा पशुपालन का महिल सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान है जिससे समाज में उनकी आय और भूमिका में वृद्धि हो रही है और आजीविका के दृष्टिकोण से गरीबी उन्मूलन का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। सुमन कुमारी ने किसानों को देसी नस्ल के गाय पालने की सलाह दी। उन्होंने , बताया देसी गायें अपनी उच्च रोग प्रतिरोधक क्षमता और स्थानीय जलवायु के अनुकूल होने के साथ मानव, स्वस्थ के लिए लाभकारी होता है। डॉ वीरेंद्र कुमार के द्वारा उपस्थित किसानों को देसी नस्ल के मुर्गी पालन को किस प्रकार समृद्ध बनाएं इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साथ किसानों को को प्रोत्साहित करने के लिए बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा कुकुट पालन से जुड़े किसानों को ड्रिंकर फीडर उपादान के तौर पर दिया गया।

# दो भाईयों ने जीता गोल्ड



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** बड़हरा थाना क्षेत्र के नथमलपुर गांव के दो सगे भाइयों ने राष्ट्रीय स्तर पर गांव का नाम रोशन किया है। नथमलपुर निवासी सामू सिंह के पुत्र साहिल कुमार और नमन सिंह ने उत्तराखंड के देहरादून स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में अपने-अपने वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। दोनों भाइयों की इस शानदार उपलब्धि से न केवल नथमलपुर बल्कि पूरे भोजपुर जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार जब दोनों खिलाड़ी गांव पहुंचे, तो ग्रामीणों ने गाजे-बाजे, फूल-मालाओं और उत्साहपूर्ण नारों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। गांव की सड़कों पर जश्न का माहौल नजर आया और छोटे-बड़े सभी लोग इन प्रतिभाशाली भाइयों को देखने और सम्मान देने के लिए उमड़ पड़े।

साहिल और नमन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच रिजवान, माता-पिता, दादा और बड़े पापा को दिया। दोनों ने कहा कि परिवार और कोच की प्रेरणा और सहयोग के कारण ही वे यह मुकाम हासिल कर सके हैं। ग्रामीणों ने भी दोनों खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रशासन से खेल प्रतिभाओं को विशेष प्रोत्साहन देने की मांग की।

### एसिड अटैक करने वाला धराया

**मुंगेर।** जसीडीह रेलवे स्टेशन पर छिनतई की असफल कोशिश के दौरान ट्रेन की खिड़की से यात्री पर एसिड फेंककर फरार हुए बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित यात्री द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर जसीडीह जीआरपी पुलिस ने मामले की गहराई से जांच शुरू की।

जांच के क्रम में आरोपी की पहचान मुंगेर जिले के कासिम बाजार थाना क्षेत्र के बेलन बाजार निवासी सुनील साह के रूप में हुई। शुक्रवार को जसीडीह जीआरपी थाना के एएसआई रविंद्र उरांव पुलिस टीम के साथ बेलन बाजार पहुंचे और छापेमारी कर आरोपित सुनील साह को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा। मेडिकल औपचारिकताएं पूरी होने के बाद पुलिस उसे रिमांड पर लेकर जसीडीह रवाना हो गई।

पुलिस का कहना है कि आरोपी के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह किसी गिरोह से जुड़ा है या नहीं।

# वीआईपी प्रखण्ड अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

## मृतक पर भी दर्ज थे कई मामले

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** बिहार विधानसभा चुनाव समाप्त होते ही एक बार फिर अपराधियों का तांडव शुरू हो गया है। जिले के दरपा थाना क्षेत्र के तिनकोनी गांव में शुक्रवार की अहले सुबह वीआईपी (विकासशील इंसान पार्टी) के प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सहनी की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

घटना के अनुसार, सुबह करीब 7 बजे कामेश्वर सहनी शौच कर लौटने के बाद अपने दरवाजे पर हाथ धो रहे थे। उसी दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात अपराधी पहुंचे और उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक कामेश्वर सहनी वीआईपी पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष थे और उनका पूर्व में आपराधिक इतिहास भी रहा है। जानकारी के मुताबिक, वे पहले नक्सली के रूप में भी जाने जाते थे और उनके ऊपर आधा दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज थे।



हत्या की जानकारी मिलते ही दरपा थाना पुलिस सहित आसपास के कई थानों की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी। रक्सौल के एसडीपीओ मनीष आनंद भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तफ्तीश में जुटे हुए हैं। मोतिहारी के प्रभारी एसपी विनय तिवारी ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही अपराधियों को पकड़ लिया जाएगा।

### कोहरे ने रोकी ट्रेनों की रफ्तार

**बक्सर।** उत्तरी भारत में ठंड और घने कोहरे के संभावित कारणों को देखते हुए भारतीय रेलवे ने स्थानीय स्टेशन से गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों को पूर्णतः रद करने का फैसला लिया है। फैसला दिसंबर से फरवरी तक प्रभावी रहेगा। जिसका सीधा असर दिल्ली, मुंबई और अन्य प्रमुख शहरों के बीच यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों पर पड़ेगा।

रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, परिचालन संबंधी दिक्कतों और यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए इन ट्रेनों को दो से तीन महीने की अवधि के लिए निरस्त किया जा रहा है। इस संबंध में एक विस्तृत सूची जारी की गई है। जिसमें स्थानीय स्टेशन पर रद की गई ट्रेनों की संख्या और उनकी रद रहने की तिथियां शामिल हैं।

गाड़ी संख्या 22198 प्रथम स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस जो 5 दिसंबर से 27 फरवरी तक और डाउन में 22197 यहीं गाड़ी 7 दिसंबर से 1 मार्च तक नहीं पूरी तरह से रद रहेगी। इसी तरह से 12327-उपासना एक्सप्रेस (अप) 2 दिसंबर से 27 फरवरी तक रद रहेगी।

# डेंगू मरीजों की संख्या पहुंची सौ के पार, दहशत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** इस वर्ष डेंगू मरीजों की संख्या सौ के पार हो गई है। तीन और नए मरीज मिले हैं। एसकेएमसीएच के माइक्रोबायोलाजी विभाग में हुई जांच में डेंगू की पुष्टि हुई है। इसमें मीनापुर के टेंगराही की चिंता देवी, मुशहरी झपहां की कुसूम देवी और तीसरा मरीज सीतामढ़ी के बेलसंड का रहने वाला है।

अब कुल मरीजों की संख्या 101 हो गई है। इन सभी का घर पर ही इलाज किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से समय-समय मरीजों की मानिटरिंग, दवा की उपलब्धता और उनके स्वास्थ्य के बारे में फीडबैक लिया जा रहा है।

एसकेएमसीएच की ओर से इसकी रिपोर्ट राज्य स्वास्थ्य समिति को भेज दी गई है। सर्वाधिक मरीज अब तक मुशहरी इलाके में मिले हैं। यहां पर 11 डेंगू के मरीजे मिले हैं।

इसके अलावा शहरी क्षेत्र में सात मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, औराई में चार, बंदरा में दो, बोचहां में तीन, गायघाट में चार, कटरा में दो, कांटी में चार, कुढ़नी में एक, मीनापुर में छह, मुशहरी में 11, मुरौल में एक, मड़वन में एक, सकरा में एक, सरैया में एक, साहेबगंज में दो, पारू में दो और शहर में सात मरीज मिले हैं। जबकि अन्य मरीजों अन्य जिले के हैं।

डेंगू मरीजों के लिए सभी पीएचसी में दो-दो और सदर अस्पताल में 10 बेड बनाए गए हैं। हालांकि वर्तमान में एक भी मरीज भर्ती नहीं है। सभी का घर से ही इलाज किया जा रहा है।

सिविल सर्जन की मानें तो किसी भी मरीज की हालत गंभीर नहीं थी। इसलिए घर पर ही इलाज चल रहा है। विभाग द्वारा नियमित रूप से इन मरीजों के स्वास्थ्य की निगरानी की जा रही है। अब तक 24 जगहों पर फागिंग की गई है।

# विदेशी पक्षियों को ले नागी में पर्यटकों का आना शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमुई।** नागी-नकटी पक्षी आश्रयणी में विदेशी पक्षियों के पहुंचने के साथ ही नागी में पर्यटकों का आना शुरू हो गया है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वन विभाग ने तैयारी तेज कर दी है।

वहीं सुबह-सुबह पक्षियों के कलरव की गूंज सुन आसपास के गांवों के लोग भी नागी और नकटी घूमने पहुंच रहे हैं। इन प्रवासी मेहमानों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग ने पुख्ता व्यवस्था कर रखी है। अब तक दो दर्जन से अधिक पक्षियों की प्रजातियों की पहचान की गई है।

इनमें कई प्रजातियां वे भी हैं जो पिछले वर्ष भी पहुंची थीं, जो नागी-नकटी के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है। अब तक नागी और नकटी पक्षी आश्रणीय में यूरेशियन कूट (जलमुर्गी), गडवाल बत्तख, यूरेशियन विजन (लाल चोंच बतख), सफेद-आंख पोचार्ड, गूंथी चोटी वाली बतख, काला-सिर आइबिस, लाल-कलंगी पोचार्ड, सामान्य पोचार्ड, बड़ी कलंगी वाली ग्रीब, बड़ा पनकौवा, नदी टर्न (सीगल), सीटी बजाने वाली बतख (चना बत्तख), एशियाई ओपनबिल सारस, कपासी पिग्मी गूज (राजहंस की छोटी प्रजाति), छोटा पनकौवा, लाल-गर्दन आइबिस, लाल और पीली-लटकन तीतहरी, सफेद-गला किंगफिशर (राम चिरैया), काला-सफेद किंगफिशर और छोटी रिंग वाली प्लोवर जैसी प्रजातियां देखी गई हैं।

पिछले वर्ष शुरूआती ठंड में नागी में मेलार्ड, रोजी, स्टार्लिंग, इंडियन कर्सर जैसे विदेशी पक्षियों का दल पहुंचा था। बताया जाता है कि इस वर्ष नागी में लगभग पांच हजार और नकटी में चार हजार से अधिक पक्षियों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है। पक्षियों की आधिकारिक गणना जनवरी या फरवरी में कराई जाएगी।



पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नागी के मुख्य द्वार को भव्य रूप दिया गया है। सेल्फी पॉइंट बनाया गया है। झील के चारों ओर आठ फीट ऊंची बाउंड्री बनाई गई है। विभिन्न फलदार और छायादार पौधे लगाए गए हैं।

नौका विहार के लिए नावों की व्यवस्था की गई है, जिसका शुल्क निर्धारित है। पर्यटकों को जानकारी देने के लिए बर्ड गाइड संदीप कुमार की तैनाती की गई है। इसके अलावा एक रेस्ट हाउस जैसी इमारत में पक्षियों की जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

राष्ट्रीय स्तर के पक्षी विशेषज्ञ अरविंद कुमार मिश्रा ने बताया कि बिहार में कई बड़ी झीलें हैं, लेकिन कम क्षेत्रफल में स्थित नागी-नकटी झील में सबसे अधिक विदेशी एवं देशी दुर्लभ प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं। नवंबर से ही प्रवासी पक्षियों का आगमन प्रारंभ हो जाता है।

नागी में आठ से नौ हजार एवं नकटी में चार से पांच हजार पक्षियों की मौजूदगी रहती है। कई वर्षों बाद दुर्लभ प्रजाति के फाल्केटेड डक को भी देखा गया है। विदेशी पक्षियों में वारहेडेड गूज, ग्रेलैग गूज, लालसर, सरार, कॉमन पोचार्ड, सुरखाब, गेल, गडवाल सहित कई प्रजातियों के झुंड देखे गए हैं।

डीएफओ तेजस जसवाल ने बताया कि नागी-नकटी झील में सात समंदर पार कर कई विदेशी और देशी पक्षी हर साल पहुंचते हैं। फिलहाल झील में चार हजार से अधिक पक्षी मौजूद हैं। इनके भोजन, घोंसला बनाने और सुरक्षित प्रवास के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। साइबेरियन पक्षियों के लिए भी अलग प्रबंधन किया गया है।

नागी-नकटी पक्षी आश्रयणी की प्राकृतिक सुंदरता बिहार के किसी भी अन्य जलाशय से अलग है। चाहे वो बेगूसराय का काबर झील हो, वैशाली का वरेला झील या मधेपुरा का कुसेश्वर झील–इन सभी का क्षेत्रफल भले बड़ा हो, लेकिन वहां का वातावरण सुरक्षित नहीं होने के कारण पक्षियों का आना कम हो गया है। कई जगहों पर जाल लगाकर पक्षियों का शिकार किया जाता है।

लेकिन नागी-नकटी में शांत वातावरण, आबादी से दूरी, झीलों की प्राकृतिक संरचना और पर्याप्त भोजन की उपलब्धता के कारण प्रवासी पक्षी दिसंबर से फरवरी तक यहां आराम से रहते हैं।

### शिक्षा व्यवस्था लचर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले की शिक्षा व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। भले ही सरकारी एवं विभागीय स्तर पर सुधार करने की बात कही जा रही हो परंतु धरातल पर हकीकत कुछ और ही दिख रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण रफीगंज प्रखंड के मध्य विघालय सइरा है। विद्यालय की स्थिति काफी गंभीर है। विद्यालय में इंफ्रास्ट्रक्चर का काफी अभाव है। विद्यालय में कमरों का घोर अभाव है। चार कमरों में वर्ग एक से आठ तक के बच्चों की पढ़ाई होती है। विद्यालय में कमरों के अभाव के कारण शिक्षा व्यवस्था काफी प्रभावित हो रही है।

शिक्षक की उपस्थिति के बावजूद छात्रों को गुणवतापूर्ण शिक्षा नही मिल पा रही है जिसका मुख्य कारण है विद्यालयों मे कमरों की कमी। विद्यालय में नामांकत छात्र-छात्राओं की संख्या करीब 300 है। विद्यालय में कुल पदस्थापित शिक्षक 12 हैं। प्रतिदिन 250 से लेकर 270 छात्र पढ़ाई करने पहुंचते हैं। इन चार कमरों मे दो कमरा जर्जर है जिसके कारण बरसात के दिनों मे शिक्षण कार्य प्रभावित होता है। बरामदे से बैठे छात्रों को भी बरसात एवं ठंड के दिनों मे काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है।

# सीएम के गांव में जश्न का माहौल, लोगों ने की आतिशबाली, उड़ाया गुलाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हरनौत।** नीतीश कुमार ने 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ पटना के गांधी मैदान में ली। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शपथ लेने के साथ ही उनके पैतृक गांव कल्याण बिगहा में जश्न मना। ग्रामीण अवधेश सिंह की अगुआई में दो मन लड्डू बांटे गए। खुशियों की झलक हर तरफ दिखाई दी। जमकर आतिशबाजी की, गुलाल उड़े। एक दूसरे को गुलाल लगाए।

कविराज राम लखन सिंह स्मृति वाटिका में माता परमेश्वरी देवी पिता स्वर्गीय राम लखन सिंह एवं पत्नी स्वर्गीय मंजू देवी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया।

कल्याण बिगहा के ग्रामीणों ने कहा कि जब तक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुख्यमंत्री के पद पर हैं। बिहार का लगातार विकास होता रहेगा। जिस दिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार धरती छोड़ देंगे उस दिन बिहार के लोग नीतीश कुमार को याद करेंगे।



ग्रामीणों ने नीतीश कुमार को विकास पुरुष के साथ-साथ भगवान का अवतार भी बताया।

जैसे भगवान राम अयोध्या लौटने के बाद ग्रामीणों ने दीप जलाकर स्वागत किया था। ठीक उसी तरह से आज नीतीश कुमार के 10 वीं बार मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद गांव में आतिशबाजी हुई।

वहीं ग्रामीण युवाओं ने कहा कि नीतीश कुमार 10 वीं बार भी जब मुख्यमंत्री बनेंगे तो निश्चित तौर पर युवाओं के बारे में सोचेंगे रोजगार पलायन एवं समस्याओं को भी जड़ से खत्म किया जाएगा। बिहार की जनता ने सुशासन विकास सुरक्षा के नाम पर प्रचंड बहुमत देने का काम किया है। लोग डीजे के धुन पर थिरकते नजर आये। विधायक हरिनारायण सिंह ,जदयू जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष रविकांत कुमार , रौशन, मुकेश, टुनटुन, बंटी आदि नेताओं ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी है ।

# गन्ना पेराई से पूर्व 800 रु. प्रति क्विंटल मूल्य घोषित करे सरकार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पुनः ताजपोशी पर बधाई देते हुए बिहार राज्य गन्ना किसान मोर्चा ने राज्य सरकार से गन्ना किसानों की समस्याओं पर तत्काल पहल करने की अपील की है। मोर्चा के अध्यक्ष अशोक प्रसाद सिंह एवं महासचिव प्रो. आनंद किशोर ने सीएम को पत्र भेजकर कहा है कि गन्ना पेराई सीजन शुरू होने से पहले गन्ना का राज्य परामर्शी मूल्य (एस.ए.पी.) घोषित किया जाए। मोर्चा ने स्पष्ट कहा है कि बढ़ती लागत के मद्देनजर गन्ने का मूल्य कम से कम 800 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि खेत की जुताई, बीज रोपाई, महंगे दामों पर खाद–कीटनाशक की खरीद, सिंचाई, कटाई-ढुलाई, भूमि एवं पूंजीगत लागत के ब्याज ने उत्पादन व्यय को काफी बढ़ा दिया है। ऐसे में कम मूल्य तय होने पर लाभ चीनी मिल मालिकों को मिलेगा और किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे। मोर्चा ने यह भी कहा कि हाल में वर्षा, तूफान एवं बाढ़ की मार झेल चुके गन्ना किसानों को विशेष आर्थिक सहायता दी जाए तथा नई फसल के लिए विशेष अनुदान, बीज, खाद और कीटनाशक निशुल्क उपलब्ध कराया जाए। मोर्चा ने गन्ना किसानों की लंबित देय राशि का अविलंब भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही मृत किसानों के आश्रितों को भुगतान के लिए जिला जज से प्रमाण पत्र लेने की बाध्यता समाप्त कर पंचायत या प्रखंड स्तर पर जारी आश्रित प्रमाण पत्र को मान्य करने की मांग की गई है। मोर्चा ने कहा कि जिला अदालत के चक्कर में गरीब किसानों की राशि वकील, मुंशी व पेशकार ही हड़प लेंगे और किसानों को कुछ नहीं मिल पाएगा। मोर्चा ने राज्य की बंद पड़ी चीनी मिलों को तत्काल चालू करने की भी मांग की है। ताकि किसानों एवं श्रमिकों को राहत मिल सके। मोर्चा ने कहा कि रीगा चीनी मिल द्वारा केसीसी के नाम पर फंसाए गए लगभग 12,000 किसानों को तुरंत नो-ड्यूज प्रमाण पत्र दिया जाए और जिन किसानों के बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं, उन्हें तत्काल खोलवाया जाए। मोर्चा ने उम्मीद जताई है कि नई सरकार प्राथमिकता के आधार पर किसानों की समस्याओं का समाधान करेगी।

## डॉ. निर्मल कुशवाहा ने श्रवण कुमार की ऐतिहासिक जीत और मंत्री पद के लिए दी बधाई

### ग्रामीण विकास और संगठन निर्माण में उल्लेखनीय योगदान को किया रेखांकित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वरीय सामाजिक कार्यकर्ता और चर्चित चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा ने बिहार सरकार के वरिष्ठ नेता श्रवण कुमार को लगातार आठवीं बार विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने और नवगठित सरकार में मंत्री बनाए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। उन्होंने कहा कि श्रवण कुमार ने अपने सार्वजनिक जीवन में जिस प्रकार समर्पण, सादगी और विकास-केन्द्रित राजनीति का उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह वर्तमान राजनीति के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्र के विकास, बुनियादी ढांचे के विस्तार और पंचायत स्तर पर प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था स्थापित करने में श्रवण कुमार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि मंत्री के रूप में उनके नेतृत्व में ग्रामीण सड़क योजनाओं, पेयजल व्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं स्थानीय स्तर पर जनकल्याणकारी परियोजनाओं को गति मिली और इन योजनाओं ने गांवों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को मजबूती प्रदान की। डॉ. कुशवाहा ने यह भी कहा कि श्रवण कुमार ने सिर्फ सरकार में रहते हुए ही नहीं, बल्कि पार्टी संगठन में भी मजबूत नेतृत्वकर्ता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय करने, कार्यकर्ताओं को सम्मान देने और जनता की आवाज को शासन की प्राथमिकता में शामिल करने में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। उन्होंने हमेशा संवाद और सहमति की राजनीति का पालन किया है जो लोकतांत्रिक मूल्यों की वास्तविक शक्ति है। उन्होंने कहा कि लगातार आठवीं बार जनता का अपार समर्थन मिलना यह साबित करता है कि श्रवण कुमार आम लोगों के सर्वाधिक प्रिय और विश्वसनीय नेता हैं। बिहार की जनता को आज ऐसे अनुभवी, सरल और ईमानदार जनप्रतिनिधि की आवश्यकता है जो ग्रामीण विकास की गति को और अधिक मजबूत करे। डॉ. निर्मल कुशवाहा ने विश्वास व्यक्त किया कि मंत्री के रूप में श्रवण कुमार आने वाले समय में सुनियोजित विकास, रोजगार सृजन और सामाजिक उत्थान के नए अध्याय लिखेंगे तथा बिहार को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरा समाज उनके नेतृत्व से आशान्वित है और विकास के प्रति उनका संकल्प बिहार के भविष्य को उज्ज्वल बनाएगा।

## एनडीए की प्रचंड जीत से बौखलाया है राजद : राजीव रंजन प्रसाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड विजय के बाद राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने राजद द्वारा किए गए एक ट्वीट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने आरोप लगाया कि एनडीए को मिला भारी जनसमर्थन राष्ट्रीय जनता दल के नेताओं के गले नहीं उतर रहा है, इसी कारण वे अनर्गल टिप्पणियां और मर्यादाहीन आरोपों का सहारा ले रहे हैं। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि बिहार की जनता ने इस चुनाव में एनडीए के विकास कार्यों और नेतृत्व में विश्वास जताते हुए ऐतिहासिक जनादेश दिया है, लेकिन राजद इसे पचा नहीं पा रहा। उन्होंने कहा कि राजद नेता बिहार की जनता के इस अभूतपूर्व समर्थन से बौखलाहट में हैं। वे जनादेश का सम्मान करने के बजाय अपमानजनक टिप्पणियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजद और पूरे विपक्ष को आत्ममंथन करना चाहिए कि आखिर बिहार की जनता ने उन्हें पूरी तरह नकार क्यों दिया, लेकिन इसके विपरीत वे आरोप-प्रत्यारोप और राजनीतिक बयानबाजी में उलझे हुए हैं। जेडीयू प्रवक्ता ने कहा कि जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है कि विकास, सुशासन और स्थिरता ही प्राथमिकता है जबकि विपक्ष सिर्फ भ्रम फैलाने और नकारात्मक राजनीति करने में लगा रहा। अंत में उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन बिहार की जनता के भरोसे और विश्वास के अनुरूप काम करते हुए बिहार के विकास को और गति देगा और जनता के जनादेश का सम्मान करना हर दल का दायित्व है।

## डॉ नीतू नवगीत को मिला विश्व हिंदी सेवा सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** विश्व हिंदी परिषद द्वारा नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीयता और मानवता के प्रतीक पंडित दीनदयाल उपाध्याय विषय पर अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कई गणमान्य हस्तियों को विश्व हिंदी सेवा सम्मान दिया गया। भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका और पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत को साहित्य एवं संस्कृति के क्षेत्र में शानदार योगदान के लिए विश्व हिंदी सेवा सम्मान प्रदान किया गया। इस भव्य आयोजन के दौरान विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य यार्लगड्डा लक्ष्मी प्रसाद, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, संस्था के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर विपिन कुमार और सम्मेलन संयोजक प्रोफेसर रामनारायण पटेल उपस्थित रहे।

## पूर्वी चंपारण में छह दलितों की हत्या पर कांग्रेस ने गठित की जांच समिति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बीते बुधवार 19 नवंबर को पूर्वी चंपारण जिले के मधुबन थाना अंतर्गत माधोपुर ग्राम में हुई अत्यंत दुःखद और क्रूर घटना जिसमें छः दलित (पासवान जाति) समुदाय के लोगों की फरसा से काटकर निर्मम हत्या कर दी गई है, पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने गहरा दुःख और चिंता व्यक्त करते हुए चार सदस्यीय जांच समिति का गठन कर जांच समिति को घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने बकायदे निर्देश जारी कर इस जघन्य घटना की विस्तृत जांच करने, पीड़ित परिवारों से मिलकर वस्तुस्थिति का सत्यनिष्ठ आकलन करने तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु चार सदस्यीय जांच समिति का तत्काल प्रभाव से गठन किया है इसमें पूर्वी चंपारण के जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ई शशि भूषण राय के अध्यक्षता में अमर आजाद पासवान, अमरजीत कुमार और अजय पासवान को सदस्य के रूप में नियुक्त किया है। यह जांच समिति 24 नवंबर 2025 को उक्त गांव (माधोपुर) में पहुंचकर पीड़ित परिवारों और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर घटना की वास्तविकता एवं कारणों की विस्तृत जानकारी जुटाएगी तथा प्रदेश कांग्रेस को रिपोर्ट करेगी ।

## समाजसेवी स्व. मंजू श्री अग्रवाल की श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ों ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पत्रकार सीए ईश्वरन श्री जी की माता जी 80 वर्षीय समाजसेवी मंजू श्री अग्रवाल का स्वर्गवास 9 नवंबर 2025 को उनके आवास राजकमल भवन में हो गया था। वे अपने पीछे अपने पति श्रीचंद अग्रवाल सहित परनाती श्रीजी, पोता पोती सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। आज उनके श्रद्धांजलि में सैकड़ों की संख्या में नगर के गणमान्य पुरुष एवं महिलाओं ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। एमपी जैन ने बताया कि गोलोकवासी मंजू श्री अग्रवाल कुशल गृहणी, व्यावसायी होने के साथ-साथ कई महिला संगठनों से जुड़ी हुई थी तथा एक लोकप्रिय सख्सियत थीं। देहरादून से आयी मीरा अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने वर्षों तक बालिकाओं की शिक्षा के विकास हेतु कार्य किया तथा सरस्वती बालिका विद्यालय की व्यवस्थापक के रूप में भी अपनी सेवाएं प्रदान की। उनकी मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र परमेश्वरन श्री जी ने दिया है जो आरएसएस से जुड़े हुए हैं। मौके पर उनकी नजदीकी संबंधी और प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. गीता जैन ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि स्व. मंजू जी केवल हमारी परिवार की सदस्य नहीं थीं, बल्कि समाज की मां समान थीं। उन्होंने निःस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा की और मानवता को अपना धर्म माना। मौके पर मुम्बई से पधारी रमा अग्रवाल ने कहा कि आज उनका शरीर भले हीं हमारे बीच नहीं है, पर उनका दिया हुआ संस्कार, उनकी सीख और उनकी मुस्कुराहट हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेगी। उन्होंने इतने बड़े पूरे परिवार को एक सूत्र में बांधकर रखा था। सभा में विजय कृष्ण अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, अनंत एवं आनंद अग्रवाल, संतोष एवं दीपू अग्रवाल, निधि एवं नीति अग्रवाल, कुंवर अग्रवाल, साख्यम एवं परीक्षित अग्रवाल, अज्जु, बिज्जू तथा गुड्डू अग्रवाल, राजन अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, सौरभ तथा अभिषेक अग्रवाल सहित अन्य ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।

## भारतीय स्टेट बैंक ने किया 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के निर्देशानुसार 21 नवंबर 2025 को पटना जिला के दानापुर में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार के तत्वावधान में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान के तहत जागरूकता एवं सहायता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरबीआई पटना के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद के साथ एसबीआई के मुख्य महाप्रबन्धक अनुराग जोशी थे। इस अवसर पर नाबार्ड, वित्त विभाग बिहार सरकार तथा जिला प्रशासन के नामित अधिकारी भी उपस्थित थे। साथ ही इसमें एसएलबीसी बिहार के सदस्य बैंक तथा एसएलआईसी के सदस्य बीमा कंपनी के अधिकारी की भी उपस्थिति थी।

इस अवसर पर सभी बैंकों व बीमा कंपनियों द्वारा स्टॉल लगाया गया जिसमें ग्राहकों को उनके अनक्लेम्ड असेट्स को प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा मुहैया करायी गयी जानकारियों का सारगर्भित पुस्तक 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार- वित्तीय जागरूकता पहल' का विमोचन किया गया। पुस्तक की प्रति उपस्थित ग्राहकों को वितरित की गई। एसबीआई के मुख्य महाप्रबन्धक अनुराग जोशी ने अनक्लेम्ड असेट्स के बारे मे जानकारी दी तथा उसे प्राप्त करने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। आरबीआई पटना के क्षेत्रीय निदेशक सुजीत कुमार अरविंद ने ग्राहकों को पोर्टल के बारे में जानकारी दी जिसके माध्यम से विभिन्न बैंकों में अपनी अनक्लेम्ड जमा राशि का पता लगाया जा सकता है, साथ ही सभी उपस्थित लोगों को इस तरह के आयोजनों का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु आग्रह किया। इस अवसर पर ग्राहकों के बीच क्लेम सेटलमेंट के रूप में सांकेतिक चेकों का वितरण किया गया। इस मौके पर उपस्थित ग्राहकों ने अपनी प्रतिक्रिया दी और बैंक तथा सरकार के इस प्रयास की सराहना की। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बिहार के संयोजक एवं महाप्रबंधक रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने इस अभियान पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पैसा जनता का है और इसे उनके सही हकदारों तक पहुंचाना हमारी नैतिक और विनियामक जिम्मेदारी है। यह अभियान पारदर्शिता और ग्राहक-सेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमें खुशी है कि आज बड़ी संख्या में ग्राहकों ने इस शिविर का लाभ उठाया। इस शिविर में 300 से अधिक लोगों की उपस्थिति रही।

## बिहार के स्पैरोमैन-डीडी न्यूज के उपनिदेशक संजय कुमार की मां जया देवी का निधन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के स्पैरोमैन-डीडीन्यूज के उपनिदेशक संजय कुमार और देश के चर्चित नाटककार राजेश कुमार की मां जया देवी का गुरुवार रात भागलपुर में निधन हो गया। सामाजिक महिला 92 वर्षीया जया देवी ने रात 8.20बजे अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को भागलपुर में किया जायेगा। अपने पीछे चार पुत्र-पुत्रवधू, तीन पोता, तीन पोती, एक परनाती छोड़ गई है।

## यात्री सुविधा के मद्देनजर उठाए गए कई कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल यात्री सुविधा में निरंतर सुधार हेतु कार्यरत है। इसी कड़ी में अक्टूबर माह में यात्री सुविधा के मद्देनजर कई कार्य किये गए है जिनका विवरण निम्नानुसार है - यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर अक्टूबर माह में कुल 14 जोड़ी नई ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ किया गया। इनमें पटना से नवादा, इसलामपुर तथा बक्सर के लिए 01-01 जोड़ी एवं पटना से गया के लिए 02 जोड़ी, पाटलिपुत्र से गया एवं बलिया के लिए 01-01 जोड़ी, किउल से मोकामा, झाझा से दानापुर, सहरसा एवं बिहारीगंज से पूर्णिया कोर्ट, गौनहा से नरकटियागंज के लिए 01-01 जोड़ी नई ट्रेनों का परिचालन शामिल है। इसके साथ ही मुजफ्फरपुर से चर्लपल्ली एवं दरभंगा से मदार के लिए 01-01 जोड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस का भी परिचालन प्रारंभ किया गया। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा हेतु 04 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन विस्तार किया गया। गाड़ी सं. 15515/15516 दानापुर-सुगौली एक्सप्रेस का नरकटियागंज तक, 22843/22844 बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस का बक्सर तक, 12553/12554 नई दिल्ली-सहरसा वैशाली एक्सप्रेस का ललितग्राम तक तथा 75249/75250 अमहा पिपरा-सहरसा पैसेंजर का त्रिवेणीगंज तक परिचालन विस्तार किया गया। अक्टूबर माह में पूर्व मध्य रेल के 11 स्टेशनों पर 17 ट्रेनों का ठहराव प्रदान किया गया। यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अक्टूबर माह में 05 नए यूटीएस खोले गए जिससे अब पूर्व मध्य रेल में यूटीएस की संख्या 433 हो गयी है । इनमें दानापुर मंडल के बरबीघा, सरसा जमालपुर, अस्थावां एवं तोपसरथुआ तथा समस्तीपुर मंडल के त्रिवेणीगंज शामिल हैं। छठ के उपरांत यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर 14 प्रमुख स्टेशनों पर 32 मोबाइल यूटीएस की सुविधा उपलब्ध करायी गयी थी ताकि यूटीएस काउंटर पर भीड़ को कम किया जा सके और यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध हो सके। पटना जं. के प्लेटफॉर्म सं. 2/3 पर 01 नया एस्केलेटर की सुविधा प्रदान की गयी। पटना जं. के प्लेटफॉर्म सं. 4/5 पर 02 यूरिनल का निर्माण किया गया। दानापुर मंडल के सकलडीहा स्टेशन पर 01 फुट ओवर ब्रिज एवं बड़हिया स्टेशन पर एफओबी रैंप का निर्माण कार्य पूरा किया गया। दानापुर मंडल के दरौली स्टेशन के प्लेटफॉर्म सरफेस का उन्नयनीकरण किया गया। अथमलगोला स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर 09 अदद वाटर बूथ एवं पटना जं. के प्लेटफॉर्म सं. 6/7 पर 01 वाटर बूथ की सुविधा उपलब्ध करायी गयी। धनबाद मंडल में नार्थ रामगढ़ चैनपुर में एक नया गुड्स शेड खोला गया जो 24 घंटे कार्यरत है।

## लुइस फिलीप का द रॉयल मैस्कैरेड कलेक्शन लांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स लिमिटेड के प्रीमियम में सवियर ब्रांड लुइस फिलीप ने अपना नया सेरेमोनियल कलेक्शन 'द रॉयल मैस्कैरेड' पेश किया है। वेनिस के प्रतिष्ठित मैस्कैरेड कल्चर से प्रेरित यह कलेक्शन 17वीं-18वीं सदी की भव्यता को आधुनिक लक्जरी फैशन में नए रूप में प्रस्तुत करता है - जहां संरचित टेलरिंग, समृद्ध टेक्सचर, ज्वेल-टोन रंग और कूट्योर-स्तरीय डिटेलिंग खास आकर्षण हैं। कलेक्शन में एमरल्ड, मिडनाइट सफायर, रूबी लैकर और आइवरी सिल्क जैसे गहरे रंगों के साथ टक्सीडो जैकेट, लेयर्ड शर्ट्स और थ्री-पीस सूट शामिल हैं। गीजा कॉटन, वेलवेट और टेंसेल ब्लेंड्स पर बने इन परिधानों को बैरोक जैक्वार्ड, टोनल एंब्रॉयडरी, लेस और सैटिन विवरणों से उन्नत किया गया है जो उन्हें कूट्योर-प्रेरित प्रीमियम लुक देते हैं। लॉन्च के मौके पर लुइस फिलीप के चीफ बिजनेस ऑफिसर अनिल एस. कुमार ने कहा कि यह कलेक्शन उस आधुनिक शान का उत्सव है जो व्यक्ति की अपनी पहचान और अभिव्यक्ति से जन्म लेती है।

## सहरसा से अमृतसर के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु रेलवे द्वारा सहरसा से अमृतसर के लिए 23.11.2025 को स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

गाड़ी सं. 04667 सहरसा-अमृतसर स्पेशल - गाड़ी सं. 04667 सहरसा-अमृतसर स्पेशल दिनांक 23.11.2025 को 07.30 बजे खुलकर 08.33 बजे मानसी, 08.50 बजे खगड़िया, 09.23 बजे बेगूसराय, 10.00 बजे बरौनी, 10.32 बजे बछवारा, 12.05 बजे हाजीपुर, 12.28 बजे सोनपुर रुकते हुए वाराणसी, राय बरेली, मुरादाबाद, सहरनपुर, अम्बाला कैंट, जालंधर सिटी के रास्ते अगले दिन 17.00 बजे अमृतसर पहुंचेगी। इस ट्रेन में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02 कोच, शयनयान श्रेणी के 08 कोच तथा साधारण श्रेणी के 06 कोच होंगे।

## राष्ट्रीय अधिवेशन में अधिवक्ता कल्याण के मुद्दे उठेंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह की अध्यक्षता में तथा वरीय अधिवक्ता रामनंदन मिश्रा के संचालन में शनिवार को एक बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी अखिल भारतीय अधिवक्ता कल्याण समिति के अधिवेशन को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक की जानकारी देते हुए अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि नई दिल्ली में समिति का 09वां दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी 28 एवं 29 नवंबर को आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में अधिवक्ता हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर मांगें रखी जाएंगी। औरंगाबाद से समिति के उपाध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, शाखा औरंगाबाद के जिला अध्यक्ष रामनंदन मिश्रा, कोषाध्यक्ष धनंजय कुमार और सदस्य हरे कृष्ण प्रसाद सिंह प्रतिनिधि के रूप में भाग लेंगे। अधिवेशन में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम, अधिवक्ता ऋण योजना, अधिवक्ता बीमा योजना तथा अधिवक्ता पेंशन योजना लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई जाएगी। बैठक में अधिवक्ता कामेश्वर यादव, इरशाद आलम और सतीश कुमार स्नेही सहित कई वकील उपस्थित थे। बैठक में अधिवक्ताओं की सुरक्षा और कल्याण से जुड़े मुद्दों को लेकर व्यापक चर्चा की गई और उम्मीद जताई गई कि अधिवेशन से अधिवक्ताओं को मजबूती देने वाले निर्णय सामने आएंगे।

## देश में अब सिर्फ चार लेबर कोड, 29 श्रम कानून खत्म

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने पुराने 29 श्रम कानूनों को खत्म कर दिया है। इन कानूनों की जगह अब चार नए लेबर कोड बनाए गए हैं जो आज से देश में लागू कर दिया गया है। यह लेबर कोड हैं मजदूरी संहिता-2019, औद्योगिक संबंध संहिता-2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्तें संहिता-2020। इन चार लेबर कोड से देश के सभी श्रमिकों (अनौपचारिक सेक्टर, गिग वर्कर्स, प्रवासी मजदूरों और महिलाओं समेत) बेहतर वेतन, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य-सुरक्षा की गारंटी मिलेगी। यह संहिता संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों के सभी कर्मचारियों के लिए न्यूनतम मजदूरी का एक वैधानिक अधिकार स्थापित करती है। पहले, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम केवल अनुसूचित रोजगारों पर लागू होता था जिसमें लगभग 30% श्रमिक ही शामिल थे।

## लिट्रा वैली स्कूल ने किया वार्षिक प्रस्तुतीकरण का आयोजन

### हम साथ हैं, इसलिए मजबूत हैं - ठीक वैसे ही जैसे ताने-बाने के धागे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** लिट्रा वैली स्कूल, पटना के शांति निवास ऑडिटोरियम में कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के छात्रों ने रंगारंग नृत्य, मधुर गीत, जीवंत वाचन, प्रेरणादायक नाटक और उत्कृष्ट समन्वय के साथ अपने प्रदर्शन प्रस्तु किए। यह खूबसूरत ताने-बाने की प्रस्तुति नवरस 'और मासूमियत' की थीम के साथ मंचित की गई। लिट्रा वैली स्कूल ने अपने भव्य वार्षिक प्रस्तुतीकरण का आयोजन किया जिसकी थीम टेपेस्ट्री था, जो खूबसूरती से दर्शाता है कि प्रत्येक बच्चा एक अनोखा धागा है, जो एक रंगीन, अर्थपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण कहानी सुनाता है। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के छोटे बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और उत्साह झलक रहा था। इस कार्यक्रम के शुभारम्भ को गई गणमान्य अतिथियों यथा चेयरमैन अमित प्रकाश, चेयरपर्सन अंजली सिंह, प्रिंसीपल डेसमंड ज्यूड डी 'मोंटे, हेडमिस्ट्रेस सुजाता भदानी तथा फाइनेंस हेड के0 के0 सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने और भी खास बना दिया।

कार्यक्रम का आरंभ चेयरमैन, चेयरपर्सन, प्रिंसीपल एवं हेडमिस्ट्रेस द्वारा दीप प्रज्जवलन से हुआ जो अंधकार के नाश और ज्ञान के प्रकाश का प्रतीक है। प्रिंसीपल डेसमंड ज्यूड डी मोंटे ने अपने प्रेरणादायक शब्दों से उपस्थित लोगों को संबोधित किया और विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की अपनी दृष्टि को साझा किए। हेडमिस्ट्रेस सुजाता भदानी ने वार्षिक शैक्षणिक रिपोटें प्रस्तुत की। हेड ब्याय और हेड गर्ल ने खेल व गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट साझा किए जो पूरे वर्ष की उपलब्धियों का प्रमाण था।

# संपादकीय

## क्या एलपीजी समझौते से खुल जाएगा ट्रेड डील का रास्ता?

भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के जल्दी ही किसी निष्कर्ष तक पहुंचने की उम्मीद की जा रही है, लेकिन इसके समांतर दोनों देशों में कई अन्य मुद्दों पर भी सहमति बनती देखी जा रही है। अगर कुछ अहम बिंदुओं पर बातचीत परस्पर हित पर आधारित समझौते तक पहुंचती है, तो इससे व्यापार वार्ता भी एक ठोस स्वरूप में सामने आएगी। इस क्रम में जहां अमेरिका के सख्त रुख में नरमी देखी जा रही है, वहीं भारत भी अपने व्यापक हित के मद्देनजर व्यावहारिक फैसले ले रहा है।गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच रसोई गैस के मसले पर एक ऐतिहासिक समझौता हुआ है, जिसे आने वाले दिनों में अमेरिका की शुल्क नीति के प्रभाव से आगे बढ़ते हुए एक नए अध्याय की शुरुआत के तौर पर देखा जा रहा है। इस समझौते के तहत भारत अमेरिका से लगभग 2.2 मिलियन टन रसोई गैस खरीदेगा। हालांकि यह भारत की सालाना जरूरत का मात्र दस फीसद है और यह समझौता केवल एक वर्ष के लिए ही है, लेकिन इस सहमति को एक व्यापक समझौते की पृष्ठभूमि माना जा सकता है।यह छिपा नहीं है कि तेल की कीमतों के मामले में अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भरता की वजह से रसोई गैस के दाम में कैसे उतार-चढ़ाव आते रहे हैं। अब इस समझौते के अमल में आने के बाद भारत के सामने नए विकल्प खुलेंगे और रसोई गैस की आपूर्ति का जोखिम कम होगा। यह समझौता भारत की तीन सरकारी तेल कंपनियों ने अमेरिकी उत्पादकों के साथ किया है। अब अगर किन्हीं हालात में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमत में कोई उतार-चढ़ाव आता है, तो वैसी स्थिति में भारत पर इसका असर सीमित होगा।इसके अलावा, अगर अगले वर्ष रसोई गैस और तेल के वैश्विक बाजार में किसी तरह की उथल-पुथल होती है, तो भारत के सामने इस मामले में स्थिति को संभालने के लिए एक वैकल्पिक इंतजाम होगा। कहा जा सकता है कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और जरूरतों के मद्देनजर एक नई रणनीति के साथ अपने कदम आगे बढ़ा रहा है। इसका असर पिछले कुछ समय से टकराव की स्थिति तक पहुंच चुके भारत-अमेरिका संबंधों में फिर से गर्माहट के रूप में सामने आ सकता है। साथ ही भारतीय उपभोक्ताओं को कीमतों में स्थिरता के रूप में आर्थिक सुरक्षा मिलेगी और सार्वजनिक कंपनियों की स्थिति मजबूत होगी।एक वर्ष है, लेकिन इससे दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता के एक बेहतर निष्कर्ष तक पहुंचने की उम्मीद बंधी है।

**अमेरिका के तीन एएच -64ई अपाचे गार्जियन अटैक हेलिकॉप्टर भारत आ रहे थे। अमेरिका से एक कार्गो इसे लेकर उड़ा, मगर, वह अचानक यू-टर्न लेकर ब्रिटेन में कुछ समय तक रुकने के बाद अमेरिका लौट आया। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया कि तुर्की ने अपाचे हेलिकॉप्टर के साथ एंटोनोव एयरलाइंस का एएन-124 मालवाहक विमान को हवाई रास्ता नहीं दिया। इस एएच-64ई अपाचे गार्जियन अटैक हेलिकॉप्टर को दुनिया का सबसे ताकतवर हेलिकॉप्टर माना जाता है। यही वजह है कि इस उड़ते टैंक को खरीदने को लेकर पूरी दुनिया में होड़ मची है। ट्यूजडे ट्रीविया में यह जानते हैं कि आखिर अपाचे हेलिकॉप्टरों में ऐसी क्या खूबी है, जिसे पाने के लिए ज्यादातर देश बेताब रहते हैं। भारत ने अमेरिका वाली चाल चल दी है, जिसमें अमेरिका से अपाचे हेलिकॉप्टर खरीदकर उसे अमेरिका के दोस्त पाकिस्तान के खिलाफ ही इस्तेमाल करेगा।**

# भारत ने चल दी अमेरिका वाली चाल, इस बेजोड़ 'ताकत' में पिछड़े चीन और पाकिस्तान

(दिनेश मिश्र )

**लड़ने की ताकत देते हैं टर्बोशॉफ्ट इंजन**

अपाचे हेलीकॉप्टर में दो शक्तिशाली टर्बोशाफ्ट इंजन लगे होते हैं, जो हाई पॉवर और ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में बेतरीन क्षमता प्रदान करते हैं। सबसे आम संस्करण एएच-64ई अपाचे हेलिकॉप्टरों में अमेरिकी इंजन निर्माता कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) टी700-जीई-701डी टर्बोशाफ्ट इंजन इस्तेमाल होते हैं, जो इसे खतरनाक परिस्थितियों में भी लड़ने और उड़ान भरने की ताकत देते हैं।

**क्या होता है टर्बोशॉफ्ट इंजन, जो पॉवरफुल**

हाउस्टूफवर्कस.काम पर छपे एक लेख के अनुसार, टर्बोशॉफ्ट इंजन एक गैस टर्बाइन इंजन होता है जो हेलिकॉप्टर के रोटर या जहाज के प्रोपेलर जैसी बाहरी मशीनों को चलाने के लिए जेट थ्रस्ट नहीं, बल्कि शॉफ्ट पावर पैदा करने के लिहाज से बना होता है। यह एक कंप्रेसर का इस्तेमाल करके हवा को अंदर खींचकर दबाता है। वह एक दहन कक्ष में ईंधन को जलाकर हाई एनर्जी वाली गैस बनाता है। एक या एक से अधिक टर्बाइन उस गैस प्रवाह से ऊर्जा निकालकर एक केंद्रीय आउटपुट शॉफ्ट को घुमाते हैं। आउटपुट शॉफ्ट एक गियरबॉक्स के माध्यम से उस मशीन से जुड़ा होता है जिसकी उसे शक्ति की जरूरत होती है।

**अपाचे का मेन काम मिट्टी में मिलाना:**

हाउस्टूफवर्कस.काम के अनुसार,



अपाचे का मुख्य काम टैंकों और बंकरों जैसे भारी बख्तरबंद जमीनी लक्ष्यों को नष्ट करना है। यानी उन्हें मिट्टी में मिला देता है। इस तरह का नुकसान पहुंचाने के लिए आपको भारी मारक क्षमता की आवश्यकता होती है। अपाचे का मुख्य हथियार हेलफायर मिसाइल इन जरूरतों को पूरा करता है। प्रत्येक मिसाइल एक लघु विमान है, जिसमें अपना मार्गदर्शन कंप्यूटर, स्टीयरिंग नियंत्रण और प्रणोदन प्रणाली होती है। इसका पेलोड एक उच्च-विस्फोटक, तांबे से ढका हुआ चार्ज वाला वारहेड है जो सबसे भारी टैंक कवच को भी भेदने में सक्षम है।

**पाकिस्तान और चीन के पास भी नहीं है अपाचे**

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान और चीन के पास एएच-64 ई अपाचे गूरडिन हेलिकॉप्टर नहीं हैं। भारत ने अमेरिका से ये शक्तिशाली हेलिकॉप्टर हासिल किए हैं, जो चीन और पाकिस्तान के साथ लगती सीमाओं पर तैनाती के लिए हैं। वहीं, पाकिस्तान ने भारत के अपाचे हासिल करने के बाद चीन से जेड10 एमई हेलिकॉप्टर लिए हैं। चीन के पास अपने खुद के अटैक हेलीकॉप्टर (जेड-10 और जेड-19) हैं और अपाचे केवल ताइवान के पास है।

**सबसे खतरनाक का खिताब व्यक्तिपरक है**

और इस्तेमाल किए गए मानदंडों पर निर्भर करता है, लेकिन एएच-64 अपाचे को अपने शक्तिशाली हथियारों, उन्नत लक्ष्यीकरण प्रणालियों और युद्ध में जीवित रहने की क्षमता के कारण व्यापक रूप से सबसे खतरनाक हेलीकॉप्टरों में से एक माना जाता है। सबसे खतरनाक हेलीकॉप्टरों में कामोव का-52 एलीगेटर और यूरोकॉप्टर टाइगर शामिल हैं, जो अपने आप में दुर्जेय हमलावर हेलीकॉप्टर हैं। वैसे अपाचे एक दोहरे इंजन वाला सैन्य आक्रमण हेलीकॉप्टर है, जो 1984 में अमेरिकी सेना की सेवा में शामिल हुआ था। युद्ध में उच्च उत्तरजीविता के लिए डिजाइन किया गया, एडी-64डी अपाचे दुनिया का सबसे घातक, उत्तरजीविता योग्य, तैनाती योग्य और रखरखाव योग्य बहु-मिशन हेलीकॉप्टर है। भारतीय सेना विमानन कोर ने राजस्थान के जोधपुर में एएच-64ई अपाचे अटैक हेलिकॉप्टरों के संचालन हेतु समर्पित अपनी पहली इकाई की स्थापना के साथ आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 2020 में, बोइंग ने भारतीय सेना के लिए 6 और अपाचे हेलीकॉप्टरों की खरीद हेतु भारत सरकार के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। एएच-64 अपाचे दुनिया का सबसे उन्नत बहुउद्देशीय लड़ाकू हेलीकॉप्टर है। इसका उपयोग अमेरिकी सेना और बढ़ती संख्या में अंतर्राष्टीय रक्षा बलों द्वारा किया जाता है। यह एक महत्वपूर्ण क्षण है क्योंकि अपाचे, स्वदेशी हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड के बाद, सेना के शस्त्रागार में दूसरे अटैक हेलीकॉप्टर बन जाएँगे।

## हिड़मा का अंत नक्सल आंदोलन के ताबूत में आखिरी कील

(नीरज कुमार दुबे)

यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि अमित शाह की सख्त, निरंतर और परिणाम-उन्मुख नीतियों ने सुरक्षा बलों में वह गति भर दी, जिसकी भारत को वर्षों से आवश्यकता थी। माओवादी हिंसा जिस रफ्तार से सिमट रही है, वह उनकी रणनीति का प्रत्यक्ष परिणाम है।

भारत के आंतरिक सुरक्षा तंत्र के लिए 2025 एक निर्णायक मोड़ साबित हो रहा है। सीपीआई (माओइस्ट) के सबसे क्रूर, सबसे चालाक और सबसे कुख्यात सैन्य कमांडर मदवि हिड़मा का खात्मा केवल एक ऑपरेशनल सफलता नहीं, यह एक बहुत बड़ा संदेश भी है। यह संदेश है उस अंतिम लड़ाई का, जिसकी समय सीमा खुद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तय की थी। हिड़मा का अंत 30 नवंबर 2025 की डेडलाइन से ठीक 12 दिन पहले हुआ है। यह डेडलाइन अमित शाह ने सुरक्षा बलों को देते हुए कहा था कि हिड़मा का आतंक उसी दिन तक समाप्त होना चाहिए। हिड़मा की मौत ने यह स्पष्ट संकेत दे दिया है कि देश अब उस विजय रेखा के बेहद करीब है, जिसे गृह मंत्री ने 31 मार्च 2026 तक माओवाद को पूरी तरह समाप्त करने के रूप में परिभाषित किया था।

हम आपको याद दिला दें कि अमित शाह ने पिछले वर्ष घोषणा की थी कि माओवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने का समय आ चुका है। उन्होंने बड़ी समय-सीमा देने के साथ-साथ सुरक्षा एजेंसियों को छोटे-छोटे लक्ष्य भी सौंपे थे। जैसे- कहीं किसी इलाके को माओवादियों से पूरी तरह मुक्त कराना, कहीं किसी शीर्ष माओवादी नेता को समर्पण के लिए मजबूर करना और कहीं ऑपरेशनों के माध्यम से संगठन की कमर तोड़ देना। उसी रणनीति का सबसे अहम माइलस्टोन था हिड़मा का निपटारा, जिस पर अमित शाह ने हाल की समीक्षा बैठकों में निजी तौर पर जोर दिया था। हिड़मा का अंत उसी जंगल में हुआ, जहाँ से उसका आतंक शुरू हुआ था।

आज यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि अमित शाह की सख्त, निरंतर और परिणाम-उन्मुख नीतियों ने सुरक्षा बलों में वह गति भर दी, जिसकी भारत को वर्षों से आवश्यकता थी। माओवादी हिंसा जिस रफ्तार से सिमट रही है, वह उनकी रणनीति का प्रत्यक्ष परिणाम है।

कौन था हिड़मा और क्यों था इतना महत्वपूर्ण यदि इस सवाल पर गौर करें तो आपको बता दें कि मदवि हिड़मा माओवादियों की केंद्रीय समिति का सबसे युवा सदस्य था, लेकिन उसकी कुख्याति, क्रूरता और क्षमताएँ उसे संगठन का सबसे खतरनाक सैन्य चेहरा बनाती थीं। वह पीएलजीए की कुख्यात बटालियन नंबर 1 का कमांडर रहा था। वह बस्तर का एकमात्र आदिवासी नेता था जिसे माओवादियों की केंद्रीय समिति में जगह दी गई। छत्तीसगढ़, तेलंगाना और ओडिशा में कई बड़े हमले उसी की योजना का हिस्सा थे। वर्षों से सुरक्षा बल उसकी तलाश में थे, लेकिन वह हमेशा बच निकलता था। पिछले दिनों छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उसकी माँ से मिलकर समर्पण की अपील भी करवाई, पर वह तैयार नहीं हुआ। उसकी मृत्यु पर बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी का यह बयान बिल्कुल सटीक है कि यह वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक माइलस्टोन है।

हम आपको बता दें कि केंद्रीय समिति की शक्ति अब घटकर केवल 7 सदस्यों पर आ गई है। इनमें भी गणपति अस्सी के करीब है, मिसिर बेसरा झारखंड के कुछ क्षेत्रों तक सीमित है और संगठन का कैडर आधार तेजी से खत्म हो रहा है। सक्रिय नेताओं में देवजी, संग्राम, गणेश उइके, रामदर और दो क्षेत्रीय कमांडर– बरसे देवा व पप्पा राव ही बचे हैं। अनुमान है कि 100-150 से ज्यादा सशस्त्र माओवादी कैडर अब पूरे देश में नहीं बचे हैं। जो बचे हैं वह भी कुछ आरक्षित वनों और सीमावर्ती इलाकों तक सिमटे हुए हैं। देखा जाये तो 2025 में माओवादियों को जो सबसे बड़ी चोटें लगी हैं, वे अभूतपूर्व हैं। पहले पीबी नेता नंबाला केसव राव मारा गया फिर सोनू उर्फ वेणुगोपाल राव ने आत्मसमर्पण किया। इसके अलावा, कई केंद्रीय समिति सदस्य मारे गए या समर्पण कर चुके हैं।

## डेटाबेस से डाउनटाइम तक : क्लाउडफ्लेयर की चूक और उसका व्यापक असर

सुनील कुमार महला

मंगलवार, 18 नवंबर 2025 को शाम करीब 5꞉20 बजे से क्लाउडफ्लेयर नेटवर्क में तकनीकी गड़बड़ी आ गई। इस तकनीकी गड़बड़ी ने दुनिया भर की ऑनलाइन सेवाओं को यकायक रोक दिया। चैटजीपीटी, ट्विटर (एक्स प्लेटफार्म),कैनवा, डिस्कोर्ड और कई बड़े प्लैटफॉर्म इस तकनीकी गड़बड़ी के कारण एक साथ डाउन हो गए, जिससे यूजर्स को काफ़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस घटना ने वैश्विक डिजिटल इकोसिस्टम में संभावित कमजोरियों को उजागर किया और यह स्पष्ट किया कि इंटरनेट अवसंरचना में तकनीकी त्रुटियों का भी व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। बहरहाल, उल्लेखनीय है कि जैसे ही क्लाउडफ्लेयर में दिक्कत आयी, वही उसे ट्रैक करने वाले प्लैटफॉर्म डाउनडिटेक्टर ने भी काम करना बंद कर दिया। यह साफ दिखाता है कि समस्या सिर्फ एक साइट की नहीं, बल्कि इंटरनेट इन्फ्रा-लेयर पर थी। यहां पाठकों को बताता चलूं कि इंटरनेट इंफ्रा-लेयर इंटरनेट की वह आधारशिला है, जिस पर पूरा डिजिटल संसार टिका हुआ है। क्लाउडफ्लेयर आउटेज से वैश्विक क्रिप्टो ट्रेडिंग बाधित हुआ और डेटाबेस त्रुटि से 20त्न इंटरनेट ठप हो गया। दूसरे शब्दों में कहें तो क्लाउडफ्लेयर कंपनी, जो कुल इंटरनेट ट्रैफ़िक का लगभग 20त्न संभालती है, लगभग तीन घंटे तक अपने मुख्य सिस्टम में पूरी तरह से रुकावट का सामना करती रही। उपलब्ध जानकारी के अनुसार समस्या 11.05 यूटीसी(कार्डिनेटेड यूनिवर्सल टाइम) या अंतर्राष्ट्रीय मानक समय(भारतीय समय शाम 4.35 बजे) पर डेटाबेस में बदलाव के साथ शुरू हुई। क्लाउडफ्लेयर अपने क्लिकहाउस डेटाबेस सिस्टम की सुरक्षा में सुधार कर रहा था, तभी कुछ गड़बड़ हो गई। डेटाबेस ने क्लाउडफ्लेयर के बॉट सुरक्षा सिस्टम द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कॉन्फ़िगरेशन फ़ाइल में डुप्लिकेट प्रविष्टियाँ बनाना शुरू कर दिया। यह फाइल अपने सामान्य आकार से बढ़कर दोगुने से भी ज्यादा हो गई, जिससे इंटरनेट ट्रैफ़िक को प्रोसेस करने वाला सॉफ़्टवेयर ठप हो गया। जब क्लाउडफ्लेयर के सर्वर ने इस बड़े आकार की फाइल को लोड करने की कोशिश की, तो वे क्रैश हो गए। फाइल में 200 से ज़्यादा फ़ीचर थे, जो सिस्टम की 200 की अंतर्निहित सीमा से ज़्यादा थे (सामान्य उपयोग में लगभग 60 फ़ीचर होते थे)। यह विफलता कंपनी के पूरे वैश्विक नेटवर्क में फैल गई, जिससे लाखों वेबसाइटें प्रभावित हुईं जो सुरक्षा, गति और विश्वसनीयता के लिए क्लाउडफ्लेयर पर निर्भर हैं।

## डिजिटल जहर से समाज को बचाने की अनूठी पहल

(किंशुक पाठक)

महाराष्ट्र के सांगली जनपद के मोहित्यांचे वडगांव (जिसे संक्षेप में वडगांव कहा जाता है) में हर शाम सात बजे भैरवनाथ मंदिर से 45 सेकंड के लिए एक सायरन-ध्वनि गूंजती है, जो किसी चीनी मिल या अन्य औद्योगिक इकाई के कर्मचारियों के लिए बजने वाले सायरन से भिन्न है। यह ध्वनि दरअसल एक सूचना है कि अगले 90 मिनट (7 से 8.30 बजे तक) सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण- मोबाइल, टीवी इत्यादि बंद रहेंगे। दूसरा बजने वाला सायरन इस अवधि की समाप्ति की सूचना देता है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए क्षेत्रवार समूहों का गठन किया गया है, जो हर घर जाकर इस पहल का महत्व समझाते हैं। इस 'डिजिटल कर्फ्यू' का उल्लंघन करने वालों को शुरू में चेतावनी दी जाती थी, लेकिन अब पूरा समाज इसका पालन करने का प्रयास करता है। माता-पिता भी नियम का अनुपालन करते हैं, ताकि बच्चे अकेला न अनुभव करें। इस 90 मिनट में बच्चे अध्ययन करते हैं, युवा पुस्तकें पढ़ते हैं या घर से बाहर निकलकर सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेते हैं। जब लक्ष्य सकारात्मक बदलाव का हो, तब समाज भी साथ आ खड़ा होता है। डिजिटल डिटॉक्स मुहिम का परिणाम यह हुआ कि एक माह में ही अंतर साफ दिखने लगा। छात्रों के अध्ययन में सुधार हुआ, रचनात्मकता में वृद्धि हुई और स्कूल में उनके व्यवहार में और स्पष्ट बदलाव नोटिस किया गया। इन नतीजों को ध्यान में रखते हुए सरपंच विजय मोहिते ने अब इसे ढाई घंटे तक करने का विचार किया है। सांगली जिले के पांच अन्य गांवों ने भी इसे अपनाया है, जो इसकी सफलता का प्रमाण है।

जैसे-जैसे डिजिटल दुनिया विस्तृत हो रही है, वडगांव मॉडल जैसे प्रयोगों की अहमियत बढ़ती जा रही है। समाज को फिर से जोड़ने और संबंधों को पुनर्जीवित करने में ये रामबाण बन सकते हैं। इस पहल ने एक बार फिर हमें स्मरण कराया है कि तकनीक मनुष्य की सहजता के लिए है, न कि स्वामी बनने के लिए। (लेखक एसोशिएट प्रोफेसर,पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय )। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

## जहरीले प्रदूषण से दिल्ली का जीतना देश के लिए जरूरी

(वीरेंद्र कुमार पैन्यूली)

राजधानी दिल्ली के प्रदूषण का मुद्दा एक बार फिर राष्ट्रीय बहस के केंद्र में आ गया है। पिछले करीब एक महीने से यहां की वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की जा रही और अब तो नागरिक भी इसके खिलाफ सड़कों पर उतरने लगे हैं। आलम यह है कि राज्य सरकार को दिल्ली में 'ग्रैप-3' की पाबंदियां लागू करनी पड़ी हैं। निर्माण कार्यों, डीजल वाहनों और खनन कार्यों पर रोक लगा दी गई है। पांचवीं तक के बच्चों की ऑनलाइन कक्षाएं लेने और लोगों से निजी गाड़ियों के कम इस्तेमाल की अपील की गई है। दिल्ली के प्रदूषण का असर देश भर की मनःस्थिति पर पड़ता है कि आखिर राजधानी ही जब इस समस्या का निदान नहीं कर पा रही, तो फिर छोटे शहरों के वैश्विक प्रदूषण का क्या होगा?

वायु प्रदूषण एक वैश्विक समस्या है और यह मानव स्वास्थ्य के साथ इस ग्रह की सेहत व जलवायु परिवर्तन पर भी असर डालता है। सबसे पहले हमें यह समझने की जरूरत है कि स्वच्छ हवा हरेक जगह सभी सामाजिक-आर्थिक वर्ग के लोगों को उपलब्ध होनी ही चाहिए। 7 सितंबर, 2021 को आयोजित 'इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एअर फॉर ब्लू स्काई' का विषय था- स्वस्थ हवा, स्वस्थ ग्रह। इस दिवस का उपयोग वायु प्रदूषण, मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के अंतरसंबंधों पर प्रकाश डालने के लिए किया जाता है। इसके बाद ही भारत में 16 दिसंबर, 2021 को सर्वोच्च न्यायालय ने सर्वाधिक वायु प्रदूषित राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता प्रबंधन



आयोग को यह दायित्व सौंपा था कि वह जन-सामान्य व विशेषज्ञों की राय से दिल्ली प्रदूषण का कोई स्थायी समाधान निकाले।

इस आदेश के बाद धुएं से बचाव की निगरानी के लिए लगभग 250 टीमें, निर्माण स्थलों पर नजर रखने को 75 और वाहन प्रदूषण प्रमाणपत्र की जांच में 500 टीमें लगाई गईं। भवन-निर्माण व तोड़फोड़ पर रोक लगी। जारी निर्माण कार्यों के लिए चेक लिस्ट व संहिता बनीं। ग्रीन मार्शल नियुक्त किए गए। नियमों का पालन न करने वाली निर्माण इकाइयों पर भारी जुर्माना लगता था। दिल्ली की शीतकालीन योजना में अनावश्यक सेवाओं से जुड़े वाहनों का दिल्ली में प्रवेश रोक दिया गया था। दस साल पुराने पेट्रोल और 15 साल पुराने डीजल वाहनों को स्क्रैप करने व 65 चिह्नित जाम वाली सड़कों पर जाम न होने देने की योजना बनाई गई थी। शीर्ष अदालत ने ही दिल्ली में स्मॉग टॉवर लगाने का सुझाव दिया था। फिर भी, दिल्ली प्रदूषण का अस्थायी समाधान तक नहीं निकला। यह चिंता का विषय होना चाहिए

दिल्ली को स्थायी समाधान चाहिए, तो पिछली शीतकालीन योजना की सीमाओं को परखते हुए उससे सीख लेनी चाहिए। प्रदूषण रोकथाम की योजना चाहे कितने ही विशेषज्ञों द्वारा प्रतिपादित हो, बाहर से आ रहे प्रदूषण पर रोक लगाए बिना वह सफल नहीं हो सकती है। स्थायी समाधान के लिए प्रदूषण के मूल स्रोतों पर नियंत्रण करना होगा। पटाखे और कूड़ा जलाने पर पूर्ण रोक इस दिशा में कारगर हो सकती है। कूड़े के पहाड़ों को हर हाल में हटाना ही होगा। करीब 25-26 प्रतिशत वायु प्रदूषण घरों के ठोस ईंधन से निकला हुआ होता है। पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने से दिल्ली की वायु गुणवत्ता प्रभावित होती है। सल्फर डाई-ऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, अमोनिया जैसे जाने हुए प्रदूषकों के अलावा ठोस पीएम 2.5 प्रदूषकों के उत्सर्जन को भी तय सीमा में बांधना ही होगा। इसके साथ ही उन पर्यावरण नियमों, नीतियों व मानकों को लागू किया जाए, जिससे हवा में पहुंचने वाले प्रदूषणों का कम से कम उत्सर्जन हो। एक्सप्रेस-वे की दोनों तरफ पौधे लगें, तो वे प्रदूषण-शोषक का काम करेंगे। कोयला आधारित बिजली उत्पादन वाली इकाइयों और डीजल से चलने वाले जेनरेटरों का विकल्प ढूंढ़ना होगा। वायु प्रदूषण के स्थायी समाधान के लिए भ्रष्टाचार और कुशासन से लड़ाई बहुत जरूरी है, क्योंकि इनके कारण सभी उपाय सही से जमीन पर लागू नहीं हो पा रहे। अमेरिका ने सन् 1970 में ही साफ हवा के मानक व कानून घोषित कर दिए थे, किंतु अभी भी कई क्षेत्रों में हवा की गुणवत्ता का स्तर इनसे काफी नीचे चला जाता है। अतः हताशा छोड़कर वायु प्रदूषण को कम से कम करने की राह पर हमें अपनी भूमिका निभानी पड़ेगी। (लेखक पर्यावरणविद् है) (ये लेखक के अपने विचार हैं)

## जिलाधिकारी के आदेश पर राइस मिलों का सूक्ष्म परीक्षण जनकल्याण योजनाओं में शुचिता सुनिश्चित करने की पहल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** सरकारी योजनाएँ जनता तक यथार्थ रूप में पहुँचें इसी ध्येय के साथ जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने प्रशासनिक तंत्र को सजग और सुदृढ़ रहते हुए निरंतर परीक्षण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जनता के हित से बड़ी कोई उपादेयता नहीं, और योजनाओं की शुचिता ही सुशासन का आधार है।

इन्हीं निर्देशों के अनुरूप शुक्रवार को अधिप्राप्ति शाखा के जिला नोडल पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी तथा राज्य अन्न निगम के जिला प्रबंधक की समवेत टोली ने उसना राइस मिल, पल्काया राइस मिल, जाइस् राइस मिल तथा पैक्स रामनगर फरसाही पहुँकर सम्पूर्ण कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष परीक्षण किया। टोलियों ने धान की प्राप्ति, भंडारण की दशा, तौल व्यवस्था, अभिलेखों की शुद्धता तथा समस्त व्यवस्था की पारदर्शिता को निकट से परखा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि सरकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार का अपविचलन जनविश्वास के विपरीत है और प्रशासन ऐसी गड़बड़ियों को किसी हाल में



स्वीकार नहीं करेगा। जांच के क्रम में संचालकों को यह भी चेताया गया कि समयबद्धता, शुचिता और सत्यनिष्ठा प्रशासन की मूल अपेक्षाएँ हैं। योजनाओं का लक्ष्य केवल प्रपत्रों की पूर्ति नहीं, बल्कि जनता के हित की रक्षा है। इस निरीक्षण से यह संदेश स्पष्ट हुआ कि अब योजनाओं का प्रत्येक चरण कठोर अनुश्रवण के दायरे में रहेगा और जनता हित सर्वोच्च स्थान पर।

## परामर्श केंद्र में पारिवारिक कलह पर सुनवाई, चार जोड़े मिले, एक मां की दास्तान ने सबको झकझोर दिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में शुक्रवार को दस मामलों की सुनवाई के दौरान रिश्तों की जटिलताओं, टूटन और उम्मीद—तीनों का एक साथ व्यापक मेल देखने को मिला। केंद्र की पहल पर चार दंपतियों को समझा-बुझाकर दोबारा साथ रहने के लिए राजी कर लिया गया, जबकि दो मामलों में पति-पत्नी की आपसी नादानी और अड़ियल रवैये को देखते हुए उन्हें थाना अथवा न्यायालय की शरण लेने की सलाह दी गई।



शेष मामलों की अगली तिथि आगामी शुक्रवार को निर्धारित की गई। सुनवाई के बीच पाँच बच्चों की एक मां का मामला सबसे अधिक भावुक और विचारणीय रहा। वादिनी ने कहा कि उसने 18 वर्षों तक पति के साथ रहकर हर तरह के जुल्म और अत्याचार सहे, लेकिन परिवार की गरिमा के लिए कभी शिकायत नहीं की। पर जब हालात सहनशक्ति से बाहर हो गए तो वह खुद को बचाने के लिए झारखंड भाग गई। महिला ने स्पष्ट कहा कि अब न वह कोई केस करना चाहती है और न किसी विवाद में पड़ना—'वह अपना रास्ता देखें, मैं अपना। बच्चों की जिम्मेदारी मैं अकेले उठाऊंगी।' वहीं पति ने अपनी ओर से बताया कि वह चार महीने तक पत्नी की तलाश में परेशान रहा और अंततः केनगर पुलिस ने झारखंड से उसे बरामद कर घर लाया। इस तथ्य को पत्नी ने भी स्वीकारते हुए यही कहा कि 'अत्याचार जब असहनीय हो गया, तभी मुझे भागना पड़ा।' केनगर थाना क्षेत्र के इस दंपति के मामले सहित सभी मामलों को सुलझाने में केंद्र की संयोजिका एवं महिला थाना अध्यक्ष शबाना आजमी, सदस्य दिलीप कुमार दीपक, स्वाति वैश्य, यंत्री बबीता चौधरी, जीना रहमान, पीटी पालमती कामत और आशुतोष झा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सिंधिया की जमीन पर कब्जे का खेल : पुलिस ने तोड़ा फरारी का कवच, दुर्गी ऋषि गिरफ्तार, ग्रामीणों की राहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**के नगर/चंपानगर/पूर्णिया।** सिंधिया की जमीन पर प्रभुत्व जमाने की कोशिश में शुरू हुआ विवाद अब पुलिस कार्रवाई के मोड़ पर पहुँच चुका है। गुरुवार की शाम चम्पानगर थाना पुलिस ने उस नामजद आरोपित को पकड़ लिया, जो घटना के बाद से फरारी को ही ढाल बनाकर कानून से आँख मिलाए बैठा था।

थानाध्यक्ष अनुपम राज ने पुष्टि की कि गिरफ्तार व्यक्ति सिंधिया पंचायत वार्ड संख्या 6 के सिंधिया मलिनियां टोला निवासी राजेन्द्र ऋषि का 40 वर्षीय पुत्र दुर्गी ऋषि है, जिसे कानूनी औपचारिकताओं के बाद शुक्रवार को सीधे जेल भेज दिया गया। यह गिरफ्तारी उस मामले की अगली कड़ी है जिसे धमदाहा थाना क्षेत्र के ठाढ़ी धरहर गाँव निवासी संजय कुमार मरांडी ने आठ अगस्त 2025 को कांड संख्या 99/2025 के रूप में दर्ज कराया था। संजय मरांडी ने पुलिस को बताया था कि वह पिछले पाँच वर्षों से जमीनदार ध्रुव कुमार के दादा स्वर्गीय महावीर मंडल के नाम की खतियान वाली मौजा सिंधिया की 13 एकड़ 67 डिसमिल भूमि—खाता 501 और खेसरा 1743, 1749, 1750, 1751, 1772, 1773—पर बटाईदारी कर खेती कर रहा है। इसी भूमि पर चार अगस्त को आठों नामजद आरोपितों ने हलवा और हथियार के सहारे कब्जा जमाने का प्रयास किया और वादी को न केवल पीटा बल्कि उसे जातिसूचक अपमानजनक शब्दों से नीचा दिखाने की कोशिश भी की, जो घटना को सीधी-सीधी आपराधिक नीयत की तरफ मोड़ देता है। इस आरोप ने पूरे क्षेत्र की संवेदनशीलता बढ़ा दी थी और पुलिस लगातार दबिश में थी। दुर्गी ऋषि की गिरफ्तारी से मामला अब निर्णायक मोड़ पर पहुँचता दिख रहा है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि न्याय की प्रक्रिया तेज होगी और बाकी आरोपित भी जल्द पकड़ में आएँगे, क्योंकि सिंधिया की जमीन पर चल रहा यह खामोश संघर्ष अब कानून के कठोर दायरे में सिमटता दिख रहा है।

## खाना बनाने के दौरान आग लगने से दो घर जलकर राख

**अमदाबाद /कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 9 में गुरुवार देर शाम खाना बनाने के दौरान अचानक आग लग गई। जिसमें एक ही परिवार के दो घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। घटना में लाखों रुपये की क्षति का अनुमान है। पीड़ित बीबी जुम्नी और सवेरा खातून ने बताया कि वे खाना बना रही थीं। तभी अचानक चूल्हे से आग भड़क उठी। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में दोनों घर आग की चपेट में आ गए। घर में रखा लगभग पचास हजार रुपये नकद सहित सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। सूचना मिलते ही पार्षद प्रतिनिधि इनामुल हक मौके पर पहुँचे और अंचल पदाधिकारी को घटना की जानकारी दी।

## गरीब व फुटपाथी व्यापारियों को राहत

## अतिक्रमण हटाने में सख्ती रोकने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** शहर के फुटपाथी और अल्प आय वर्ग के दुकानदारों की चिंता को संज्ञान में लेते हुए विधायक विजय खेमका ने जिला पदाधिकारी से फोन पर आग्रह किया है कि नगर निगम और ईस्ट ब्लॉक क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान के दौरान किसी भी गरीब दुकानदार को जबरन हटाने की कार्रवाई न की जाए। उन्होंने कहा कि व्यवस्था सुधार जरूरी है, मगर ऐसा कदम नहीं उठना चाहिए जिससे इन दुकानदारों के रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़े।

विधायक ने प्रशासन को सुझाव दिया कि शहर और हाईवे पर



बढ़ते जाम की समस्या को दूर करने के लिए स्थायी योजना बनाई जाए और ट्रैफिक सिस्टम को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आचार संहिता हटने के बाद अब नई एनडीए सरकार पूरी मजबूती के साथ काम में जुट चुकी है, ऐसे में नगर निगम द्वारा विकसित वेंडिंग जोन की दुकानों का आबंटन एक सप्ताह के भीतर फुटपाथी दुकानदारों को उपलब्ध कराया जाना चाहिए, ताकि उन्हें बिना बाधा अपने रोजगार को आगे बढ़ाने का अवसर मिले। शपथ ग्रहण समारोह के उपरांत

पूर्णिया वापसी के दौरान विधायक खेमका ने कहा कि शहर के विकास के लक्ष्य में सभी वर्गों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने बताया कि पूर्णिया को जाममुक्त और स्वच्छ बनाने के लिए प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिक और फुटपाथी दुकानदार भी अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

विधायक ने बिहार में एनडीए सरकार के भारी जनादेश को जनता के विश्वास का प्रतीक बताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्रियों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही सरकार के नवनियुक्त मंत्रियों को शुभकामनाएँ देते हुए उन्होंने चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और पारदर्शी रूप से संपन्न कराने में जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की भूमिका की सराहना की।

## उप विकास आयुक्त अंजनी जमीन पर उतरे, विकास कार्यों की नब्ज पर हाथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बी कोठी/पूर्णिया।** बी. कोठी प्रखंड में शुक्रवार का दिन प्रशासनिक सक्रियता का साक्षी बना, जब उप विकास आयुक्त अंजनि कुमार स्वयं मैदान में उतरे और एक-एक योजना की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। गोरिपुर पंचायत में मनरेगा से बने खेल मैदान का निरीक्षण कर उन्होंने कार्य की मौजूदा रफ्तार और गुणवत्ता पर विस्तृत नजर डाली। स्थल पर मौजूद अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि अधूरेपन या मानकहीन कार्यों की गुंजाइश अब नहीं बचेगी।



नाथपुर पंचायत में तीन वृक्षारोपण योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने पौधों के संरक्षण पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि योजनाएँ सिर्फ फाइलों की संख्या बढ़ाने के लिए नहीं होतीं, इन्हें जमीन पर जीवित रखना ही असली उपलब्धि है। इसके बाद मुलकिया पंचायत में नहर सफाई और बाँध मरम्मती कार्य का निरीक्षण करते हुए वे सीधे मजदूरों के बीच पहुँचे। कुल 17 मजदूरों से बात कर उन्होंने काम की वास्तविक स्थिति, समस्याएँ और प्रगति को प्रत्यक्ष रूप से समझा। पूरे निरीक्षण क्रम में उप विकास आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि विकास योजनाओं में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता किसी भी कीमत पर समझौते का विषय नहीं हो सकती। मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी को यह भी निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो, ताकि लाभार्थियों तक योजनाओं का प्रभाव सहजता और समय पर पहुँच सके। उनकी यह सक्रियता संकेत देती है कि विकास कार्य अब केवल रिपोर्टों में नहीं, बल्कि जमीन पर दिखने वाले परिणामों के आधार पर परखे जाएंगे।

## 6 किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**कटिहार नगर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सहायक थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इस बाबत थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति गांजा की खेप लेकर जीआरपी. चौक की तरफ आ रहा है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई को लेकर पुलिस बल के साथ थानाध्यक्ष जीआरपी चौक पर पहुंचे। पुलिस बल को देखकर एक संदिग्ध व्यक्ति मौके से भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रूपेश कुमार चौधरी ( 25), पिता विनोद चौधरी हृदयगंज, थाना सहायक, जिला-कटिहार निवासी बताया।

कन्या विवाह मंडप योजना को समय से पूरा करने की तैयारी तेज

## जिला परिषद् सभागार में मुखियों की अहम बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** जिला परिषद् सभागार, पूर्णिया में शुक्रवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला के चिन्हित 26 ग्राम पंचायतों के माननीय मुखियाओं और पंचायत सचिवों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जहां योजना को जमीन पर उतारने की दिशा में आवश्यक तैयारियों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने साफ शब्दों में कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना का आधार चयनित भूमि का पूर्णतः विवादरहित होना है, इसलिए सभी पंचायतें प्रस्तावित भूखंड का स्थलीय निरीक्षण हर हाल में कराएं और उससे संबंधित अभिलेख शीघ्रता से अंचलाधिकारी के माध्यम से भेजें, ताकि कार्य प्रक्रिया में किसी प्रकार की देर न हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप समय पर शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करना पंचायत स्तर की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी तरह की ढिलाई योजना की गति को प्रभावित कर सकती है। बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि कन्या विवाह मंडप केवल एक निर्माण योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेटियों के सम्मान, सामाजिक सुविधा और सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, इसलिए प्रत्येक पंचायत को इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाना होगा। बैठक में जिला पंचायत संसाधन केंद्र, पूर्णिया के प्रखंड परियोजना प्रबंधक पप्पू कुमार शर्मा सहित सभी संबंधित पंचायतों के मुखिया और पंचायत सचिव उपस्थित रहे और निर्धारित समयसीमा में योजना पूर्ण करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## डीएम ने की जल शक्ति अभियान की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीना की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान कैच द् रेन के तहत "जल संचय-जन भागीदारी" एवं जल-जीवन-हरियाली अभियान की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी।बैठक में सभी विभाग, लाईन डिपार्टमेंट के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए।



जिला पदाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में जल संचय से संबधित किये गये कार्यों को जल संचय-जन भागीदारी 2.0,कैच द् रेन एवं "जल जीवन-हरियाली" पोर्टल पर 30.11.25 तक इंट्री कराने तथा संबंधित योजनाओं का क्रियान्वयन कराते हुए पोर्टल पर इंट्री कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। साथ ही जल संचय-जन भागीदारी 1.0 को लेकर जिले को 6वां राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्राप्त करने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी विभागीय पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने जल संचय-जन भागीदारी 2.0 में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने को लेकर संबंधित योजना का क्रियान्वयन कर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन भी दिया।

## 203.87 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के अबादपुर पुलिस ने मादक पदार्थो के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए कुल-203.87 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया । अबादपुर थानाध्यक्ष गुप्त सूचना मिला की एक व्यक्ति मोटरसाइकल से मादक पदार्थ की खेप लेकर बंगाल से संकोला चैक पोस्ट की ओर आ रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष अपने पुलिस बल के साथ संकोला चैक पहुँचे तो पुलिस बल को देखकर एक व्यक्ति मोटरसाइकल से उतरकर तेजी से भागने लगा। जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया एवं पकड़े गये व्यक्ति का नाम-पता पूछने पर अख्तर अली (24) पिता नामीरूददीन बेलवा नया टोला,थाना अबादपुर जिला कटिहार बताया।

## जमीन कारोबारी का हत्यारोपी 25 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला पुलिस एवं एसटीएफ को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ?25,000 के इनामी और एक हत्याकांड के फरार कुख्यात अपराधी सन्नी श्रीवास्तव सहित उसके एक अन्य सहयोगी को गिरफ्तार किया है।जानकारी के अनुसार 29 अक्टूबर की रात्रि करीब 10:00 बजे वादी काजल कुमारी (27) पति स्व. धीरज कुमार साह चंद्रमा चौक, थाना मुफ्फसिल निवासी ने एक लिखित आवेदन में बताया कि सन्नी श्रीवास्तव और उसके सहयोगियों ने जमीन की खरीद-बिक्री को लेकर साजिश रचकर उनके पति धीरज कुमार साह की हत्या कर दी है। पीड़िता के लिखित आवेदन पर थाना मे प्राथमिकी दर्ज की गई थी।वही मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अभिजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला पुलिस और एसटीएफ के साथ एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया। उक्त छापामारी टीम द्वारा गुरूवार को बारसोई जयचन रेलवे गुमटी के पास छापेमारी की गई। इस दौरान ?25,000 के इनामी अपराधी सन्नी श्रीवास्तव और उसके सहयोगी अभिषेक महतो उर्फ दादा को गिरफ्तार किया गया।

## धर्मपुर में सांस्कृतिक चेतना का उद्गार, बिहार कोकिला की पुण्यतिथि पर कला ने फिर जगाई अपनी लौ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धमदाहा/पूर्णिया।** धर्मपुर साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद् ने 20 नवम्बर को ऐसा वातावरण रचा, जिसमें श्रद्धा की शांति भी थी और कला की अनुभूति भी। किरासन तेल डीपू स्थित सार्वजनिक बजरंगबली मंदिर परिसर में बिहार कोकिला की पखवाड़ा पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह ने यह साबित किया कि संस्कृति केवल परंपरा नहीं, बल्कि समाज की स्मृतियों का जीवंत स्वर है।



कार्यक्रम की शुरूआत कलाकारों द्वारा बाबा बजरंगबली और लोकगायिका शारदा सिन्हा के प्रति सामूहिक वंदना से हुई। इसी के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति, चिंतन-परक गोष्ठी, बिहार कोकिला हिंदी समदन के लोकार्पण और मुरली दक्षता प्रमाण-पत्र वितरण का क्रम सहज गति से आगे बढ़ा। परिषद् के अध्यक्ष सह गायक बिपीन कुमार भारती के संचालन में वरीय कलाकार लक्ष्मी राम ने संस्थापक-कवि मनोज राय की कृति की प्रस्तुति से मंच को जिस गहराई से स्पर्श किया, उसने दर्शकों को लंबे समय तक भावविभोर रखा।

संस्थापक-कवि मनोज राय ने अपने मुरली-वादन से समारोह को एक ऐसी लय प्रदान की, जिसने वातावरण को पूर्णतः संगीतधर्मी बना दिया। उन्होंने बिहार कोकिला के जीवन-प्रसंग, उनकी साधना और कला के प्रति उनकी निष्ठा को विस्तार से उजागर करते हुए बताया कि लोक-संगीत की समृद्ध परंपरा तभी संरक्षित होती है जब समाज उसकी धरोहरों को सम्मानपूर्वक याद रखता है।

परिषद् की ओर से अध्यक्ष बिपीन कुमार भारती ने मनोज राय को मुरली दक्षता प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनकी सतत सांगीतिक साधना की सराहना की। पूरे समारोह ने यह एहसास कराया कि कला और विमर्श जब एक ही मंच पर उतरते हैं, तो संस्कृति की जड़ें और गहरी होती हैं। इस अवसर पर शंभू राय, राजेंद्र राय, अशोक राय, अर्जुन राय सहित स्थानीय कलाकार-वृंद, संपर्क प्रतिनिधि दिलीप कुमार, जनार्दन मेहता, सुरेश मेहता, मिथिलेश कुमार, जगदीश राय, राघवेन्द्र राय और बड़ी संख्या में उपस्थित धर्मप्रेमियों ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

## चातर में खेल भावना का संगम कटिहार बना चैंपियन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**के नगर/पूर्णिया।** केनगर प्रखंड के परोरा पंचायत स्थित चातर गाँव में ग्राम पूजा के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का समापन शनिवार को उमंग और उत्साह के बीच संपन्न हुआ। उच्च विद्यालय परोरा के क्रीड़ा मैदान में आदिवासी समुदाय द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता न सिर्फ खेल का मंच बनी, बल्कि समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक पहचान का भी दमदार प्रदर्शन साबित हुई।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी आशीष कुमार, अंचलाधिकारी दिवाकर कुमार और विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोरा के संस्थापक सदस्य राजेश मिश्रा की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ा दी। मंच संचालन का दायित्व कन्या मध्य विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका सुचित्रा कुमारी ने पूरी कुशलता से निभाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ आशीष कुमार ने कहा कि आयोजन समिति की ईमानदारी और निष्ठा ने सभी समुदायों को एक मंच पर जोड़कर मिसाल पेश की है। उन्होंने ग्रामीण स्तर पर छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने वाले ऐसे आयोजनों को समय की मांग बताया। वहीं अंचलाधिकारी दिवाकर कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं के लिए सरकारी सेवाओं तक पहुंच का रास्ता खेल खोलता है, जिससे उनका और उनके परिवार का भविष्य संवरता है। टूनार्मेंट में जिले और अंतर-जिले की कुल 16 टीमों ने भाग लिया। रोमांचक फाइनल मुकाबला कटिहार और पूर्णिया की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें कटिहार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब पर कब्जा जमाया। पूर्णिया उपविजेता रही। मंचासीन निर्णायक मंडली ने विजेता और उपविजेता टीम को शिल्ड, ट्रॉफी और उपहार भेंट कर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। ग्राम पूजा के अवसर पर आयोजित यह खेल समारोह चातर गाँव की सामाजिक एकजुटता और खेल के प्रति प्रतिबद्धता की सशक्त मिसाल बन गया।

## संक्षिप्त समाचार

### झोपड़ी में लगी आग, पूरा सामान राख

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बनिया हसनपुर गांव में चूल्हे की चिंगारी से एक झोपड़ीनुमा घर में आग लग गई, जिसमें कपड़ा, बर्तन, अनाज सहित घर का पूरा सामान जलकर राख हो गया। आग पीड़ित की पहचान राजू सहनी के रूप में हुई है। पीड़ित ने बताया कि सुबह खाना बनाते समय चूल्हे से उठी चिंगारी झोपड़ी में लग गई, जिससे आग तेजी से फैल गई और कोई भी सामान नहीं बचाया जा सका। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। पीड़ित ने प्रशासन से आपदा अनुग्रह अनुदान के तहत मुआवजा देने की मांग की है।

### सर्पदंश से मजदूर की मौत

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरेया बसंत गांव में सर्पदंश से एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान हरेराम मांझी (40 वर्ष), पुत्र नायक मांझी के रूप में की गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि घर में काम करते समय उसे जहरीले सांप ने डस लिया। परिजन उसे गंभीर अवस्था में रेफरल अस्पताल मढ़ौरा ले गए, जहां से उसे छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। छपरा जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर तरैया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिवार को सौंप दिया। घटना के बाद परिजन रो-रोकर बेहाल हैं।

### मारपीट में नौ लोग घायल, दो गंभीर

**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चंचलिया गांव में पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें नौ लोग घायल हुए। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार तरैया रेफरल अस्पताल में कराया गया। घायलों में राजगीरी राउत, उनकी पत्नी सविता देवी, नागेंद्र राउत, गुड्डू राउत, कुंदन कुमार, प्यारचंद राउत, बन्नी लाल राउत, सुभाष राउत और मुकेश राउत शामिल हैं। चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए बन्नी लाल राउत और राजगीरी राउत को छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मामले में बन्नी लाल राउत ने चार लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि आरोपी शराब बेचते हैं और कभी भी अप्रिय घटना कर सकते हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### व्यवसायी लाल साहेब प्रसाद का निधन, क्षेत्र में शोक

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक गोला मंडी के प्रसिद्ध खाद-बीज थोक व्यवसायी लाल साहेब प्रसाद (70) का गुरुवार सुबह निधन हो गया। परिजनों ने बताया कि सुबह जगाने पर पता चला कि उनका देहांत हो चुका है। स्थानीय लोगों का मानना है कि उनकी मौत हृदय गति रुकने से हुई होगी। निधन की खबर फैलते ही पूरे गोला मंडी में शोक की लहर दौड़ गई और सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। शोक सभा में जेपी गुप्ता, सुबोध रंजन सिंह, दुर्गेश प्रसाद, प्राण सेठ, पवन प्रसाद सहित कई व्यापारी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। वहीं फोन पर महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह, मांझी विधायक रणधीर सिंह, तथा कई जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके पुत्र संजीत कुमार से बात कर संवेदना व्यक्त की।

### बाइक दुर्घटना में दो युवक गंभीर

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैनपुर रेलवे ओवरब्रिज पर अनियंत्रित बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान त्रिपुरारी तिवारी (28 वर्ष), पिता राजकिशोर तिवारी, गांव हसापीर और सुजीत सिंह (30 वर्ष), पिता स्व. कामेश्वर सिंह, गांव बंगरा के रूप में हुई है। बताया गया कि दोनों युवक रात में बाइक से मशरक आ रहे थे तभी ओवरब्रिज के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। स्थानीय लोगों ने उन्हें सीएचसी मशरक पहुंचाया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### शराब के साथ एक तस्कर व पांच शराबी गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जीतना



पुलिस ने थाना के अलग-अलग क्षेत्रों से 9 लीटर नेपाली शराब के साथ दरपा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी सुखल ठाकुर के पुत्र रामायण ठाकुर तस्कर को गिरफ्तार किया हैसाथ ही जीतना पुलिस ने पांच लोगों को शराब के नशे में भी गिरफ्तार किया हैजीतना थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि लखौरा थाना क्षेत्र के बड़ा पकही गांव निवासी रमाकांत दास के पुत्र आशिक कुमार, पकही गांव निवासी नगीना दास के पुत्र आशिक कुमार, जीतना थाना क्षेत्र के भवानीपुर गांव निवासी स्वर्गीय भरोस राय के पुत्र अभिनेश कुमार, राम बचन सिंह के पुत्र राजेश कुमार, जीतना थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी शिवमंगल यादव के पुत्र राजन प्रसाद यादव सहित सभी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### दो समुदायों के बीच विवाद पर नियंत्रण, सात लोग गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 19 नवंबर 25 को बैरिया थाना के बरवा बारी गांव में खालिक मियां के घर आई बारात में ञ्ख बजाकर नाच गान करने तथा उसी क्रम में रात्रि 11 बजे विवाद होने के उपरांत दो समुदायों में आपसी मारपीट एवं पथराव की सूचना बैरिया थानाध्यक्ष को मिली। बैरिया थानाध्यक्ष, बैरिया बीडीओ एवं सीओ, तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर 2 द्वारा तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच पड़ताल की गई। पुछताछ एवं जांच से ज्ञात हुई कि दोनों समुदाय के लोग सम्मिलित होकर नाच गान कर रहे थे तथा इसी दौरान आपस में मारपीट कर लिए तथा एक दूसरे पर पथराव भी किए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पश्चिम चम्पारण, बेतिया के द्वारा भी घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा निदेर्शानुसार शांति समिति की बैठक कर दोनों समुदाय से समाज में शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने हेतु अपील की गई। इस मामले में दोनों पक्षों से सात लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## शिकारगंज पुलिस ने विशेष अभियान के तहत दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**चिरैया (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारगंज पुलिस ने विशेष अभियान के तहत दो वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। थाना क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने और फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस टीम ने दोनों वारंटियों को उनके घरों से



दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में थाना क्षेत्र के कठमलिया गांव निवासी स्वर्गीय मुखलाल साह के पुत्र राम एकबाल साह, दूसरा वारंटी टुन्ना अंसारी, पिता निजाम अंसारी, जो बटउआ गांव निवासी है। दोनों के खिलाफ न्यायालय द्वारा वारंट जारी था, जिसके अनुपालन हेतु पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि वारंटियों की गिरफ्तारी पुलिस टीम की गश्त का परिणाम है। उन्होंने कहा कि फरार चल रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी को भी कानून से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को आवश्यक औपचारिकताओं के उपरांत माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

---

#### चित्रांश समाज की एकजुटता का उदाहरण बनी बैठक

# डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती पर भव्य आयोजन की तैयारी का निर्णय

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती को इस वर्ष चित्रांश समाज संयुक्त रूप से भव्य स्वरूप में मनाएगा। इसको लेकर कायस्थ परिवार छपराझसारण के तत्वावधान में सारण सर्व-समिति चित्रांश एकता परिषद की एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले की विभिन्न चित्रांश समितियों व संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और आयोजन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि आगामी 3 दिसंबर को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती सह चित्रांश सम्मान समारोह को संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अगुवाई कायस्थ परिवार द्वारा की जाएगी, जबकि अन्य समितियाँ सह-संयोजक की भूमिका निभाएंगी। सभी समितियों ने सामूहिक रूप से इस निर्णय पर सहमति जताते हुए इसे समाज की एकता की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। बैठक में श्री चित्रांश समिति, चित्रगुप्त सेवा समिति सहित अन्य संगठनों के प्रतिनिधि



उपस्थित रहे। वहीं सभी समितियों के संरक्षक के रूप में प्राचार्य प्रो. के. पी. श्रीवास्तव उपस्थित थे। उन्होंने सुझाव दिया कि आयोजन के बाद सभी समितियों को मिलाकर एक स्थायी कायस्थ परिषद का गठन किया जाए, जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार किया। बैठक की अध्यक्षता राजेश कुमार सिन्हा 'मिंटू' ने की, जबकि कार्यक्रम अध्यक्ष कमल किशोर सहाय थे। इस अवसर पर मुख्य संयोजक अभिजीत श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी कि समारोह में चित्रगुप्त पीठाधीश्वर डॉ. सचिदानंद महाराज, भाजपा एनआरआई सेल संयोजक मनीष सिन्हा, युवा विधायक समृद्ध वर्मा सहित देश-विदेश से कई प्रतिष्ठित अतिथि शिरकत करेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. विद्याभूषण श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ परिवार ने पूर्व में भी इस आयोजन का सफल नेतृत्व किया है और इस वर्ष भी सभी समितियों को साथ लेकर एक प्रेरणादायी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी समितियों से सामूहिकता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि हर समिति अपने-अपने पाँच युवा प्रतिनिधियों की सूची शीघ्र उपलब्ध कराएगी और कार्यक्रम की सफलता के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करेगी। कार्यक्रम में उपस्थित रहे प्रतिनिधियों में पंकज वर्मा, मुकुंद मोहन राजू, रूपेश नंदन, रूपक कुमार सिन्हा, अजित सहाय सहित कई चित्रांश बंधुओं ने आयोजन को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव साझा किए। बैठक का स्वागत अजय सहाय ने किया, जबकि आनंद विवेक ने सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। बैठक की सफलता ने न केवल चित्रांश समाज को संगठित किया, बल्कि आगामी आयोजन के प्रति उत्साह व साकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

## किसान हितों से खिलवाड़ की स्थिति में दोषियों को कतई नहीं बख्शा जायेगा



**बेतिया/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के लिए धान अधिप्राप्ति संबंधी एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिले के सभी प्रखंडों से आए सहकारिता प्रसार पदाधिकारियों, चयनित पैक्स/व्यापार मंडल के अध्यक्षों, गोदाम प्रबंधकों और मिलरों ने हिस्सा लिया। बैठक की शुरूआत जिला पदाधिकारी ने धान अधिप्राप्ति व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा से की और प्रत्येक स्तर के पदाधिकारी से जानकारी लेते हुए भविष्य की कार्ययोजना पर विशेष जोर दिया। जिला पदाधिकारी ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिले में धान अधिप्राप्ति का कार्य पूरी तरह पारदर्शी और नियमसम्मत होना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की हेराफेरी, गड़बड़ी या किसान हितों से खिलवाड़ की स्थिति में दोषियों को कतई बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जहां शिकायत मिलेगी, वहां तत्काल जांच कर एफआईआर दर्ज की जाएगी और दोषी पदाधिकारियों, मिलरों सहित अन्य दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने डीसीओ, बीसीओ, पैक्स अध्यक्ष, मिलर, गोदाम प्रबंधक सहित सभी संबंधित व्यक्तियों को चेतावनी देते हुए निर्देश दिया कि हर कोई अपने निर्धारित दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करे, अन्यथा विभागीय कार्रवाई के लिए तैयार रहे।जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिले के सभी मिलों का विधिवत सत्यापन एक सप्ताह के अंदर कर लिया जाएगा और यह प्रक्रिया पूर्ण निष्पक्षता के साथ संचालित होगी। उन्होंने कहा कि सत्यापन केवल औपचारिकता न होकर वास्तविक क्षमता, संचालन, भंडारण और गुणवत्ता संबंधी सभी मानकों की गहन जांच पर आधारित होगी। इसके साथ ही पैक्स गोदामों की भी समय-समय पर जांच कराई जाएगी ताकि किसी प्रकार की अनियमितता या शिकायत की गुंजाइश न बचे। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी पैक्स को योग्यता और विभागीय प्रावधानों के अनुरूप समान रूप से मिल से टैग किया जाए ताकि अधिप्राप्ति कार्य में किसी तरह का भेदभाव या पक्षपात सामने न आए।

## जनता के दरबार में 13 आवेदनकर्ताओं की हुई सुनवाई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 13 आवेदनकर्ताओं की



समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) पूर्वी चंपारण मोतिहारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारी गण के द्वारा सुनवाई की गई। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेंद्र कुमार भारती ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा। भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। जनता के दरबार कार्यक्रम मे एडीएम पीजीआरओ शैलेंद्र कुमार भारती के साथ श वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार, सुश्री निधि कुमारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों ने जनता दरबार में आए लोगों से मिलकर उनकी शिकायतों का समाधान किया।

## प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र में नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत-सह उद्घाटन समारोह का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय में बिहार सरकार के पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा कल्याण विभाग द्वारा संचालित और बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा वित्तपोषित प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र के ग्रीष्मकालीन सत्र(2025-26) का नवागंतुक विद्यार्थियों का स्वागत सह विधिवत उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। छात्र-छात्राओं से भरे कक्ष में अपना उद्घाटन वक्तव्य देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य सह प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक प्रो. एम. एन. हक ने छात्रों को संबोधित करते हुए आत्मानुशासन, आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम को ही सफलता की कुंजी बताया । उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा से चयनित होकर केंद्र में आए छात्रों को सिलेबस के अनुसार परीक्षा की तैयारी पर केंद्रित होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए अपने समाज, अपने परिवार और अपने महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए उदाहरण बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने समय के प्रबंधन और गंभीर अध्ययन को महत्त्वपूर्ण बताया। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी संतोष कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए नियमित उपस्थिति और लगातार परिश्रम को ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए महत्त्वपूर्ण माना। मौके पर सुश्री रिया कुमारी (अनुमंडल पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी, मोतिहारी) भी मौजूद थीं । उन्होंने भी अपने जीवनानुभव को साझा करते हुए छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए । इस अवसर पर प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र के समन्वयक एवम अर्थशास्त्र विभाग



के विभागाध्यक्ष अमरजीत कुमार चौबे ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रतियोगी परीक्षा के लिए धैर्य के महत्त्व को रेखांकित किया । उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी गंभीरता से अपनी बात रखी । उन्होंने पाठ्यक्रम केंद्रित शिक्षण को प्रमुखता के साथ रेखांकित किया। उद्घाटन सत्र का कुशल संचालन श्री अमरजीत कुमार चौबे ने और धन्यवाद ज्ञापन अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. नगेंद्र दास ने किया । इस अवसर प्राक प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक आलोक कुमार, सुधीर कुमार, रवि कुमार आदि मौजूद थे साथ ही प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र के कर्मचारी मुन्ना पंडित, लालू कुमार चौधरी, संतोष कुमार और संजीव कुमार मौजूद थे । इस अवसर पर छात्रों को केंद्र के नियम एवं कायदों की भी जानकारी प्रदान की गई। यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी है ।

## नीतीश कुमार की जीरो टॉलरेंस नीति पर जनता का अटूट भरोसा: हिमराज राम

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जदयू प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम ने मीडिया में जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा से अपराध, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिकता के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर दृढ़ता से कायम रहे हैं। यह केवल एक घोषणा नहीं, बल्कि शासन के हर स्तर पर लागू की गई एक सख्त और पारदर्शी नीति है, जिसने बिहार की प्रशासनिक व्यवस्था में सकारात्मक और ऐतिहासिक बदलाव किए हैं। आज जनता का अपार समर्थन और उनका निर्विवाद विश्वास इस बात का प्रमाण है कि राज्य में कानून का राज मजबूत हुआ है और विकास की गति और तेज हुई है। विधानसभा चुनाव में मिली बड़ी सफलता इस जन-आस्था



का प्रत्यक्ष उदाहरण है कि बिहार की जनता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नेतृत्व क्षमता, उनकी ईमानदार छवि और निरंतर विकास के संकल्प पर भरोसा करती है। बिहार ने एक बार फिर यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया है कि राज्य को प्रगतिशील, शांतिपूर्ण और समावेशी दिशा में आगे ले जाने वाले नेतृत्व के साथ खड़ा रहना ही सबसे बेहतर विकल्प है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भविष्य में भी बिना किसी समझौते के इसी नीति पर चलते रहेंगे और बिहार को विकास, सुशासन तथा सामाजिक सौहार्द की मिसाल बनाए रखने के लिए संकल्पबद्ध रहेंगे। जनता के सहयोग और समर्थन से बिहार विकास की नई ऊँचाइयों को छूता रहेगा।

## राजस्व महाअभियान के तहत प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निष्पादन करें: जिलाधिकारी

#### जिलाधिकारी ने की राजस्व मामलों की समीक्षा बैठक

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अमन समीर ने राजस्व से संबंधित सेवाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में राजस्व महाअभियान के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन, भूमि उपलब्धता और विभिन्न सरकारी परियोजनाओं के लिए उपयुक्त स्थल चयन से जुड़े महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान जमाबंदी में त्रुटि निराकरण के उद्देश्य से चलाए गए राजस्व महाअभियान के अंतर्गत सारण जिले में कुल 84,535 आवेदन रैयतों से प्राप्त हुए हैं। इन सभी आवेदनों को स्कैन कर ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है। उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि शत-प्रतिशत आवेदन स्कैन कर शीघ्र अपलोड किए जाएं, ताकि लंबित मामलों का जल्द निपटारा संभव हो सके। जिलाधिकारी ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक अंचल में अवितरित जमाबंदी दस्तावेजों की अद्यतन सूची कारण सहित उपलब्ध कराई जाए। वहीं, सभी भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता को



निर्देशित किया गया कि वे राजस्व से जुड़े सभी मामलों की नियमित व सक्रिय समीक्षा सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि विभिन्न विभागों की प्रमुख योजनाओं के लिए कई प्रखंडों में जमीन की आवश्यकता है। इस पर जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया कि- ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट/अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेंद्र हेतु उपयुक्त स्थल 15 दिनों के भीतर उपलब्ध कराएं। निबंधन कार्यालय, संयुक्त योजना भवन, जननायक कपूरी ठाकुर बालिका छात्रावास, कामकाजी महिलाओं का छात्रावास, पिछड़ी जाति कल्याण छात्रावास, रीजनल ड्राइविंग टेस्टिंग सेंटर समेत विभिन्न परियोजनाओं के लिए उपयुक्त स्थल एक महीने के भीतर चिह्नित कर भेजें। रिविलगंज, मकेर और इसुआपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय हेतु जमीन चिन्हित कर प्रस्ताव भेजें। इसके अलावा, जिलाधिकारी ने आपदा से संबंधित मुआवजा भुगतान में लंबित सभी आवेदनों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योग्य मामलों में अविलंब मुआवजा भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ितों को राहत मिल सके। बैठक में अपर समाहर्त्ता, सभी भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता एवं सभी अंचलाधिकारी शामिल रहे।

## स्टेट बैंक चौराहा-हनुमानगढ़ी मार्ग होगा अतिक्रमणमुक्त

#### नगर प्रशासन सख्त, दुकानदारों को स्वेच्छा से हटाने का निर्देश

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा नगर के बगहा बाजार स्थित स्टेट बैंक चौराहा से हनुमानगढ़ी तक जाने वाले मुख्य मार्ग को अतिक्रमणमुक्त बनाने के लिए नगर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है .उपसभापति रश्मि रंजन व के उप सभापति प्रतिनिधि सह अधिवक्ता रविशंकर प्रसाद ने बुधवार की देर शाम फुटपाथ और सड़क किनारे दुकान लगाने वाले सभी दुकानदारों से अपील की है . कि वे मुख्य सड़क से तुरंत प्रभाव से अपने दुकानें और सामान सड़क से हटा लें तथा प्रशासन के चल रहे अभियान में सहयोग करें .उप सभापति प्रतिनिधि ने बताया कि इस मार्ग पर लगातार बढ़ते अतिक्रमण के कारण यातायात बाधित हो रहा है .और आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है . आमजन के आवागमन में आ रही परेशानी को देखते हुए नगर प्रशासन द्वारा यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है . उन्होंने दुकानदारों



से आग्रह किया कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं, जिससे जबरन कार्रवाई करने की नौबत न आए .नगर प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी जारी की है .कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो बुल्डोजर सहित अन्य आवश्यक माध्यमों से कार्रवाई की जाएगी . इसके साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है . अधिकारियों का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य शहर में सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना, राहगीरों को सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराना और स्वच्छ वातावरण बनाए रखना है .

# प्रशांत किशोर ने समाप्त किया एक दिन का मौन उपवास

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार चुनाव के परिणामों के बाद जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने 20 नवंबर को पश्चिम चंपारण स्थित भितिहरवा गांधी आश्रम के एक दिन का मौन उपवास रखा। प्रशांत किशोर ने 21 नवंबर की सुबह 11:15 बजे अपना मौन उपवास समाप्त किया। उन्हें स्कूल की बच्चियों ने जूस पिलाकर उपवास समाप्त करवाया। इसके बाद प्रशांत किशोर मीडिया से मुखातिब हुए। प्रशांत किशोर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वे गांधी जी के विचारों और मार्गदर्शन से प्रेरित होकर एक बार फिर



व्यापक जनसंपर्क और संवाद का अभियान शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी से वे बिहार के सभी 1 लाख 18 हजार वार्डों में जाकर लोगों से सीधे बातचीत करेंगे और 'बिहार नवनिर्माण संकल्प अभियान' के

#### स्कूल बच्चियों ने जूस पिलाकर खत्म कराया उपवास

माध्यम से सरकार द्वारा किए गए वादों को पूरा कराएंगे। पीके ने चुनाव के नतीजों को बताया जनता के साथ अन्याय, बोले - सरकार ने 10-10 हजार रुपए में गरीब परिवारों का वोट खरीदा है, ये बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान के मूल भावना की अवहेलना है प्रशांत किशोर ने चुनाव परिणामों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की हाल के नतीजे लोकतंत्र के साथ अन्याय हैं। उनका कहना था की बड़ी संख्या में गरीब परिवारों को 10-10 हजार रुपये जैसी रिश्वत देकर उनका वोट खरीदा गया, जो लोकतंत्र और बाबा साहब द्वारा निर्मित संविधान की मूल भावना का खुला उल्लंघन है। ढङ ने कहा की ऐसे नतीजों को स्वीकार करना मुश्किल है और जन सुराज जनता की उम्मीदों और अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी मजबूती से अपनी भूमिका निभाएगा। प्रशांत किशोर का बड़ा ऐलान - अगले 5 साल तक अपनी आमदनी का 90 प्रतिशत धन जन सुराज को दान करेंगे और पिछले 20 साल में हमने जो भी संपत्ति अर्जित की है, उसमें से अपना एक घर छोड़कर सबकुछ जन सुराज को दान कर देंगे प्रशांत किशोर ने आज एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि वे बिहार को छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे और अपने अगले पांच वर्षों की आय का 90 प्रतिशत हिस्सा जन सुराज के कार्यों के लिए दान करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 20 वर्षों में अर्जित अपनी संपत्ति में से वे केवल एक घर रखेंगे और शेष पूरी संपत्ति जन सुराज को समर्पित कर देंगे। उन्होंने कहा की जन सुराज का संघर्ष केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि एक नैतिक और सामाजिक आंदोलन है, और इसके प्रति उनकी प्रतिबद्धता पूर्ण

# 21 से 28 नवम्बर तक मनाया जा रहा सेवा का अधिकार सप्ताह

## डीडीसी सहित अन्य पदाधिकारियों ने किया शिविरों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 21 से 28 नवम्बर 2025 तक जिले में सेवा का अधिकार सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम, 2011 में सूचीबद्ध सेवाओं को समयबद्ध, पारदर्शी और सरल तरीके से आमजनों तक पहुँचाना है। इस क्रम में आज 21 नवम्बर को जिले के सभी प्रखंड अंतर्गत पंचायतों एवं नगर पंचायत क्षेत्र में शिविरों का आयोजन किया गया। जिनमें खूँटी प्रखंड के डाडीगुटू पंचायत, कर्रा के कच्चाबारी पंचायत, मुरहू के रुमुतकेल पंचायत, अड़की के सरगेया पंचायत, तोरपा के बारकुली पंचायत, रनियां के ताम्बा पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र में हनुमान मंदिर के समीप शिविर आयोजित किए गए।

तोरपा प्रखंड के बारकुली पंचायत में आयोजित शिविर का निरीक्षण स्वयं उपायुक्त आर० रॉनिटा ने किया। उन्होंने आमजनों से संवाद कर उन्हें योजनाओं की जानकारी दी, समयबद्ध सेवाओं के महत्व से अवगत कराया तथा विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण करते हुए पदाधिकारियों को सक्रिय रूप से कार्य करने और आवेदनों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने शिविर स्थल पर लगे कल्याण मंच में लाभुकों को ऑन-द-स्पॉट कई योजनाओं का लाभ प्रदान किया। इनमें सर्वजन पेंशन स्वीकृति, जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र वितरण, आपूर्ति विभाग द्वारा धोतीझसाड़ीझलुंगी वितरण, अबुआ आवास योजना के स्वीकृति पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, मनरेगा अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र, श्रम विभाग का संगठित कार्ड वितरण तथा गर्भवती महिलाओं के बीच पौष्टिक आहार सामग्री वितरण शामिल रहा।



उपायुक्त ने शिविर में लगाए गए स्वास्थ्य, शिक्षा, पेंशन, आपूर्ति, कृषि, पशुपालन, मनरेगा, जाति/आवासीय/आय प्रमाण पत्र निर्माण सहित विभिन्न विभागों के सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने प्रत्येक विभाग के प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सक्रिय रूप से कार्य करने, आमजनों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनने तथा प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दौरान अपर समाहर्ता परमेश्वर मुण्डा, पंचायत की मुखिया प्रतिमा तिरु, प्रखंड विकास पदाधिकारी तोरपा नवीन चंद्र कच्छप, अंचल अधिकारी पूजा बिन्हा, जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

जिलेभर में लगे शिविरों में जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र निर्माण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, भूमि मापी, दाखिल-खारिज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि जैसी सेवाएँ प्रदान की गईं। प्राप्त शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निवारण किया गया तथा लंबित मामलों को समयबद्ध निष्पादन हेतु पंजीबद्ध किया गया।

शिविरों में उपस्थित लाभुक विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर उत्साहित दिखे तथा राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। लाभुकों ने बताया कि सेवा का अधिकार सप्ताह के माध्यम से प्रमाणपत्र निर्माण, पेंशन स्वीकृति, राशन एवं आवास जैसी आवश्यक सेवाएँ उन्हें एक ही स्थान पर सहज रूप से उपलब्ध हुईं, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत हुई है। कई लाभुकों ने कहा कि इस तरह के शिविरों से आमजन को वास्तविक रूप से लाभ मिलता है और सरकारी सेवाएँ आसानी से उनके द्वार तक पहुँच पाती हैं।

### 22 नवम्बर को पंचायतों एवं नगर पंचायत में लगेगा शिविर

**खूँटी।** उपायुक्त के निदेर्शानुसार सेवा का अधिकार सप्ताह के अंतर्गत जिले में विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में शिविरों का आयोजन सतत रूप से किया जा रहा है। इसी क्रम में 22 नवम्बर को भी जिलेभर के कई पंचायतों एवं नगर पंचायत क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया जाएगा, जहाँ आमजन अपनी आवश्यक सेवाओं से संबंधित आवेदन दर्ज करा सकेंगे एवं ऑन-द-स्पॉट सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त द्वारा आमजनों से अपील की गई है कि वे अपने निकटतम शिविर में पहुँचकर प्रमाण पत्र निर्माण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, जन्मझमृत्यु प्रमाण पत्र, भूमि संबंधित सेवाएँ तथा झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम, 2011 में सूचीबद्ध सेवाओं का लाभ अवश्य उठाएँ।

उपायुक्त के निदेर्शानुसार अन्य प्रखंडों में आयोजित शिविरों का वरीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। मुरहू (रुमुतकेल) में उप विकास आयुक्त आलोक कुमार, खूँटी (डाडीगुटू) में जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह, अड़की (सरगेया) में जिला खनन पदाधिकारी राम नरेश सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों ने निरीक्षण किया। उपायुक्त के निर्देश पर सभी प्रखंडों में अधिकारियों ने शिविरों की व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन और सेवा वितरण की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त आमजनों से अपील की है कि वे सेवा का अधिकार सप्ताह के दौरान आयोजित शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ उठाएँ तथा अपनी लंबित समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन करें।

## शादी में डांस के दौरान चली गोली, एक की मौत

**पुलिस कर रही छानबीन**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के छोटा पंचगढ़ निवासी 24 वर्षीय गुलशन रिखियासन उर्फ मुंशी की मौत गुरुवार की रात करीब दो बजे गोली लगने से हो गई। डांस के दौरान गोली चलने से मृत्यु हुई।

गुलशन अपने दोस्त राहुल पासवान के रिसेप्शन में शामिल होने बड़ा पंचगढ़ पहुंचा था। खाना खाने के बाद वह अपने दोस्तों के साथ डांस कर रहा था। इसी दौरान किसी ने फायरिंग कर दी। गोली गुलशन को लग गई।

शादी समारोह में मौजूद लोग तुरंत गुलशन को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही जिरवाबाड़ी थाने की पुलिस घटना स्थल के साथ-साथ सदर अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी



ली।

शव को कब्जे में ले लिया। बताया जा रहा है कि गुलशन रिखियासन जमीन की खरीद बिक्री भी करता था। इसमें इसके कई साथी भी शामिल थे। पूर्व में कुछ लोगों के साथ विवाद भी चल रहा है। ऐसे में पुलिस यह पता लगा रही है कि उसे जान बूझकर गोली मारी गयी या हर्ष फायरिंग के दौरान उसे गोली लगी।

पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी कर रही है। गुलशन की शादी पिछले ही साल मार्च में हुई थी। वह चार भाइयों में सबसे छोटा था। पिता की मौत कुछ साल पूर्व हो गयी थी।

## कमेटी का गठन जल्द

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड के सभी जिलों में जिला एवं प्रखण्ड 20 सूत्री कांग्रेस कमिटी के गठन हेतु कांग्रेसजनों की सूची तैयार किए जाने की प्रक्रिया शुरू है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी जिलाध्यक्षों को पत्र लिखा है।

पत्र के अनुसार जिला में कांग्रेस के लोगों के नामों को 20 सूत्री कांग्रेस कमिटी में स्थान दिए जाने की कोशिश हो रही है। इसकी सूची तैयार करने के पूर्व जिलाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने जिले एवं प्रखण्डों के वरीय नेताओं, सांसदों, पूर्व सांसदों, विधायकों एवं पूर्व विधायकों से भी सहमति प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।

पत्र में कहा गया है कि पूर्व में भी कई बार जिलाध्यक्षों से इस संबंध में नाम मांगा जा चुका है, पर नाम देने में उदासीनता बरती गयी है। इसलिए अब प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार विषय की महत्ता एवं गंभीरता को देखते हुए सभी जिलाध्यक्षों से दो दिनों में 20 सूत्री कमेटी के लिए नाम की मांग की गई है। नाम की सूची प्रदेश कार्यालय को उपलब्ध करानी है। धनबाद जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि नामों की सूची जल्द ही प्रदेश कार्यालय को वरीय नेताओं से चर्चा के बाद भेज देंगे।

**रिम्स पर चला हाई कोर्ट का हथौड़ा**

## अव्यवस्था की जांच करेगा झालसा




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस एसएन प्रसाद की अदालत ने गुरुवार को रिम्स की लचर व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई की। सुनवाई के बाद अदालत ने रिम्स की वर्तमान स्थिति की जांच के लिए झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) सचिव को निर्देश दिया है।

अदालत ने कहा कि झालसा एक टीम बनाकर रिम्स भेजे, जो रिम्स में मेंटेनेंस, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, मशीनों की उपलब्धता, दवाओं की कमी, बाहरी दवाओं की खरीद, स्वच्छता, चिकित्सा उपकरणों की कार्यशीलता, डाक्टर की निजी प्रैक्टिस सहित विभिन्न पहलुओं की जांच करेगी।

अदालत ने जांच रिपोर्ट दस दिन में कोर्ट में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई तीन दिसंबर को होगी। इस संबंध में ज्योति कुमार ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता दीपक दुबे ने अदालत को बताया गया कि रिम्स की स्थिति अभी भी बदहाल है।

रिम्स जीबी की बैठक में लिए गए निर्णय निर्धारित समय सीमा के अंदर कोई काम नही हो रहा है। जबकि कोर्ट ने बैठक में लिए गए निर्णय को दो माह में लागू करने का निर्देश दिया था। इस पर अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि जीबी की बैठक में हुए निर्णय को लेकर कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया जाता है, तो अदालत ने जीबी के सदस्यों के खिलाफ भी अवमानना का मामला चला सकती है।

इस दौरान अधिवक्ता दीपक दुबे ने रिम्स में कंबल और बेडशीट नहीं दिए जाने का मुद्दा उठाया। अदालत ने टीम को इसकी भी जांच करने का निर्देश दिया है। प्रार्थियों की ओर से अदालत को बताया गया कि रिम्स और सरकार सिर्फ शपथपत्र दाखिल करती है, जमीनी स्तर पर काम नहीं किया जाता।

उनकी ओर से रिम्स की स्थिति की पारदर्शी तरीके से जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन करने का आग्रह किया गया। इस पर हाई कोर्ट ने झालसा के सचिव को निर्देश दिया कि वह एक जांच समिति का गठन करें और उसे रिम्स भेजकर सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करवाएं।

## कार-ट्रक की ठोकर में बिहार के तीन जख्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सतगावां।** सतगावां थाना क्षेत्र के ढाब में गुरुवार की रात ट्रक और कार की सीधी टक्कर हो गई। हादसा इतना जोरदार था कि फोर व्हीलर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। ग्रामीणों के अनुसार, ट्रक नवादा की ओर से ईटा लेकर बसोडीह जा रहा था। इसी दौरान बसोडीह की ओर से आ रही एक फोर व्हीलर नवादा की तरफ बढ़ रही थी। कटैया पंचायत के ढाब के समीप अचानक दोनों वाहन आमने-सामने से टकरा गए। तेज रफ्तार और अंधेरे के कारण चालक वाहन नियंत्रित नहीं कर सके, जिससे भीषण दुर्घटना घटित हो गई।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि फोर व्हीलर के परखच्चे उड़ गए और गाड़ी बुरी तरह मलबे में तब्दील हो गई। वहीं ट्रक भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। दुर्घटना स्थल पर मौजूद लोगों के अनुसार, टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए और घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।

घटना में गंभीर रूप से घायल लोगों की पहचान नवादा निवासी अविनाश कुमार (42 वर्ष), राकेश कुमार (42 वर्ष) एवं परमेंद्र कुमार (45 वर्ष) के रूप में की गई है। तीनों को स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें कोडरमा रेफर कर दिया गया।

## रोजगार मेला का सफल आयोजन, 54 अभ्यर्थियों का चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, नियोजनालय तोरपा (खूँटी) द्वारा आज प्रखण्ड परिसर तोरपा में एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों मसीह गुड़िया, अध्यक्ष जिला परिषद, खूँटी, आनंद कुमार, नियोजन पदाधिकारी तोरपा (खूँटी) तथा योगेश पारिक, सहायक निदेशक, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।



कार्यक्रम की शुरूआत में नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए नियोजनालय की सुविधाओं, रोजगार मेलों एवं भर्ती कैंपों के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को उपलब्ध कराए जा रहे रोजगार अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने प्रतिभागियों को जहार नियोजन पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया एवं नियोजनालय में निःशुल्क उपलब्ध सेवाओं से अवगत कराया।

रोजगार मेला में उपस्थित अतिथियों द्वारा विभिन्न कंपनियों के स्टॉल का विधिवत निरीक्षण किया गया तथा रिक्तियों, सेवा शर्तों एवं चयन प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। कुछ अभ्यर्थियों को चयनित होने के उपरांत मौके पर ही नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए।

इस रोजगार मेले में कुल 22 नियोजकों ने भाग लिया तथा लगभग 400 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विभिन्न कंपनियों सहित अन्य नियोजकों द्वारा 54 अभ्यर्थियों का चयन किया गया तथा 156 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया।

कार्यक्रम के अंत में नियोजन पदाधिकारी, तोरपा (खूँटी) द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कर रोजगार मेला का समापन किया गया। रोजगार मेला के सफल संचालन में दीपक कुमार वर्मा (वाईपी) तथा नियोजनालय तोरपा एवं जिला नियोजनालय खूँटी के सभी कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## प्रेमी दंपत्ति के समक्ष थाने पहुंची पहली पत्नी

**प्यार जीतेगा या कानून? की लग रहे कयास**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेंगाबाद।** प्रेम प्रसंग का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। बेगाबाद थाना क्षेत्र के एक दो बच्चों के पिता और पड़ोसी पंचायत की एक तलाकशुदा महिला के बीच तीन साल से चल रहे प्रेम की कहानी अब थाने तक पहुंच गई।

दोनों प्रेमी थाने में हाथ थामकर पहुंचे और एक-दूसरे को अपना जीवनसाथी बताने लगे। इसके बाद स्थिति उस वक्त नाटकीय हो गई जब युवक की पत्नी दो बच्चों के साथ पुलिस थाने पहुंच गई।

प्रेमी युगल 9 नवंबर को घर से फरार होकर दिल्ली चले गए थे। परिवार वाले उन्हें खोजते रहे, लेकिन गुरुवार को दोनों अचानक थाने पहुंचकर शादी की बात स्वीकार कर बैठे।

प्रेमिका ने पुलिस को बताया कि वह तलाकशुदा है और एक बच्चे की मां है।

उसने दावा किया कि दोनों दो साल पहले गिरिडीह के एक मंदिर में शादी कर चुके हैं और पति-पत्नी की तरह साथ रह रहे हैं। वह आगे भी उसी तरह जीवन बिताना चाहती है।

वहीं, युवक की पत्नी का दर्द थाने में साफ दिखा। उसने बताया कि उसकी शादी 16 साल पहले हुई थी और उसके दो बच्चे भी हैं। उसने दूसरी शादी को अवैध बताते हुए अपने पति पर कानून की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाया। पत्नी ने पुलिस प्रशासन से न्याय की मांग भी की।

फिलहाल पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है। मामला दो परिवारों का भविष्य बदलने वाला साबित हो सकता है। अब पुलिस जांच के बाद ही तय होगा कि प्यार जीतेगा या कानून!

## झारखण्ड-बिहार के बॉर्डर एरिया में पहुंचा जंगली हाथियों का झुण्ड

**किसानों को पहुंचायी क्षति, लोगों में दहशत**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चंद्रमंडी ।** बिहार-झारखंड की सीमा से सटे जंगलों में इन दिनों हाथियों का एक बड़ा झुंड सक्रिय है। गुरुवार की सुबह, यह झुंड देवरी प्रखंड के मंदनाडीह गांव में पहुंचा, जहां उसने खेतों और खलिहानों में रखी फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, हाथियों ने अरहर, धान और आलू की फसल को रौंद दिया। कई किसानों के खलिहानों में रखे धान को हाथियों ने खा लिया और धान के बंडलों को बिखेर दिया। सूचना मिलते ही भेलवाघाटी थाना पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को सतर्क किया। देवरी वनपाल नीरज पांडेय ने बताया कि इस झुंड में कुल 22 हाथी हैं, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। प्रभारी थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने लोगों से आग्रह किया कि वे झुंड से सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

ग्रामीणों ने बताया कि मंदनाडीह में सिमोन मुर्मू और रौशन मुर्मू की अरहर की फसल बर्बाद हो गई। झगरुडीह में इस्लाम अंसारी और नसीरुद्दीन अंसारी की धान की फसल को नुकसान पहुंचा। अबुल कलाम के खलिहान में रखा धान खा लिया गया और बगल के खेतों में आलू की फसल रौंद दी गई।

वन क्षेत्र पदाधिकारी अनिल कुमार ने कहा कि कई गांवों में फसलों को नुकसान पहुंचा है और पीड़ित किसानों को मुआवजा उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि झुंड को जंगल की ओर खदेड़ने की कोशिश जारी है और इसके लिए बांकुड़ा से विशेष टीम बुलाई जा रही है। फिलहाल, झुंड बिहार-झारखंड बार्डर के आसपास के गांवों में घूम रहा है।

## 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम में महिलाओं की लगी लंबी लाइन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** झारखंड स्थापना के 25 वर्ष पूरा होने के अवसर पर राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। धनबाद में जिला प्रशासन से जुड़े कई अधिकारियों को इस अभियान के मानिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुबह 10 बजे से धनबाद जिले के विभिन्न पंचायतों और नगर निकायों में शिविर शुरू हुए हैं। इस अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे आम नागरिकों तक पहुंचाना और जन शिकायतों के त्वरित समाधान की व्यवस्था करना है।

अभियान 15 दिसंबर तक चलेगा। शिविरों में सबसे अधिक भीड़ मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए देखी गई। महिलाओं में इस योजना को लेकर जबरदस्त उत्साह है।

धनबाद के लोयाबाद स्थित बासुदेव गांधी स्मृति उच्च विद्यालय में लगे शिविर में भी मंईयां सम्मान योजना के लिए अपना नाम दर्ज कराने महिलाओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। सुबह से ही महिलाएं फार्म भरवाने के लिए लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करती दिखीं।

ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में महिलाएं पंजीकरण कराने पहुंचीं। शिविरों में अधिकांश भीड़ महिलाओं और युवतियों की देखी जा रही है, जो योजना का लाभ उठाकर आर्थिक सहायता प्राप्त करना चाहती हैं।

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई एक कल्याणकारी योजना है। इस योजना की शुरूआत अगस्त 2024 में की गई।



योजना का उद्देश्य राज्य की महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है। योजना के तहत योग्य महिलाओं को रुपये 2,500 प्रतिमाह की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से दी जाती है।

इससे वार्षिक लाभ रुपये 30,000 तक होता है। सरकार कभी-कभी लंबित किस्तों की राशि एक साथ भी भेजती है। योजना की पात्रता में लाभुक केवल झारखंड की स्थायी महिला निवासी होनी चाहिए।

लाभ लेने के लिए आधार कार्ड, बैंक खाता और मोबाइल नंबर अनिवार्य हैं। आयु सीमा 18 से 49 वर्ष निर्धारित की गई है। बैंक खाते का आधार से लिंक होना जरूरी है, अन्यथा सहायता राशि रोक दी जा सकती है।

धनबाद जिले में कुल 11 प्रखंडों के निर्धारित स्थानों पर शिविर लगाए जा रहे हैं। धनबाद नगर निगम क्षेत्र में वार्ड संख्या 07, 08 और 15 में कार्यक्रम बिनोद बिहारी हाई स्कूल लोयाबाद में तथा वार्ड 15 में तथा गोपीनाथडीह में शिविर लगा है। सरकार आपके द्वार शिविर में जाति, आवासीय, आय, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड, पीएम आवास, मनरेगा, किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन ने अधिक से अधिक नागरिकों से इस अभियान में शामिल होकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

## हाथियों के डर से रतजगा कर रहे ग्रामीण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगन्नाथपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र इन दिनों गजराजों के आतंक से कांप उठा है। शुक्रवार सुबह बेलपोसी गांव स्थित दरोगा पुलिया के पास करीब 45 हाथियों का विशाल झुंड देखे जाने के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

ग्रामीणों के अनुसार सुबह 8 बजे से ही हाथियों की चिहाड़ और चित्कार पूरे क्षेत्र में गूंज रही है, जिससे आवाजाही पूरी तरह प्रभावित हो गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के इस बड़े झुंड में कई छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हैं। झुंड तीन भागों में बंटकर लगातार इधर-उधर विचरण कर रहा है। खेतों में लगे धान की फसल को ये गजराज रौंद भी रहे हैं और खा भी रहे हैं, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। सुरक्षित मार्ग न मिलने से हाथी बेलपोसी नाला के समीप फंस से गए लगते हैं और भटककर इधर-उधर घूम रहे हैं।

इधर बेलपोसी, बनकाटी, जैंतगढ़, मनिकपुर, पदमपुर, देवगांव सहित आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए हैं। ग्रामीण और वन विभाग के कर्मचारी मिलकर पटाखे फोड़ने और टीन बजाने के जरिए हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

पिछले एक सप्ताह से भोजन की तलाश में जंगल की ओर भटक रहा यह विशाल झुंड किसी भी समय गांवों की ओर बढ़ सकता है, ऐसी आशंका ग्रामीणों में लगातार बनी हुई है। इसी वजह से लोग रातभर जागकर अपने जान-माल की सुरक्षा में लगे हुए हैं।

हालात यह हैं कि कई ग्रामीण जान जोखिम में डालकर पेड़ों पर चढ़कर हाथियों को देखने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं, वन विभाग लोगों से सतर्क रहने और झुंड के करीब न जाने की अपील कर रहा है।

# भारत-पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप में 15 फरवरी को भिड़ेंगे

## टूर्नामेंट की शुरुआत 7 फरवरी से, फाइनल 8 मार्च को अहमदाबाद में हो सकता है

**दुबई (एजेंसी)।** अगले साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मैच 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जा सकता है। यहां पर 5 अक्टूबर को विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान मैच भी खेला गया था। रिपोर्ट्स के अनुसार बीसीसीआई ने अपना प्रस्तावित शेड्यूल आईसीसी को भेज दिया है। आईसीसी जल्दी ही इसका ऐलान कर सकता है।

टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 7 फरवरी से हो सकती है। जबकि, फाइनल मैच 8 मार्च को खेला जा सकता है। सेमीफाइनल और फाइनल के वेन्यू का निर्धारण भारत-पाकिस्तान की स्थिति पर निर्भर करेगा। अगर पाकिस्तान की टीम फाइनल में नहीं पहुंचती है तो यह मुकाबला अहमदाबाद में होगा। पाकिस्तान के फाइनल के लिए क्वालिफाई करने पर मुकाबला श्रीलंका में खेला जाएगा। आईसीसी या बीसीसीआई की ओर से शेड्यूल पर अबतक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप की डिफेंडिंग चैंपियन है। भारत ने साउथ अफ्रीका को फाइनल हराकर खिताब जीता था।




### भारत के 5, श्रीलंका के 3 वेन्यू शॉर्टलिस्ट

बीसीसीआई ने टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए अहमदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और मुंबई को शॉर्टलिस्ट किया है। श्रीलंका के तीन वेन्यू को भी चुना गया है। कोलंबो को इनमें से एक बताया जा रहा है।भारत और पाकिस्तान के बीच आखिरी टी-20 मैच 9 जून 2024 को वर्ल्ड कप में ही हुआ था। तब भारत ने 5 रन से करीबी मुकाबला जीता था।

### कोलंबो में भारत और पाकिस्तान क्यों हो रहा है?

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बीसीसीआई और पीसीबी के बीच यह सहमति बनी थी कि भविष्य में दोनों टीमें एक-दूसरे के देशों की यात्रा नहीं करेंगी, बल्कि अपने मुकाबले न्यूट्रल वेन्यू पर खेलेंगी।

### एशिया कप में तीन बार भिड़े भारत-पाकिस्तान

9 से 28 सितंबर के बीच आयोजित एशिया कप में भारत और पाकिस्तान की टीमें 3 बार आपस में मैच खेल चुकी हैं। तीनों पर दफा भारतीय टीम को जीत मिली थी। इस दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने आपस में हाथ नहीं मिलाया था। रऊफ ने प्लेन गिराने का इशारा किया। जबकि, साहिबजादा फरहान ने गन सेलिब्रेशन किया। फाइनल जीतने के बाद भारतीय टीम ने पीसीबी चीफ मोहसिन नकवी के हाथ से ट्रॉफी लेने से इंकार कर दिया था। ऐसे में नकवी ने ट्रॉफी नहीं दी और टीम इंडिया को खाली हाथ लौटना पड़ा था।

### भारत, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने 2-2 टाइटल जीते

टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 2007 में हुई। भारत ने पहले एडिशन के फाइनल में पाकिस्तान को हराकर टाइटल जीता था। इसके 17 साल बाद भारत ने 2024 में साउथ अफ्रीका को फाइनल हराया और दूसरी बार टाइटल जीता। भारत के अलावा वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने भी 2-2 टाइटल जीते हैं। पाकिस्तान, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया ने 1-1 बार खिताब जीता है।

# न्यूजीलैंड दौरे के लिए वेस्टइंडीज टेस्ट टीम घोषित

● केमार रोच की वापसी, ओजाय शील्ड्स को पहली बार मौका

**एंटीगा (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने दिसंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में अनुभवी तेज गेंदबाज केमार रोच की वापसी हुई है। रोच आखिरी बार इस साल जनवरी



में पाकिस्तान के मुल्तान टेस्ट में खेले थे। उनकी मौजूदगी टीम के अपेक्षाकृत अनुभवहीन पेस अटैक को मजबूती देगी। रोच ने आखिरी बार इस साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान टेस्ट में खेला था।

**शमार जोसेफ और अल्जारी जोसेफ अभी भी बाहर-** टीम के दो प्रमुख तेज गेंदबाज शमार जोसेफ और अल्जारी जोसेफ चोटों के कारण इस दौरे से बाहर हैं। उनकी गैरमौजूदगी में 85 टेस्ट खेल चुके रोच टीम के सबसे अनुभवी पेसर होंगे।

**ओजाय शील्ड्स को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है-** 29 साल के तेज गेंदबाज ओजाय शील्ड्स को पहली बार टेस्ट टीम में जगह मिली है। शील्ड्स ने हाल ही में एंटीगा में आयोजित दो सप्ताह के हाई-परफॉर्मेंस कैंप में हिस्सा लिया था, जिसमें रोच समेत कई खिलाड़ी शामिल थे।

**कावेम हॉग की भी वापसी-** ऑलराउंडर कावेम हॉग की भी टेस्ट टीम में वापसी हुई है। उन्होंने भी आखिरी टेस्ट मल्तान में ही खेला था। वहीं लेफ्ट-आर्म स्पिनर खारी पियरे को टीम से बाहर कर दिया गया है।

टी20 ट्राई-सीरीज

# जिम्बाब्वे ने किया उलटफेर, टी20 विश्व कप जीत चुकी टीम को बड़े अंतर से हराया

**रावलपिंडी (एजेंसी)।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ब्रैड इवांस ने 4-0-9-3 के शानदार स्पेल और कप्तान सिकंदर रजा ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत जिम्बाब्वे ने बड़ा उलटफेर करते हुए टी20 विश्व कप जीत चुकी श्रीलंका पर 67 रन से बड़ी जीत दर्ज की। जिम्बाब्वे ने रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में टी20 ट्राई-सीरीज में श्रीलंका को 95 रन पर ऑल आउट कर दिया और अपने 162/8 के टोटल का बचाव करते हुए जीत अपने नाम की।



यह टी20 फॉर्मेट में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के किसी फुल मेंबर पर जिम्बाब्वे की अब तक की सबसे बड़ी जीत है। इस जीत के साथ जिम्बाब्वे ने ट्राई-सीरीज टेबल में नेट रन-रेट पर दो पॉइंट्स (दो मैचों में) के साथ टॉप जगह बना ली है, जो पाकिस्तान के एक मैच में पॉइंट्स के बराबर है। यह इस इवेंट में श्रीलंका का पहला मैच था। इवांस और रिचर्ड न्गारावा (2-15) की लीडरशिप में जिम्बाब्वे के बॉलर्स ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। उनके सभी छह गेंदबाजों ने विकेट लिए जिससे श्रीलंका के लिए जो टारगेट शुरू में आसान लग रहा था, वह बुरे सपने में बदल गया।

# गिल गुवाहाटी टेस्ट से बाहर, पंत कप्तानी करेंगे

## भारत-साउथ अफ्रीका दूसरा मुकाबला आज से



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 2 टेस्ट मैचों की सीरीज का दूसरा मुकाबला आज से गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय कप्तान शुभमन गिल गर्दन में दर्द की वजह से इस मैच से बाहर हो गए हैं। गिल की गैरमौजूदगी में ऋषभ पंत टीम की कप्तानी करेंगे। ऋषभ ने शुक्रवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। वहीं, नीतीश रेड्डी को मौका मिल सकता है।

भारत सीरीज में 0-1 से पीछे है। साउथ अफ्रीका ने पहला मैच 30 रन से जीता था। पहले टेस्ट में हार के बाद मेजबान भारत पर क्लीन स्वीप होने का खतरा मंडरा रहा है। इस मैदान पर पहली बार टेस्ट मैच खेला जाएगा, ऐसे में पिच और परिस्थितियों को देखते हुए प्लेइंग इलेवन का सिलेक्शन भी अहम रहने वाला है। पहले टेस्ट में भारतीय बल्लेबाज बड़ी पारियां खेलने में नाकाम रहे थे। शुरुआती ओवर्स में पेसर्स और बाद में स्पिनर्स के सामने बल्लेबाज लगातार दबाव में दिखाई दिए।

**गिल दूसरे टेस्ट से बाहर-** गिल दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने शुक्रवार को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। वे कोलकाता टेस्ट में गर्दन में ऐंठन की वजह से पहली पारी में सिर्फ तीन गेंदें खेलने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुकाबले के तीसरे दिन की सुबह, बीसीसीआई ने कहा कि वह टेस्ट में आगे हिस्सा नहीं लेंगे।

### गिल की जगह रेड्डी को मिल सकता है मौका

अगर शुभमन गिल दूसरे टेस्ट से बाहर होते हैं, तो उनकी जगह साई सुदर्शन को मौका मिल सकता है। भारत अगर इस मैच में एक और स्पेशलिस्ट बल्लेबाज के साथ उतरने का फैसला करता है, तो सुदर्शन की टीम में वापसी लगभग तय मानी जा सकती है। हालांकि, टीम के पास देवदत्त पडिक्कल के रूप में एक और स्पेशलिस्ट बैटर मौजूद है।

नीतीश रेड्डी के रूप में भारत के पास एक और ऑलराउंडर ऑप्शन मौजूद है। कोलकाता टेस्ट से रेड्डी को रिलीज किए जाने के बाद ध्रुव जुरेल को बतौर बल्लेबाज भारतीय प्लेइंग-11 में मौका दिया गया था। हालांकि, रेड्डी को दोबारा स्क्वॉड में शामिल किया गया है। रेड्डी को तभी मौका मिल सकता है, जब वॉशिंगटन सुंदर या अक्षर पटेल में से किसी एक को प्लेइंग से बाहर किया जाए।

### हेड टु हेड में साउथ अफ्रीका आगे

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अब तक 44 टेस्ट मैच खेले गए, भारत ने 16 और साउथ अफ्रीका ने 19 में जीत दर्ज की, जबकि 10 मैच ड्रॉ रहे। वहीं, भारत ने अपने घर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 20 टेस्ट खेले, जिनमें से 11 जीते और 6 गंवाए। वहीं, 3 मुकाबले ड्रॉ रहे।

### सिराज भारत के टॉप विकेट टेकर

भारतीय कप्तान शुभमन गिल 2025 में टीम के टॉप रन स्कोरर हैं, उन्होंने इस साल 9 मैचों में 5 शतक लगाकर 983 रन बना दिए हैं। हालांकि, उनका इस मैच में खेलना मुश्किल है। रवींद्र जडेजा दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर हैं। वहीं मोहम्मद सिराज 41 विकेट लेकर टीम के टॉप गेंदबाज हैं।

# एशेज- पर्थ टेस्ट के पहले दिन 19 विकेट गिरे

● मिचेल स्टार्क ने रचा इतिहास, पहले ही दिन 7 विकेट लिए

**पर्थ (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज सीरीज का पहला टेस्ट पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में खेला जा रहा है। शुक्रवार को मैच के पहले दिन 19 विकेट गिरे और ये सभी विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए। लंच के बाद इंग्लैंड 172 पर ऑलआउट हो गई। वहीं दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने 123 रन पर ही 9 विकेट गंवा दिए।




इंग्लिश टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग का फैसला किया। टीम के लिए यह फैसला गलत साबित हुआ और 172 रन पर ऑलआउट हो गई। हालांकि ऑस्ट्रेलिया भी इसका फायदा नहीं उठा सकी और दिन का खेल खत्म होने तक 9 विकेट खो दिए। टीम अभी भी इंग्लैंड से 49 रन पीछे है। नाथन लायन और ब्रेंडन डॉगेट नाबाद लौटे।

### पोप 46 रन बनाकर आउट

इंग्लिश टीम को शुरुआती झटका पहले ही ओवर में लगा, जब मिचेल स्टार्क ने जैक क्रॉवली को शून्य पर एलबीडब्ल्यू कर पवेलियन भेजा। इसके बाद उन्होंने बेन डकेट (21) को आउट किया। और फिर जो रूट को खाता खोले बिना स्लिप में लाबुशेन के हाथों कैच कराया।

इसके बाद ब्रूक ने ओली पोप के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 55 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को संभाला। लेकिन इस साझेदारी को कैमरन ग्रीन ने तोड़ा, जब उन्होंने पोप को 46 रन पर एलबीडब्ल्यू किया।

### ब्रूक ने 52 रन बनाए

लंच के बाद कप्तान बेन स्टोक्स (6) को भी स्टार्क ने पवेलियन भेजा। स्टार्क ने स्टोक्स को क्लीन बोल्ड किया। डेब्यूटेंट डॉगेट ने हैरी ब्रूक को विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया। ब्रूक ने 52 रन बनाए। इसके तुरंत बाद स्टार्क ने गस एटकिंसन को आउट किया। वह एक रन बना सके। स्टार्क की यह इस पारी में पांचवीं सफलता रही। डॉगेट ने फिर ब्राइडन कार्स (6) को लाबुशेन के हाथों कैच कराया। इसके बाद आखिरी के दो बल्लेबाजों को स्टार्क ने आउट किया। जेमी स्मिथ 33 रन और मार्क वुड खाता खोले बिना आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क ने 7 विकेट झटके। डॉगेट ने दो विकेट लिए। एक विकेट कैमरून ग्रीन को मिला।

### स्टार्क के एशेज में 100 विकेट पूरे

मिचेल स्टार्क एशेज में 23वां टेस्ट खेल रहे हैं। उन्होंने एशेज में अपने 100 विकेट पूरे कर लिए हैं। 100 या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले वे ओवरऑल 20वें और 13वें ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बन गए हैं।

# लक्ष्य सेन ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 के सेमीफाइनल में पहुंचे, हमवतन आयुष शेट्टी को हराया

**सिडनी (एजेंसी)।** विश्व चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को यहां हमवतन भारतीय खिलाड़ी आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह पक्की की। सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने 53 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 21-11 से



जीत हासिल कर अंतिम चार में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन से होगा, जो इस प्रतियोगिता में दूसरी वरीयता प्राप्त हैं। विश्व में नौवें स्थान पर काबिज और 2018 एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता चोउ ने एक घंटे 23 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में फरहान अल्वी को 13-21, 23-21, 21-16 से हराया। अल्वी ने पिछले दौर में भारत के एचएस प्रणय को हराया था। सेन ने इस वर्ष के शुरू में हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी 20 वर्षीय शेट्टी को हराया था। अल्मोड़ा का रहने वाला यह 26 वर्षीय खिलाड़ी इस साल अभी तक कोई खिताब नहीं जीत पाया है।

# ढाका में भूकंप से बांग्लादेश-आयरलैंड टेस्ट रोका गया

## 5.7 तीव्रता के भूकंप से हिला कमेंट्री बॉक्स, खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम छोड़कर मैदान पर आए

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आए भूकंप की वजह से बांग्लादेश और आयरलैंड के बीच दूसरे टेस्ट का खेल रोकना पड़ा।

शुक्रवार को मीरपुर में तीसरे दिन के खेल के दौरान झटके इतने तेज थे कि खिलाड़ी, कमेंटेटर और पत्रकार सभी सुरक्षित जगह की ओर भागे।

कमेंट्री बॉक्स हिलने लगा, जबकि आयरलैंड के खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम से बाहर निकलकर बाउंड्री के पास खड़े हो गए।

**स्टेडियम में मौजूद दर्शक भी घबरा गए-** स्टेडियम में मौजूद दर्शक भी घबरा गए थे, लेकिन हालात सामान्य होने पर कुछ मिनट बाद मैच दोबारा शुरू हो गया। बांग्लादेशी पत्रकार अरिफुल इस्लाम रोनी ने बताया कि प्रेस बॉक्स में हालत काफी खराब थे और वहीं हड़कंप मच गया था। ईएसपीएन के पत्रकार मोहम्मद इसाम ने भी लिखा कि वे तेज झटकों के कारण प्रेस बॉक्स से नीचे भागे।

5.7 तीव्रता का भूकंप आया

सुबह 10:30 बजे आए 5.7 तीव्रता के भूकंप ने ढाका और आसपास के इलाकों में नुकसान पहुंचाया। भूकंप के दौरान खिलाड़ी



मैदान में ही रुक गए और कुछ झटकों के बीच जमीन पर बैठ गए। भूकंप से पहले आयरलैंड ने अच्छी बल्लेबाजी की थी। दो जल्दी विकेट गिरने के बाद स्टीफन डोहेनी और लॉर्कन टकर ने टीम को संभाला और 81 रन की साझेदारी की, जिससे स्कोर 113 तक पहुंच गया। आयरलैंड की पहली पारी 265 रन पर सिमट गई।

**बांग्लादेश को 211 रन की बढ़त मिली-** बांग्लादेश ने पहली पारी में 476 रन बनाए थे। टीम को 211 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में खबर लिखे जाने तक बांग्लादेशी टीम ने एक विकेट खोकर 156 रन बना लिए हैं।

### दूसरा दिन बांग्लादेश के नाम रहा

दूसरे दिन 340/5 के स्कोर से आगे खेलते हुए टीम ने 476 रन बनाए। मुशफिकुर रहीम और लिटन दास ने 123 रन की बड़ी पार्टनरशिप की। मुशफिकुर ने अपने 100वें टेस्ट में शतक जड़ा और 106 रन बनाए। लिटन दास ने भी छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया।

# स्मृति मंधाना ने फनी अंदाज में इंगेजमेंट की कन्फर्म

● भारतीय स्टार स्मृति मंधाना ने पलाश मुच्छल से की सगाई ● पीएम मोदी ने शादी की तारीख का किया खुलासा

**इंदौर (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की चमकती सितारा और वर्ल्ड कप विजेता ओपनर स्मृति मंधाना ने अंततः अपने प्रशंसकों के बीच लंबे समय से चल रही अफवाहों पर विराम लगाते हुए संगीतकार पलाश मुच्छल से अपनी सगाई की आधिकारिक घोषणा कर दी है। एक खूबसूरती से कोरियोग्राफ किए गए इंस्टाग्राम वीडियो के ज़रिए की गई इस घोषणा ने सोशल मीडिया पर धूम मचा दी। इस रील में उनकी टीममेट्स भी उनके साथ नज़र आईं। वीडियो में भले ही शादी की तारीख नहीं बताई गई थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कपल को शुभकामनाएं देते हुए बड़ी जानकारी साझा कर दी जिसमें



शादी की आधिकारिक तारीख शामिल है।

**खास अंदाज में किया ऐलान -** स्मृति मंधाना ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक आकर्षक और मनोरंजक रील पोस्ट की, जिसने कुछ ही घंटों में लाखों व्यूज़ बटोर लिए। इस वीडियो में उनके साथ जेमिमा रोड्रिग्स, श्रेयंका पाटिल, राधा यादव और अरुंधति रेड्डी नज़र आईं, जिनके साथ उन्होंने फ़िल्म लगे रहो मुन्ना भाई के गाने 'समझो हो ही गया' पर एक सिंक्रनाइज़ कोरियोग्राफ रूटीन प्रस्तुत किया। वीडियो की अंतिम झलक में मंधाना कैमरे की ओर हाथ बढ़ाती हैं, जहाँ उनकी सगाई की अंगूठी साफ दिखाई देती है।

### पीएम मोदी ने दी बधाई, साथ ही बताई शादी की तारीख

वीडियो पोस्ट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्मृति और पलाश को दिल से शुभकामनाएं भेजीं। उन्होंने अपने संदेश में दोनों की प्रतिभा की सराहना की और मजेदार अंदाज में कहा कि मैदान पर मंधाना का कवर ड्राइव और संगीत में मुच्छल की सिम्फनी मिलकर एक शानदार जीवन-भागीदारी रचेंगे। अपने संदेश में पीएम मोदी ने कपल की शादी की तारीख भी सार्वजनिक कर दी जो 23 नवंबर 2025 को होगी।

### ऑन-फील्ड ग्लोरी के बाद ऑफ-फील्ड जश्न

सगाई का यह उत्साहपूर्ण पल भारतीय टीम की ऐतिहासिक उपलब्धि के तुरंत बाद आया है। हाल ही में नवी मुंबई में हुए महिला एक दिवसीय वर्ल्ड कप 2025 में भारत ने साउथ अफ्रीका को हराकर अपना पहला वनडे विश्व खिताब जीता।

# लाल किला ब्लास्ट के बाद ऐक्शन में एलजी

## दिल्ली पुलिस कमिश्नर और सीएस को दिए 5 निर्देश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने हाल ही में लाल किले के बाहर हुए आतंकवादी विस्फोट के बाद दिल्ली के पुलिस कमिश्नर और मुख्य सचिव को एहतियाती और निवारक कदम उठाने का निर्देश दिया है। एलजी सचिवालय की ओर से पुलिस कमिश्नर और मुख्य सचिव को भेजे गए अलग-अलग पत्र में पुलिस को कई निर्देश जारी किए गए हैं। बता दें कि, दिल्ली में 10 नवंबर की शाम एक हुंडई द्व20 कार में हुए धमाके में 12 लोग मारे गए थे और करीब 24 लोग घायल हुए थे।

एलजी ने अपने पत्र में कहा है कि दिल्ली में अमोनियम नाइट्रेट का निश्चित सीमा से अधिक कारोबार करने वालों का रिकॉर्ड रखा जाए। इसके साथ ही सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म्स के साथ विचार-विमर्श कर नफरती और भड़काऊ कंटेंट पर नजर रखी जाए। सीसीटीवी कैमरा कवरेज और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती पर नजर रखने के लिए भीड़भाड़ वाले बाजारों और बस अड्डों का सुरक्षा ऑडिट किया जाए।

**एलजी की ओर से भेजे गए पत्र में क्या-क्या निर्देश दिए गए**



1. एक निश्चित सीमा से अधिक अमोनियम नाइट्रेट खरीदने और बेचने वाली संस्थाओं का एक डिजिटल रिकॉर्ड बनाकर रखा जाए, जिसमें अन्य संबंधित डिटेल के अलावा खरीदारों और विक्रेताओं की तस्वीर भी शामिल हो।
2. नागरिकों का ब्रेनवॉश करने के उद्देश्य से कट्टरपंथी सामग्री की वैज्ञानिक ट्रैकिंग के लिए मेटा, ट्विटर एक्स आदि सहित सोशल मीडिया प्लैटफार्मों के प्रमुखों के साथ विचार-विमर्श करें।
3. कट्टरपंथ से ग्रस्त कमजोर क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए मानवीय और तकनीकी खुफिया जानकारी को मजबूत करें। अधिक मजबूत निवारक पुलिसिंग के लिए सामुदायिक आउटरीच और नागरिक जुड़ाव को भी बढ़ाया जाना चाहिए।
4. ऐसे मेडिकल प्रोफेशनल्स जिन्होंने दूसरे देशों से डिग्री ली है, उनकी जानकारी पुलिस डिपार्टमेंट के साथ भी शेयर की जानी चाहिए ताकि सेकेंडरी बैकग्राउंड चेक किया जा सके।
5. सेकेंड हैंड गाड़ियों की खरीद-फरोख्त में लगे सभी डिजिटल प्लैटफॉर्म और फाइनेंसर के साथ चर्चा करें। साफ निर्देश दिए जाने चाहिए कि किसी भी हालत में ऐसी गाड़ियों को चलने की इजाजत नहीं दी जाएगी जिनका असली मालिक रजिस्टर्ड मालिक से अलग हो। यह समस्या ऑटो रिक्शा के मामलों में सबसे ज्यादा गंभीर बताई जाती है, जहां परमिट होल्डर असली मालिक से अलग होता है।

### लाल किले के धमाके ने दिल्ली पुलिस को बदल दिया

# अब हर गाड़ी-हर बैग पर शक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लाल किले के पास हुए भयानक धमाके के बाद दिल्ली पुलिस पूरी तरह से बदल गई है। पहले जहां पुलिस की दिनचर्या में सिर्फ रूटीन चेकिंग होती थी, अब हर पुलिसवाला हर पल अलर्ट मोड में है। पार्क की हुई गाड़ी हो या दुकान के बाहर खड़ा कोई बैग अब कुछ भी सामान्य नहीं लगता। पुलिस लगातार मुस्तैद दिखाई देती है और हर गतिविधि पर पैनी नजर रखती है।टीओआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, करोल बाग के मशहूर गफ्फार मार्केट में तो माहौल ही अलग है। 10 नए-नए बोर्ड लग गए जिन पर पुलिस का नंबर चमक रहा है। ऊंचे-ऊंचे मचान और मोर्चे बन गए। हर दस मिनट में लाउडस्पीकर गरजता है- कोई संदिग्ध वस्तु दिखे तो तुरंत बताएं। मोबाइल की दुकानों को सख्त हिदायत दी गई है कि फोन देने से पहले ग्राहक का आईडी अच्छे से चेक कीजिए। स॥ह्र करुणा सागर ने बताया कि ब्लास्ट के अगले दिन सुबह से ही सख्ती शुरू हो गई थी। धमाके वाली शाम कोतवाली थाने में कांस्टेबल अनिल ओझा ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज देख रहे थे। अचानक ज़ोरदार धमाका हुआ और थाने की छत का एक टुकड़ा गिर गया। वो बताते हैं कि पहले तो लगा कोई पेड़ गिर गया, लेकिन बाहर निकले तो चीखें सुनाई दीं। सब-इंस्पेक्टर रमेश चंद उस शाम आसपास गश्त कर रहे थे। वे बताते हैं, अब सब कुछ बदल गया है। गश्त का पैटर्न, निगरानी, यहां तक कि अनाउंसमेंट का लहजा भी। अब गाड़ी रुकवा कर सबसे पहले रियर सीट में झांकते हैं। पार्किंग में चेकिंग दोगुनी कर दी। सिक्योरिटी गार्ड्स को भी ड्राइवर का भी एचएचएमडी से चेक करने के निर्देश दिए गए हैं। एसीपी अशीष कुमार बताते हैं, गफ्फार और अजमल खान मार्केट पहले से ही संवेदनशील थे, लेकिन धमाके के बाद तो डर साफ दिख रहा था। लाखों लोग आते-जाते हैं, दर्जनों गेट हैं, हमने ष्ठस्नरूष्ठ और एचएचएमडी चेकिंग को और सख्त कर दिया।

# दिल्ली के द्वारका में होगी पानी की किल्लत खत्म !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** द्वारका और इसके आसपास के इलाके में पानी की किल्लत झेलने वाले लाखों लोगों को जल्द राहत मिलने वाली है। जल बोर्ड ने पानी की किल्लत दूर करने के लिए 50 एमजीडी क्षमता के द्वारका जल शोधन संयंत्र के संचालन के लिए कच्चे पानी की पुनर्वितरण योजना को अंतिम रूप दे दिया है। ओखला, वजीराबाद, निलोठी और द्वारका के प्रमुख ट्यूबवेल में उपलब्ध भूजल संसाधनों के माध्यम से यहां निर्बाध कच्चे पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इससे द्वारका एवं आसपास के इलाकों में पानी की आपूर्ति में सुधार आएगा। जल बोर्ड की प्रस्तावित योजना के अनुसार कुल 228 ट्यूबवेल से 22.8 एमजीडी कच्चा पानी निकाला जाएगा। इसकी आपूर्ति ओखला, वजीराबाद, नांगलोई और नए द्वारका जल शोधन संयंत्र में की जाएगी। यह पूरी प्रणाली मौजूदा जल ढांचे को प्रभावित किए बिना कच्चे पानी के स्रोतों का वैज्ञानिक और संतुलित उपयोग सुनिश्चित करेगी। इस महत्वपूर्ण पहल को लेकर जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि दिल्ली की बढ़ती आबादी को बहाने नहीं बल्कि आधुनिक जल समाधान चाहिए। 50 एमजीडी क्षमता वाले द्वारका जल शोधन संयंत्र का संचालन राजधानी की भविष्य की जल आवश्यकताओं को सुरक्षित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। मंत्री ने कहा कि पानी की हर बूंद महत्वपूर्ण है। विभाग यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि दिल्ली को उसका उचित जल हिस्सा पूरी पारदर्शिता और वैज्ञानिक योजना के साथ मिले। उन्होंने कहा कि यह केवल भूजल का पुनर्वितरण नहीं है, यह जिम्मेदारी का पुनर्वितरण है। अभी तक जिन प्रणालियों को नजरअंदाज किया गया था, उन्हें हम सुधार रहे हैं। दिल्ली के लोग इसका प्रत्यक्ष लाभ महसूस करेंगे। दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी योजना के कार्यान्वयन के चरण में प्रवेश कर रहे हैं। इसे चरणबद्ध रूप से लागू किया जाएगा ताकि मौजूदा जल आपूर्ति बाधित न हो।

# नॉर्मल लाइफ नहीं बची... किले में तब्दील हुआ अल फलाह

## पुलिस के पहरे में डरे हुए हैं छात्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के लाल किले के बाहर 10 नवंबर को हुए धमाके ने एक निजी मेडिकल कॉलेज को रातों-रात सुर्खियों में ला दिया। फरीदाबाद का अल फलाह मेडिकल कॉलेज इन दिनों ऐसा लग रहा है मानो कोई थ्रिलर फिल्म का सेट हो। चारों तरफ पुलिस, मीडिया का हल्ला और स्टूडेंट्स-परेंट्स की धड़कनें तेज। यहां पढ़ने वाले स्टूडेंट के अभिभावकों में भी डर का माहौल है। जिस कार ने लाल किले के बाहर धमाका किया, उसे डॉ. उमर उन नबी चला रहा था। उमर अल फलाह में असिस्टेंट प्रोफेसर था। वहीं हरियाणा के जिस दौज गांव में पुलिस ने भारी मात्रा में




विस्फोटक बरामद किए, उस किराए के मकान का मालिक था दूसरा प्रोफेसर डॉ. मुजम्मिल शकील था। दोनों अल फलाह में पढ़ाते थे। ऐसे में अल फलाह के स्टूडेंट्स के मन में डर और कई सवाल आने लाजमी हैं। अल फलाह यूनिवर्सिटी में गुरुवार से फिर से क्लासेस शुरू हो गईं। लेकिन यूनिवर्सिटी के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। अंदर स्टूडेंट्स डरे-सहमे दिखे। वहीं स्टूडेंट्स के माता-पिता उन्हें कॉलेज छोड़ने आए और बाहर इंतजार करते रहे। अगरा से आई एक लड़की के पिता मनोज कुमार ने बताया, पहले तो घर बुला लिया था। अब वापस भेज दिया, लेकिन दिल अभी भी धुकधुक कर रहा है। साल खराब करने का मन नहीं, पर जान का भी डर है। लखनऊ से आए सुशील मेहता का बेटा यहां पढ़ता है। वो कहते हैं, बच्चे ने इतनी मेहनत की थी ह्वश्वश्वञ्ज में। अब कॉलेज को खुलकर बताना होगा कि क्या हो रहा है।

# पाकिस्तान की फैक्ट्री में बॉयलर में जोरदार धमाका, 15 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**
पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में शुक्रवार को एक केमिकल फैक्ट्री में बड़ा हादसा हो गया। जहां तड़के सुबह बॉयलर ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना भयानक था कि इससे फैक्ट्री में न सिर्फ आग लगी, बल्कि आस-पास की इमारतें भी गिर गईं। इस दर्दनाक हादसे में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।

दरअसल,पंजाब प्रांत में लाहौर से 130 किमी की दूरी पर स्थित फैसलाबाद जिले के मलिकपुर इलाके में सुबह सुबह एक कैमिकल फैक्ट्री में बॉयलर फटने से बड़ा धमाका हुआ। फैक्ट्री के बॉयलर में धमाके से कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के




लिए अस्पताल लाया गया।

**धमाके से गिरी बिल्डिंगत्न** फैसलाबाद के डिप्टी कमिश्नर राजा जहांगीर अनवर ने रिपोर्टर्स को बताया कि मलिकपुर इलाके में एक केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर में हुए जबरदस्त धमाके की वजह से आस-पास की इमारतें, जिसमें एक बिल्डिंग भी शामिल है, गिर गईं।

**रेस्क्यू ऑपरेशन जारी:** डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि अब तक रेस्क्यू टीमों ने मलबे से 15 लाशें निकाली हैं और सात घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया गया है। डर है कि मलबे के नीचे और लोग हो सकते हैं। रेस्क्यू टीमें मलबा हटाने में लगी हुई हैं।

### ● मारिया कोरिना मचाडो के प्राइज लेने में बड़ा अड़ गा

# नोबेल के सम्मान के साथ अपमान भी मिलेगा

**लंदन, एजेंसी।**
नोबेल पुरस्कार विजेता मारिया कोरिना मचाडो व्यक्तिगत रूप से अवॉर्ड लेने जाने पर रोक लग सकती है। खबर है कि अगर वह पुरस्कार लेने नॉर्वे गईं, तो उन्हें वेनेजुएला सरकार भगोड़ा घोषित कर सकती है। पुरस्कार वितरण समारोह 10 दिसंबर को होना है। लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रचार के लिए उन्हें नोबेल से नवाजा गया है। मचाडो के खिलाफ आतंकवाद संबंधी कई मामले दर्ज हैं। वेनेजुएला के एटॉर्नी जनरल तारिक विलियम साब ने कहा है कि विपक्ष की नेता मचाडो अगर नॉर्वे जाती हैं, तो उन्हें भोगाड़ा माना जाएगा। मचाडो का कहना है कि वह वेनेजुएला में छिपी हुई हैं और पुरस्कार लेने के लिए 10 दिसंबर को ओस्लो जाना चाहती हैं। साब ने कहा, कई आपराधिक जांचें चलने



के बाद वेनेजुएला से बाहर जाने पर उन्हें भगोड़ा माना जाएगा।एजी ने कहा कि कैरेबियन में सैन्य तैनाती के लिए अमेरिका की मदद करने के मामले में भी मचाडो के खिलाफ जांच चल रही है। खास बात है कि मचाडो ने सैन्य मौजूदगी का स्वागत किया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के सबसे बड़े एयरक्राफ्ट कैरियर, युद्धपोत और लड़ाकू विमानों को तैयार किया है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के आरोप हैं कि इसके जरिए उनकी सरकार गिराने की कोशिश की जा रही है।

अक्तूबर में मचाडो ने कहा था कि वेनेजुएला की जनता की संप्रभु इच्छा को सम्मान दिलाने के लिए हम दृढ़ संकल्पित हैं और इस समय संघर्ष में हमारे मुख्य सहयोगी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हैं। नॉर्वे की नोबेल समिति के अध्यक्ष जॉर्गन वात्ने फ्रिडनेस ने मारिया की जमकर तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि वेनेजुएला में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए विपक्ष की उम्मीदवार रहीं मारिया को राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की सरकार के खिलाफ कभी गहराई तक विभाजित विपक्ष को एकजुट करने वाली महत्वपूर्ण शख्सियत के रूप में सराहा गया है। फ्रिडनेस ने कहा, मारिया पिछले एक साल से छिपकर रहने के लिए मजबूर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा अध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे आगे धर्मेंद्र प्रधान का नाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी अब तक अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष को लेकर अंतिम फैसला नहीं ले सकी है। हालांकि, अब कहा जा रहा है कि इस पद पर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है। इसकी बड़ी वजह बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा का शानदार प्रदर्शन है। हालांकि, इसे लेकर पार्टी ने आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है। भाजपा ने बिहार में प्रधान को चुनाव प्रभारी बनाया था। टेलीग्राफ की रिपोर्ट में सत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि बिहार में यह जीत भाजपा और आरएसएस में अध्यक्ष पद को लेकर जारी खींचतान खत्म करने में मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि संगठन क्षमता और चुनाव प्रबंधन ने उन्हें इस पद की दौड़ में आगे कर कर दिया है। चुनाव से पहले वह लंबे समय तक बिहार में रहे। एक ओर जहां उन्होंने बागियों को नामांकन वापस लेने में मनाया। वहीं, कैडर को भी मजबूत करने में सफलता हासिल की है। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी सूत्र बताते हैं कि हरियाणा, महाराष्ट्र और अब बिहार चुनाव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की जोड़ी को मजबूती दी है, जिसपर लोकसभा चुनाव के दौरान मिले झटके के चलते असर पड़ा था। अखबार से बातचीत में एक केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'मोदी जी अब आरएसएस को मनाने में सफल हो सकते हैं कि भाजपा का अध्यक्ष उनकी चॉइस का हो।' जुलाई में इस पद के लिए केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का नाम भी आगे चल रहा था। रिपोर्ट के अनुसार, जब भाजपा ने यादव और प्रधान का नाम आगे बढ़ाया, तो आरएसएस ने मंजूरी देने से पहले विचार विमर्श की जरूरत बताई थी। कहा जाता है कि प्रधान ने ही ओडिशा विधानसभा चुनाव में भाजपा को बीजू जनता दल से अलग होकर चुनाव लड़ने के लिए मनाया था, जिसके बाद भाजपा राज्य में सत्ता बनाने में सफल हुई। रिपोर्ट में एक भाजपा नेता के हवाले से बताया गया है, 'इससे पहले संकेत मिल रहे थे कि दक्षिण से नेता भाजपा अध्यक्ष बना सकता है। उप राष्ट्रपति पद के लिए सीपी राधाकृष्णन के चुनाव के बाद यह माना जाने लगा है कि पार्टी प्रमुख उत्तर से होगा।' मौजूदा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा का तीन साल का कार्यकाल जनवरी 2023 में खत्म हो चुका था, लेकिन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विस्तार दिया गया।

### बिहार हार के बाद संकट में आईएनडीआईए गठबंधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिहार में विपक्ष की करारी हार के बाद उठ रही सियासी खलबली और अटकलों के बीच कांग्रेस ने साफ कहा है कि वह आईएनडीआईए गठबंधन के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और राष्ट्रीय स्तर पर इस मोर्चे को और प्रभावशाली बनाने के लिए अपने प्रयास दोगुने करेगी। पार्टी ने इस धारणा को निराधार बताया कि बिहार नतीजों के बाद गठबंधन ढीला पड़ सकता है। एआईसीसी के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में कहा कि आईएनडीआईए गठबंधन समान विचारधारा वाली पार्टियों को एक मंच पर लाने के लिए बनाया गया है, ताकि भाजपा की 'प्रतिगामी राजनीति' का सामूहिक मुकाबला किया जा सके। उन्होंने कहा-गठबंधन की बुनियाद में कोई बदलाव नहीं आया है। कांग्रेस आईएनडीआईए के प्रति प्रतिबद्ध है और इसका प्रभाव बढ़ाने के लिए अतिरिक्त प्रयास किए जाएंगे। बिहार नतीजों के बाद उठे सवालों पर कांग्रेस का जवाब बिहार विधानसभा चुनावों में आरजेडी-कांग्रेस गठबंधन की करारी हार के बाद सोशल मीडिया और राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई थी कि आईएनडीआईए गठबंधन कमजोर पड़ सकता है। कुछ कांग्रेस नेताओं ने भी भविष्य में बिहार में आरजेडी के बिना स्वतंत्र रूप से लड़ने की बात कही थी। इसके अलावा, मुंबई के प्रतिष्ठित बीएमसी चुनावों में कांग्रेस के एनसीपी और शिवसेना (यूबीटी) से अलग होकर लड़ने की अटकलों ने भी विपक्षी एकता पर सवाल खड़े कर दिए। विपक्ष के इस बिखराव को भाजपा के लिए फायदे का सौदा माना जा रहा है।

# ज्यादा मुंह चलाते हैं, उनकी भाषा पसंद नहीं

**जोहान्सबर्ग , एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में 21 नवंबर से लेकर 23 नवंबर तक जी-20 शिखर सम्मेलन आयोजित हो रहा है। इसमें हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर निकल गए हैं। वहीं, दक्षिण अफ्रीका में आयोजित हो रहे 20वें जी-20 शिखर सम्मेलन से अमेरिका ने दूरी बना ली है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने साफ कहा कि अमेरिका दक्षिण अफ्रीका में चल रहे त्न20 शिखर सम्मेलन की आधिकारिक बैठकों और वार्ताओं में हिस्सा नहीं ले रहा है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा पर अमेरिका और राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप के खिलाफ नेगेटिव बात करने का आरोप लगाते हुए कहा कि ट्रंप प्रशासन को यह भाषा बिल्कुल पसंद नहीं है।

व्हाइट हाउस के प्रेस सेक्रेटरी ने यह भी साफ किया कि साउथ अफ्रीका में यूएसके राजदूत बस यह मानने के लिए वहां हैं कि अगला जी20 सम्मेलन (2026) अमेरिका में होगा, न कि किसी



औपचारिक चर्चा में शामिल होने के लिए। लेविट ने एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा, मैंने आज सुबह साउथ अफ्रीका के प्रेसिडेंट को यूएस और यूएस प्रेसिडेंट के खिलाफ थोड़ा बोलते हुए देखा, और प्रेसिडेंट या उनकी टीम को यह भाषा पसंद नहीं आई। उन्होंने

कहा कि अमेरिकी राजदूत ऑफिशियल बातचीत में हिस्सा लेने के लिए वहां नहीं हैं, भले ही साउथ अफ्रीका के प्रेसिडेंट झूठा दावा कर रहे हों।

# व्हाइट हाउस को बनाया स्टेडियम ! डिनर के बाद क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ ट्रंप का एआई वीडियो वायरल

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ डिनर करने के कुछ दिनों बाद एक एआई -जनरेटेड वीडियो शेयर किया है। वीडियो में ट्रंप क्रिस्टियानो के साथ फुटबॉल खेलते नजर आ रहे हैं।

एआई जनरेटेड वीडियो में ट्रंप व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के साथ कीप-अप, हेडर और ड्रिबल करते नजर आ रहे हैं।

वीडयो पोस्ट करने के दौरान कैप्शन में ट्रंप ने लिखा - रोनाल्डो एक महान व्यक्ति हैं। व्हाइट हाउस में उनसे मिलकर बहुत अच्छा लगा। वाकई स्मार्ट और शानदार। ट्रंप ने गुरुवार को व्हाइट हाउस के अंदर



पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी के साथ फुटबॉल खेलते हुए एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से तैयार वीडियो पोस्ट किया। दोनों को ओवल ऑफिस में किक मारते हुए देखा जा सकता है, जबकि ट्रंप गेंद को रोकने के लिए अपनी एड़ियों पर घूमते हैं और फिर उसे दर्शक की ओर मारते हैं।

खबर लिखे जाने तक 44 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है और दो मिलियन से अधिक लाइक आ चुके हैं। इस पर सोशल मीडिया यूजर अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं। वहीं कुछ यूजर मजाक भी उड़ा रहे हैं।

एक यूजर ने लिखा, जिस तरह से मैं ट्रम्प को गेंद को सिर से मारने के लिए झुकते हुए देखता हूं, वह इसे और अधिक हास्यास्पद बनाता है, जबकि दूसरे ने कहा, नफरत करने वाले कहेंगे कि यह एआई है। वहीं एक अन्य यूजर ने कहा, भाई, मुझे सचमुच लगा कि यह कोई मीम पेज है। यह अमेरिका के राष्ट्रपति हैं। हाहा।

गौरतलब है कि ट्रंप और रोनाल्डो की मुलाकात सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के सम्मान में व्हाइट हाउस में आयोजित डिनर के दौरान हुई। अपने भाषण में ट्रंप ने रोनाल्डो का जिक्र करते हुए कहा कि उनका सबसे छोटा बेटा बैरन पांच बार बैलन डी और पुरस्कार विजेता रोनाल्डो का बहुत बड़ा प्रशंसक है। उन्होंने रोनाल्डो को अपने किशोर बेटे से भी मिलवाया।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत सेवा का अधिकार सप्ताह

# आमजन तक तेजी से पहुंचेगी सरकारी सेवाएं - हर लाभुक को मिलेगा उसका अधिकार: मंत्री






**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार से जिले भर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार सेवा का अधिकार सप्ताह शिविर का शुभारंभ हुआ। इसी क्रम में गोमिया प्रखंड के पचमो पंचायत को लेकर मध्य विद्यालय रहावन में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार सेवा का अधिकार सप्ताह शिविर में सूबे के मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता विभाग योगेंद्र प्रसाद महतो, पूर्व विधायक एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी व बीडीओ- सीओ शामिल हुए। मौके पर अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि सेवा का अधिकार सप्ताह राज्य सरकार की उन प्राथमिक पहलों में से एक है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों तक सरकारी सेवाएं समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पहुंचाना है। पंचायत स्तर पर आयोजित ऐसे शिविर ग्रामीणों को आवश्यक प्रमाण पत्रों, योजनाओं और सेवाओं से सीधे लाभान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मैं जिला प्रशासन बोकारो के प्रयासों की सराहना करता हूं और विश्वास है कि इस अभियान के माध्यम से हर पात्र लाभुक तक सुविधाएं शीघ्रता से पहुंचेंगी। वहीं, चास प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भण्डो में आपकी योजनाझआपकी सरकाराझआपके द्वार एवं सेवा का अधिकार सप्ताह अंतर्गत आयोजित विशेष शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से विधायक बोकारो श्वेता सिंह, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार शामिल हुईं। शिविर में भण्डो एवं तुरीडीह पंचायत के ग्रामीणों में उल्लेखनीय उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में लाभुक अपनेझअपने आवेदनों के साथ विभिन्न विभागों के स्टॉलों तक पहुंचे। विधायक, डीडीसी एवं अन्य अधिकारियों ने सभी स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा प्राप्त आवेदनों की अद्यतन स्थिति और निपटान की प्रगति की जानकारी ली। मौके पर ही आवेदनों की स्वीकृति, परिसंपत्ति व प्रमाण पत्रों का वितरण शिविर के दौरान कई योजनाओं से संबंधित आवेदनों को ऑन-द-स्पॉट स्वीकृति प्रदान की गई। पात्र लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र - परिसंपत्तियां, सामाजिक सुरक्षा पेंशन संबंधी अनुमोदन झ प्रमाण पत्र आदि का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक बोकारो श्वेता सिंह ने कहा कि सेवा का अधिकार सप्ताह प्रशासन की पारदर्शिता और संवेदनशीलता को सीधे जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को उनके अधिकार और सरकारी योजनाओं का लाभ उनके ही पंचायत में उपलब्ध कराया जा रहा है, यह सरकार की एक सराहनीय पहल है। मैं आशा करती हूँ कि जिले के हर पात्र लाभुक तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे और कोई भी नागरिक आवश्यक सेवाओं से वंचित नहीं रहे। प्रशासन और जनता के बीच संवाद और विश्वास मजबूत करना ही हमारा साझा लक्ष्य है। मौके पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने स्पष्ट कहा कि प्रशासन आम जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है। पात्रता पूर्ण करने वाले प्रत्येक नागरिक को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।

**शिविरों में प्राथमिकता से लिए जा रहे आवेदन**

जिले भर में सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत आयोजित शिविरों में विशेष रूप से निम्न आवेदनों जाति प्रमाण पत्र, नया राशन कार्ड व राशन कार्ड सुधार, भूमि प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, दाखिलझखारिज (म्यूटेशन), भूमि मापी (सर्वे/मेजरमेंट), भूमि धारण प्रमाण पत्र (एलपीसी), सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के आवेदन से संबंधित आवेदन लिए गए। वहीं, इन सेवाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

**सभी प्रखंडों में वरीय पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण**

सेवा का अधिकार सप्ताह को प्रभावी व पारदर्शी बनाने हेतु उपायुक्त (डीसी) ने सभी प्रखंडों में जिले के वरीय पदाधिकारियों को पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। उन्होंने अपने-अपने आवंटित प्रखंडों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण कर सेवाओं की उपलब्धता और जनता की सहभागिता की समीक्षा की। चंद्रपुरा प्रखंड में निदेशक डीपीएलआर मेनका, चंदनकियारी प्रखंड में एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, जरीडीह प्रखंड में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, पेटरवार प्रखंड में जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज, नावाडीह प्रखंड में एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ, बेरमो प्रखंड में जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालको,कसमार प्रखंड में जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा एवं गोमिया प्रखंड में जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. शफीक आलम। इन अधिकारियों ने शिविरों में प्राप्त आवेदनों, निपटान की गति, शिकायत समाधान तथा योजना लाभ वितरण की विस्तृत समीक्षा की। सुव्यवस्थित शिविर - जनता के लिए सुविधाओं की व्यवस्था ग्रामीणों की सुविधा हेतु शिविर में हेल्प डेस्क, पेयजल व्यवस्था, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, पुलिस विभाग का हेल्प डेस्क, मीडिया सेंटर, ऑन-साइट तकनीकी सहायता - उपलब्ध कराई गई। इन प्रबंधों से ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हुई।

**उपायुक्त ने शिविर के सफल संचालन का किया मॉनिटरिंग**

सेवा का अधिकार सप्ताह के तहत जिले में आयोजित शिविरों के सफल संचालन का दिनभर मॉनिटरिंग उपायुक्त (डीसी) श्री अजय नाथ झा द्वारा किया गया। वह सभी प्रखंडों के वरीय नोडल पदाधिकारियों के लगातार संपर्क में रहे। उन्होंने वरीय नोडल पदाधिकारियों व सभी बीडीओ/सीओ को निर्देश दिया कि सभी आवेदनों समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराएं जाएं तथा किसी भी पात्र लाभुक का आवेदन बिना कारण लंबित नहीं रहे, इसे सुनिश्चित करें।

## मंत्री ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोमिया में नवनिर्मित आपरेशन थिएटर का उद्घाटन



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मध निषेध विभाग झारखंड सरकार योगेन्द्र प्रसाद के द्वारा सामुदायिका स्वास्थ्य केन्द्र गोमिया में रक्तदान शिविर एवं नवनिर्मित आपरेशन थिएटर का उद्घाटन किया । सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने माननीय मंत्री के द्वारा आपरेशन थिएटर के उदघाटन के बाद स्वयं ही एक आपरेशन अपने हाथों से किया साथ ही वहां उपस्थित सभी डॉक्टर को निदेशित किया कि यह प्रक्रिया लगातार चलते रहना चाहिए। इस दौरान श्री प्रसाद ने अपने सम्बोधन में कहा कि बोकारो जिला में सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग लगातार कृतिमान स्थापित कर रहा है। सरकार आधुनिक आपरेशन थिएटर, विशेषज्ञ डाक्टरों की पदस्थापना, उपकरणों की उपलब्धता और गुणवत्तापूर्ण सेवाओं का सकारात्मक बदलाव लाने में कृत संकल्पित है। इस आपरेशन थिएटर से गोमिया के आसपास के जनमानस के लिए काफी लाभ होगा क्षेत्र वासियों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी और सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि बोकारो सदर अस्पताल में अभी प्रत्येक दिन आपरेशन किया जा रहा है। आज भी डॉक्टर की टीम ने पथरी औद अपेन्डिस का आपरेशन किया है। यह सुविधा अब धीरे धीरे सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर भी उपलब्ध रहेगा। आम जनमानस से अपील है कि इसका लाभ उठाये। उद्घाटन कार्यक्रम में डॉ जितेन्द्र कुमार प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी गोमिया बोकारो एवं अन्य जनप्रतिनिधि के साथ स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## एमकेएम स्टेडियम के स्वर्णिम 50 वर्ष : विकास की महागाथा




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इस्पात नगरी बोकारो के हृदय में स्थित मोहन कुमार मंगलम स्टेडियम ने अपनी स्थापना के पाँच दशक पूरे कर एक ऐतिहासिक स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश किया है। 1970 के दशक के मध्य में बोकारो स्टील प्लांट द्वारा निर्मित यह विशाल खेल परिसर, जो लगभग 40,000 दर्शकों की क्षमता रखता है, केवल एक खेल मैदान नहीं, बल्कि बोकारो के तकनीकी और सामाजिक-सांस्कृतिक विकास का जीवंत प्रतीक रहा है। 21 नवंबर 1975 को बी एस एल के तत्कालीन प्रबंध निदेशक श्री के सी खन्ना ने स्टेडियम का उदघाटन किया था. स्टेडियम की नींव बोकारो स्टील सिटी के विकास के प्रारंभिक वर्षों में रखी गई थी। तत्कालीन केंद्रीय इस्पात और खान मंत्री श्री मोहन कुमार मंगलम के नाम पर समर्पित यह स्टेडियम, शहर को न केवल औद्योगिक नगर बल्कि खेल के क्षेत्र में एक पहचान देने के उद्देश्य से बनाया गया था। इसका निर्माण इरछ के कर्मचारियों और उनके बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने हेतु किया गया था। यह मुख्य रूप से एक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एक विशाल फुटबॉल स्टेडियम है, जिसमें एथलेटिक्स के लिए 400 मीटर का ट्रैक, और तीरंदाजी तथा अन्य मैदानी खेलों के लिए स्थान मौजूद है। परिसर में खिलाड़ियों के लिए ड्रेसिंग रूम, वीआईपी गैलरी, प्रेस बॉक्स और विभिन्न खेल अकादमियों के लिए प्रशिक्षण सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं. एमकेएम स्टेडियम हमेशा से बड़े आयोजनों का केंद्र रहा है. यहां बोकारो स्टील फुटबॉल कप टूनार्मेंट का आयोजन होता था, जिसकी विजेता टीम 1978-79 में बोकारो स्टील लिमिटेड (बीएसएल) की टीम थी। 1980 में, इस स्टेडियम ने एक यादगार मैच की मेजबानी की, जो कॉसमॉस क्लब रूस और सीमा सुरक्षा बल के बीच खेला गया था। यह आयोजन इरछ के तत्वावधान में आयोजित किया गया था और बोकारो को अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल मानचित्र पर स्थापित करने में सहायक रहा. बीते पाँच दशकों में, यह परिसर असंख्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभाओं का जन्मस्थान और प्रशिक्षण केंद्र रहा है। दिवंगत ओलंपियन और अर्जुन अवॉर्ड विजेता स्वर्गीय पीटर थंगराज (जो एशिया के शताब्दी, 1900-2000, के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपरों में से एक थे) जैसे विश्व विख्यात खिलाड़ियों का नाम इस विरासत से जुड़ा है. यहां प्रशिक्षित अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टर और कॉमनवेल्थ गेम्स स्वर्ण पदक विजेता श्रीमती प्रतिमा कुमारी तथा अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टर और ऐशियन बेंचप्रेस चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता श्री जे. बर्मन ने बोकारो के गौरव को बढ़ाया है। अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षक राजेन्द्र प्रसाद और आर. बी. साह ने भी खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय मार्गदर्शन प्रदान किया है. स्टेडियम ने ऑल इंडिया एथलेटिक्स चैंपियनशिप और ओपन स्टेट चैंपियनशिप की मेजबानी की है, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय एथलीट और एशियाई रिकॉर्ड होल्डरों ने हिस्सा लिया है. वर्तमान में, स्टेडियम में हैंडबॉल, एथलेटिक्स, फुटबॉल इत्यादि खेलों के लिए सुविधा उपलब्ध है। खेल के अलावा, यह बोकारो के सामुदायिक जीवन का अभिन्न अंग है, जहाँ प्रतिवर्ष स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर मुख्य समारोह आयोजित होते हैं. आज दिनांक 21 नवंबर को स्टेडियम की स्वर्ण जयंती के अवसर पर एक समारोह आयोजित किया गया. अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी ने एक गुब्बारा उड़ाकर कार्यक्रम का की शुरूआत की और इस पल को यादगार बनाया. इस दौरान कई पुराने खिलाड़ियों, एथलीटों तथा स्पोर्ट्स विभाग से जुड़े कार्मिकों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया. यह स्वर्ण जयंती वर्ष केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि इस विरासत को संजोने और इसे अगले 50 वर्षों के लिए तैयार करने का एक संकल्प है, जो बोकारो स्टील प्लांट की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित करता है.

**दुबई में आयोजित प्रीमियम नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स में बीएसएल की 'उज्जीवन' टीम को सर्वोच्च सम्मान**

बोकारो स्टील प्लांट ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया है. बीएसएल के सीआरएम-III की सुरक्षा सर्कल टीम 'उज्जीवन' ने दुबई में आयोजित प्रीमियम नेशनल कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कॉन्सेप्ट्स - 2025 में सर्वोच्च श्रेणी 'पार एक्सीलेंस' पुरस्कार जीतकर संगठन का गौरव बढ़ाया है. यह आयोजन क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया द्वारा दुबई में आयोजित किया गया है. इस सम्मेलन में देशभर की अग्रणी संस्थाओं ने 5र, काइजन, सेफ्टी, क्वालिटी सर्कल, एसएमईडी सहित विभिन्न श्रेणियों में भाग लिया. जिसमें बीएसएल के सीआरएम-III विभाग की सुरक्षा सर्कल टीम 'उज्जीवन' ने गुणवत्ता और सुरक्षा के क्षेत्र में अपने नवाचारपूर्ण कार्य, उत्कृष्ट समस्या-समाधान क्षमता और प्रभावशाली प्रस्तुति के आधार पर सर्वोच्च स्थान हासिल किया. टीम के सदस्य राहुल प्रसाद राजक, राहुल कुमार सिंह, सौरभ कुमार दुबे, सुनील कुमार महांता, मनीष कुमार पांडे तथा शिव शंकर मजूमदार ने अपने समर्पण, तकनीकी दक्षता एवं सतत सुधार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया. अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता तक पहुँचने से पहले टीम 'उज्जीवन' का चयन एक कठिन मूल्यांकन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया. इसमें QCFI चैप्टर कन्वेंशन में केस स्टडी, प्रस्तुतियाँ, सुरक्षा सर्कल तकनीकों से जुड़े ज्ञान परीक्षण आदि शामिल थे. इसके साथ ही, चैप्टर कन्वेंशन में स्वर्ण पदक विजेता तीन टीमों के मध्य आयोजित प्रतियोगिता में भी 'उज्जीवन' ने प्रथम स्थान हासिल किया. टीम की तैयारी और प्रस्तुति को सशक्त बनाने में बीएसएल के बिजनेस एक्सीलेंस विभाग एवं सेफ्टी विभाग ने मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान किया. बीएसएल की यह उपलब्धि न केवल गुणवत्ता, सुरक्षा और उत्कृष्टता के प्रति उसकी निरंतर प्रतिबद्धता को प्रमाणित करती है, बल्कि वैश्विक मंच पर बोकारो स्टील प्लांट की क्षमता, नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मकता को भी और अधिक सुदृढ़ बनाती है. बीएसएल शीर्ष प्रबंधन ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर टीम 'उज्जीवन' को बधाई देते हुए इसे संगठन के लिए प्रेरक बताया.

**बोकारो स्टील प्लांट ने 15 साल से बंद रेडियल सेटलिंग टैंक # 5 का जीर्णोद्धार कर परिचालन दक्षता और जल संरक्षण को दिया बल**

बोकारो स्टील प्लांट ने आज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए, प्लांट के जल प्रबंधन विभाग द्वारा जी.सी.पी. (गैस क्लीनिंग प्लांट) क्लोज्ड लूप वाटर सिस्टम के रेडियल सेटलिंग टैंक के जीर्णोद्धार का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया. लगभग पंद्रह वर्षों से बंद पड़े इस प्रमुख उपकरण को पुनः सक्रिय करने से प्लांट की परिचालन दक्षता और पर्यावरणीय प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार होगा. यह चुनौतीपूर्ण जीर्णोद्धार कार्य मुख्य महाप्रबंधक (उपयोगिताएँ) श्री संजीव रंजन सिंह की अगुवाई में जल प्रबंधन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों श्री अंकित कुमार, श्री शरद गंगवार, श्री संजय आनन्द, श्री परिमल ओझा, श्री बैद्यनाथ राम, श्री मनोज कुमार, श्री फिलीप किस्कु की समर्पित टीम द्वारा संपन्न किया गया. इस प्रयास में विभिन्न सहयोगी विभागों जैसे शॉप्स, एम.आर.डी. और यांत्रिकी का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, जो अंतर-विभागीय सहयोग की भावना को दशार्ता है. यह RST # 5 अब ब्लास्ट फर्नेस गैस क्लीनिंग की गुणवत्ता में सुधार करने में सहायता करेगा, जिससे प्लांट के उत्पादन मानकों को मजबूती मिलेगी. क्लोज्ड लूप सिस्टम की दक्षता बढ़ने से जल की बबार्दी काफी हद तक कम हो जाएगी, जो जल संरक्षण के प्रति बीएसएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है. इस सफलता के साथ ही, जल प्रबंधन विभाग ने दुसरे रेडियल सेटलिंग टैंक के जीर्णोद्धार की प्रक्रिया भी प्रारम्भ कर दी है, जो निरंतर तकनीकी उत्कृष्टता की ओर प्लांट के प्रयास को दशार्ता है. जीर्णोद्धारित RST # 5 का विधिवत उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) प्रिय रंजन एवं अधिशासी निदेशक (परिचालन) अनूप कुमार दत्त द्वारा किया गया. इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक रिफ्रैक्ट्री नागराजन श्रीकांत और ब्लास्ट फर्नेस के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे, जो इस परियोजना के सामरिक महत्व को दशार्ता है. बोकारो स्टील प्लांट के वरिष्ठ नेतृत्व ने इस जीर्णोद्धार को प्लांट की सतत सुधार और संसाधन प्रबंधन की नीति का एक सशक्त उदाहरण बताया. यह परियोजना बोकारो स्टील प्लांट की अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग कर परिचालन दक्षता बढ़ाने और पर्यावरण की जिम्मेदारी के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है.

## ईडी की कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमारी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कारोबारियों के ठिकानों पर आज अहले सुबह से ईडी की छापेमारी चल रही है।. सरायढेला के देव विला और कुसुम विहार समेत 10 से अधिक ठिकानों पर ईडी की छापेमारी जारी है. फिलहाल यह कहा नहीं जा सकता है कि किस मामले में छापेमारी चल रही है. लेकिन कई तरह के आरोप इन कोयला कारोबारियों पर पूर्व में भी लगे हैं.मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस भी मौजूद है। पहले भी आय से अधिक संपत्ति का मामला हो या फिर आउटसोर्सिंग को लेकर, इनके कई मामला उजागर होते रहें हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अनिल गोयल, संजय उद्योग, एल बी सिंह और अमर मंडल के नाम वाली संस्थाओं के ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि इस मामले में बड़े पैमाने पर कोयला चोरी शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये का भारी वित्तीय नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल में कोयले के कथित अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की जांच के तहत दुगार्पुर, पुरुलिया, हावड़ा और कोलकाता जिलों में लगभग 24 परिसरों की तलाशी ली जा रही है। धनबाद के बड़े कोयला कारोबारी एलबी सिंह (लालबहादुर सिंह)समेत झारखंड-बंगाल के दर्जन भर से अधिक कोयला कारोगारियों के ठिकाने पर प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी चल रही है। शुक्रवार सुबह की ईडी की अलग अलग टीम कोयला कारोबारियों के ठिकानों पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। फिलहाल ईडी की ओर से मामले कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है लेकिन जिस स्तर पर कार्रवाई चल रही है उससे बड़े खुलासे की उम्मीद है। धनबाद में एलबी सिंह और भाई कुम्भनाथ सिंह सरायढ़ेला स्थित देव विला एवं झरिया शमिला बहाल में स्थित पुराने घर में भी छापेमारी चल रही है। इसके अलावा संजय खेमका, अनिल गोयल के ठिकानों पर भी ईडी की टीम पहुंची है। अब तक की जानकारी के अनुसार झारखंड के 18 और बंगाल के लगभग 22 ठिकानों पर छापेमारी हो रही है। धनबाद,दुगार्पुर, हावड़ा, कोलकाता और पुरुलिया में कार्रवाई की सूचना है। कोयले के अवैध कारोबार से लेकर मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा मामला बताया जाता है। एलबी सिंह की कंपनी देवप्रभा बीसीसीएल में आऊटसोर्सिंग पैच में खनन करती है।

## 'आपकी पूंजी आपका अधिकार' शिविर का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वित्तीय सेवा विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित 'आपकी पूंजी - आपका अधिकार' राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत आज लुबी सर्कुलर रोड, कला भवन के सामने स्थित उत्सव भवन में एक व्यापक जागरूकता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जिले के नागरिकों को अनक्लेमड फाइनेंशियल एसेट की खोज, सत्यापन एवं दावा प्रक्रिया से अवगत कराना तथा उन्हें उनका वैध धन प्राप्त कराने में सहायता प्रदान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सह माननीय विधायक, धनबाद राज सिन्हा ने भारत सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान नागरिकों को उनके वित्तीय अधिकारों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है तथा इसके व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक अमित कुमार ने बताया कि धनबाद जिले के 16 बैंकों में कुल 4,28,291 अनक्लेम्ड खाते हैं, जिनमें ₹167.36 करोड़ (31 अगस्त 2025 तक) राशि जमा है। उन्होंने बताया कि इन खातों के निपटान हेतु त्वरित एवं पारदर्शी प्रक्रियाओं को सुदृढ़ कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के प्रबंधक रोशन कुमार घिरिया ने नागरिकों को अनक्लेम्ड राशि की जाँच करने की प्रक्रिया बताई।

## राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर में युवा संसद का आयोजन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोकनगर धनबाद में राजनीति विज्ञान विभाग के द्वारा युवा संसद का आयोजन किया गया, जिसमें उभरते भारत में देश के भावी युवा सांसदों के बीच राजनीति और शासन की समझ दी गई। विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने युवा संसद कार्यक्रम के अवसर पर कहा कि इस तरह का आयोजन विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को राजनीति और शासन से जोड़ना है, युवाओं को राजनीति, समाज नीति से अवगत कराना एवं शासन में उनकी भागीदारी बढ़ाना भी इसका उद्देश्य है। प्राचार्य श्री मिश्रा ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राओं की वक्तृत्व क्षमता बढ़ाने एवं कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में तैयार करने में यह कार्यक्रम सहयोग प्रदान करेगा। शुक्रवार को आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में महिला आरक्षण बिल को पारित किया गया। इस क्रम में सांसदों के बीच काफी नोकझोंक हुई । वहीं प्रश्न काल व शून्य काल में पेपर लीक होना साथ ही असंरचनात्मक विकास से पर्यावरण संबंधी प्रश्न भी पूछे गए। विपक्ष के द्वारा उठाए गए प्रश्नों का सत्ता पक्ष ने उत्तर दिया एवं आश्वस्त किया की पेपर लीक जैसी घटना को लेकर सत्ता पक्ष गंभीर है और इसके लिए कड़े कानून बनाए गए हैं जो काम कर रहा है। सत्ता पक्ष के दो विद्यार्थियों सृष्टि कुमारी बेस्ट स्पीकर व रनर अप सूर्यांश मिश्रा बने साथ ही साथ विपक्ष के दो विद्यार्थियों को जिसमें अंशिका कुमारी को बेस्ट स्पीकर एवं फहद को रनर अप के रूप में पुरस्कृत किया गया। लोकसभा अध्यक्ष के रूप में 12वीं की छात्रा शर्मिष्ठा मुखर्जी ने दायित्व निभाया। कार्यक्रम में शिक्षिका पूनम सिन्हा, शिक्षक विभाष कुमार उपस्थित थे । निर्णायक के दायित्व का निर्वहन सह सचिव दीपक रुइया एवं विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य राकेश कुमार मिश्रा एवं पूनम सिन्हा ने किया। सह सचिव श्री दीपक रुइया ने कहा कि पूरा का पूरा कार्यक्रम सारगर्भित रहा। यह कार्यक्रम विद्यालय के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा क्योंकि इस तरह का आयोजन विद्यालय का पहला आयोजन है। अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान ने कार्यक्रम की सराहना की एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया। युवा सांसदों की कुल संख्या 65 सत्ता पक्ष के सांसद 36, विपक्ष के सांसद 24, महासचिव व अन्य सचिव की संख्या 4 व लोकसभा अध्यक्ष एक शामिल थे। मौके पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया,अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, सह सचिव दीपक रुइया , प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या लीला सिंह, प्रभारी प्रतिमा चौबे, कमलनयन, पार्थ सारथी सरकार, सुमोना दीक्षित एवं छंदा बनर्जी ने उपस्थित थीं।

## कई बार जनता दरबार में फरियाद की लेकिन समाधान नहीं हुआ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्वास्थ्य विभाग में राइडर कंपनी के तहत कार्यरत कर्मियों को पिछले चार महीने से मानदेय का भुगतान नहीं होने से आक्रोश बढ़ता जा रहा है। लगातार मानदेय में हो रही देरी से परेशान ये कर्मी कई बार बोकारो डीसी के जनता दरबार में अपनी फरियाद लेकर पहुंचे, लेकिन उनकी शिकायतों का समाधान अब तक नहीं हो पाया है। एक बार फिर बड़ी संख्या में कर्मी जनता दरबार पहुंचे और कंपनी द्वारा चार महीने से मानदेय नहीं दिए जाने की शिकायत दर्ज कराई। कर्मियों ने बताया कि हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिलता है, जबकि वास्तविक भुगतान नहीं हो पाता। उनका कहना है कि कंपनी की तरफ से चार महीने बाद सिर्फ एक महीने का मानदेय दिया जाता है, जिसके बाद तीन महीने का बकाया फिर से जोड़ दिया जाता है।

## आईआईटी आईएसएम में पोस एक्ट पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आईआईटी आईएसएम में 'बिल्डिंग सेफर वर्कप्लेसः अंडरस्टैंडिंग द पोस एक्ट, 2013' विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला जीजेएलटी में शाम 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें संसाधक के रूप में डॉ. पंकज के. पी. श्रेयस्कर, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, ने सत्र का संचालन किया। कार्यशाला सभी कर्मचारियों (शिक्षण एवं गैर-शिक्षण), छात्रों, शोधार्थियों और प्रोजेक्ट स्टाफ के लिए खुली थी। संस्थान द्वारा पहले ही सभी डीन, विभागाध्यक्षों और सेक्शन हेड्स से व्यापक उपस्थिति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया था, ताकि संस्थान में सुरक्षित और संवेदनशील कार्य वातावरण बनाने के प्रयास और मजबूत हों। अपने संबोधन में डॉ. श्रेयस्कर ने कहा कि किसी भी संस्थान का सुचारू संचालन सिर्फ कानूनों पर नहीं, बल्कि अच्छे प्रबंधन, पेशेवर नैतिकता और आपसी भरोसे पर भी निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि उत्पादकता, ईमानदारी और बौद्धिक स्वतंत्रता वहीं पनपती है, जहाँ खुली चर्चा, मतभेद और लोकतांत्रिक मूल्य को बढ़ावा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि कई संस्थागत विवाद आपसी विश्वास टूटने के कारण पैदा होते हैं, इसलिए संवेदनशीलता और सम्मानजनक व्यवहार बेहद जरूरी है। पोस जैसे कानूनों के तहत बनने वाली समितियाँ अर्द्ध-न्यायिक रूप में काम करती हैं, इसलिए निर्णय हमेशा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों पर आधारित होने चाहिए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com